www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 2 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 81 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

खुला खेल फर्रुखाबादी वाली कहावत आखिरकार एक बार फिर अक्षरशः चरितार्थ हो गई। यूपी के फर्रुखाबाद में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी समाजवादी पार्टी की नेत्री मारिया आलम ने अल्पसंख्यकों से वोट जिहाद का आव्हान कर दिया। उन्होंने भाजपा को वोट देने वालों का हुक्का पानी बंद करने की चेतावनी भी दे डाली है। बंगाल में भी टीएमसी नेता वोटरों को इसी तरह की धमकी चमकी दे रहे हैं। इस तरह के भड़काऊ बयान देकर सुर्खियां बटोरने वाले अहमक नेता हम तो डूबेंगे सनम सबको ले डूबेंगे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

सीएम विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के साथ खाया बोरे-बासी, बोले- मैं गांव का रहने वाला हूं... आपकी समस्या समझता हूं

रायपुर/नवप्रदेश। गांधी चौक में कामगारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुए और उन्होंने श्रमिकों के साथ बोरे-बासी खाया है। विश्व श्रमिक दिवस के मौके पर रायपुर के गांधी चौक में कामगारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुए और उन्होंने श्रमिकों के साथ बोरे-बासी खाया है। साथ ही श्रमिकों को बधाई भी दी है और सभी से बातचीत की है।

श्रमिकों से चर्चा के दौरान सीएम साय ने बताया कि, यहां पर 5 रुपये में बेहद अच्छा खाना मिलता है। रमन सरकार के समय पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत के पहले श्रमिक

आपकी जानकारी के लिए बता दें, भारत के पहले श्रमिक का नाम एन एम लोखंडे है। उन्होंने अपने काम की शुरुआत रेलवे और डाक विभाग से की थी। उनका जन्म 1848 में हुआ था और वे ठाणे के रहने वाले थे।

श्रमिक दिवस मनाने का कारण

इंटरनेशनल लेबर डे हर साल 1 मई को बनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन उनके योगदान और बलिदानों को सम्मानित किया जाता है। श्रमिकों के जरिए बेहतर कार्य के लिए हर परिस्थितियों में संघर्ष करके काम को पूरा किया जाता है।

भारत का पहला श्रमिक विरोध

जानकारी के मुताबिक, भारत का पहला श्रमिक विरोध सन् 1875 में हुआ था। यह विरोध मुंबई में किया गया था। वहीं प्रचीन श्रम संगठन की बात की जाए तो 1918 में मद्रास मजदूर संघ का संगठन बना था।

कर्नाटक में यौन शोषण मामले में मोदी की चुप्पी खतरनाक : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कर्नाटक में महिलाओं के साथ वीभत्स यौन अत्याचार हो रहे हैं लेकिन श्री मोदी ने इस मामले में चुप्पी साधी हैं जो खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं लेकिन श्री मोदी हमेशा की तरह इन घटनाओं को लेकर खामोश हैं। कमाल तो यह है कि कर्नाटक में सब कुछ जानते हुए भी उन्होंने यौन शोषण के आरोपी के लिए उन्होंने जनता से वोट मांगे।

सलमान के अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी करने वाले आरोपी ने किया सुसाइड

मुंबई। बॉलीवुड के सुपर स्टार सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल को गोलीबारी हुई थी। मामले में गिरफ्तार आरोपी ने खुदकुशी कर ली है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। बता दें, आरोपी अनुज थापन ने आत्महत्या कोशिश की थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में सुसाइड किया है। आपको जानकारी हो कि, बॉलीवुड के सुपर स्टार सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल को गोलीबारी हुई।

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की हत्या

नई दिल्ली (ए.)। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ अमेरिका में मारा गया है. गोल्डी बराड़ की हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। बता दें कि गोल्डी बराड़ का नाम पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद मीडिया में चर्चा में बना हुआ था। हालांकि, उसके पहले भी वह कई वारदातों को अंजाम दे चुका था। इसकी शुरुआत 2020 में चंडीगढ़ में चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद साथ हुई।

शाह के एडिटेड वीडियो मामले में दो गिरफ्तार

अहमदाबाद, (वार्ता)। गुजरात में अहमदाबाद शहर की साइबर क्राइम ब्रांच ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम डीसीपी डॉ. लवीना सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि शाह के भाषण का एडिटेड वीडियो वायरल मामले में राज्य के बनासकांठा जिले के पालनपुर की सत्कार सोसायटी निवासी सतीश प्र. वणसोला (36) और दाहोद जिले के लिमखेड़ा के मार्केट यार्ड गेट के सामने निवासी राकेशभाई बा. बारिया (35) को पकड़ लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सावधान... अगले दो दिन तक भारत में पड़ेगी भीषण गर्मी

आईएमडी के अनुसार पूर्वानुमान है कि पूर्वी, दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भीषण लू चलेगी

नई दिल्ली, (वार्ता)। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को पूर्वानुमान जताया कि अगले दो दिन तक पूर्वी भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार होगा।

आईएमडी के अनुसार, आज गांगेय पश्चिम बंगाल के कई स्थानों, ओडिशा, बिहार के कुछ हिस्सों में और कल उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड के अलग-अलग इलाकों में भीषण लू की स्थिति बने रहने का अनुमान है। इसके बाद अगले तीन दिन के दौरान क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति में सुधार हो सकता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में बदलने लगी स्थिति, पारा 42 से उपर

बता दें कि अप्रैल में इस साल छत्तीसगढ़ में बारिश और बादलों की वजह से ज्यादातर दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास या उससे नीचे रहा। रायपुर ही नहीं प्रदेश के किसी अन्य सेंटर में लू का अलर्ट नहीं हुआ है। अब मौसम विभाग ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में फिर से नए सिस्टम बनने का अनुमान जताया है। इन सिस्टम की वजह से अब मौसम में बदलाव होगा। पारा अभी यहां लगातार बढ़ते क्रम पर है। 42 से ऊपर पहुंच रहा है।

इन राज्यों में पारा 44-47 डिग्री तक पहुंचेगा

मौसम विभाग ने कहा, तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, तमिलनाडु, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात और मराठवाड़ा में भी पांच मई तक लू चलने के आसार हैं। गांगेय पश्चिम बंगाल, पूर्वी झारखंड, उत्तरी ओडिशा और रायलसीमा में अधिकतम तापमान तीन मई तक 44-47 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने और उसके बाद कम होने की उम्मीद जतायी गयी है। आईएमडी के मुताबिक ओडिशा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईपी एड्रेस से दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

- विदेश में मौजूद सर्वर से धमकी भरे मेल सुबह करीब 4.30 बजे भेजे गए थे
- मेल में मजहबी संगठन की ओर से खतरनाक बातें लिखी गई हैं

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कई स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर अधिकांश स्कूलों को खाली करा लिया गया। पुलिस ने कहा, कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। हम हर स्कूल की जांच कर रहे हैं और स्कूल प्रशासन के संपर्क में हैं। इस पूरे मामले की जांच में जुटी एजेंसियों को शक है कि ईमेल भेजने के लिए जिस आईपी एड्रेस का इस्तेमाल हुआ है, उसका सर्वर विदेश में मौजूद है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की द्वारका और वसंत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस ने अफवाह करार दिया

दिल्ली के साथ नोएडा और गाजियाबाद के कई स्कूलों में बुधवार को आतंकवादी हमले की धमकी वाली एक ईमेल मिलने के बाद लोगों में डर का माहौल बन गया, लेकिन बाद में पुलिस और सरकार ने इसे अफ्वाह करार दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी स्कूलों को खाली करा लिया। सभी स्कूलों की जाँच की गई है, पर कुछ नहीं मिला।

कटघोरा में लेट आने पर पहले जनता से मांगी माफी फिर, गरजे अमित शाह

- बोले- रामलला के ननिहाल वालों, कांग्रेसियों से जरूर पूछना- ये लोग क्यों नहीं गए राम मंदिर

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ में ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ के कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए बुधवार की दोपहर गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर वार किए। विलंब से सभास्थल पहुंचने पर मौजूद लोगों से माफी मांगते हुए उन्होंने अपना उद्बोधन शुरू किया।

कहा राम तक को कांग्रेस पार्टी ने ठुकराया है। शाह ने कहा- आप तो रामलला के ननिहाल वाले हो, आप कांग्रेस वालों से पूछना.. आप क्यों नहीं गए राम मंदिर। उन्होंने कहा कि, मोदी जी को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी सरकार का 10 साल श्रमिकों के लिए रहा अन्याय काल : कांग्रेस

- कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल और खासकर दूसरे कार्यकाल को श्रमिकों के लिए अन्याय काल बताया और कहा कि इस अवधि में मजदूरों के हित में कोई कदम नहीं उठाए गए है।

पार्टी का मानना है कि मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल में मजदूरों के कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया है। श्रमिकों के लिए इस दौरान कोई नीति नहीं बनाई गई है और उनके साथ अन्याय किया गया है। इसी का परिणाम है कि पिछले एक दशक में श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी दर बढ़ाने की बजाय स्थिर हो गई है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा पिछले 10 साल श्रमिकों के लिए 'अन्याय काल' रहा हैं। सरकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐप-आधारित धोखाधड़ी निवेश योजना में सीबीआई का 10 राज्यों में छापेमारी

चेन्नई, (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को ऐप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से संबंधित एक मामले की जांच के दौरान देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

इस दौरान सीबीआई को लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद हुईं। मामले में सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी निवेश योजना के मामले में कथित धोखाधड़ी के मामले में मिली शिकायत पर उसने मामला दर्ज किया था।

सीबीआई ने बताया कि यह मुकदमा दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया। मुकदमा भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 419,420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 डी के तहत दर्ज किया गया। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड - अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी संलिप्त थे।

कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं : राधिका खेड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गुटबाजी और अंतर्कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस पार्टी के मीडिया के काम में दखलअंदाजी को लेकर बहस शुरू हुई। तू-तू, मैं-मैं इस कदर बढ़ी की राधिका खेड़ा रोने लगीं। इसके बाद उन्होंने रोते हुए ही इसकी जानकारी पीसीसी चीफ दीपक बैज और पार्टी के बड़े नेताओं को दी। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा बोलीं- कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं, बैज बोले- ये कोई बड़ी बात या मामला नहीं है।

अब प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के पीठ पीछे रायपुर रेलवे स्टेशन पर ही दो प्रवक्ता आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच तू-तू, मैं-मैं से शुरू हुआ विवाद गाली-गलौज तक पहुंच गया। इससे पूर्व प्रभारी महासचिव रहे अमरजीत जब तात्कालीन पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के साथ राजीव भवन में प्रवेश कर रहे भी पार्किंग को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बुधवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किए। श्रीमती मुर्मू ने दौरे की शुरुआत हनुमानगढ़ी मंदिर से की, जहां हनुमान जी का दर्शन कर आरती उतारी। फिर श्रीराम जन्मभूमि की ओर गए। राष्ट्रपति ने जन्मभूमि पर दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने किया।

गरमा-गरम

याचिका... कोविशील्ड निर्माता की यूनाइटेड किंगडम की स्वीकारोक्ति की रिपोर्ट के बाद पहुंचे सुको

कोविड-कोविशील्ड के दुष्प्रभावों की जांच के लिए पहुंचे उच्चतम न्यायालय

- एम्स के निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने की मांग

नई दिल्ली, (वार्ता)। कोविशील्ड वैक्सीन के कथित दुष्प्रभावों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक की अध्यक्षता में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने का निर्देश देने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है।

कोविशील्ड निर्माता की यूनाइटेड किंगडम में टीके के दुष्प्रभावों की स्वीकारोक्ति की रिपोर्ट सामने आने के बाद अधिवक्ता विशाल तिवारी ने यहां यह याचिका दायर की है। यह याचिका 2021 की लंबित एक जनहित याचिका के मद्देनजर दायर की गई है।

याचिका में ये दलील

उन्होंने अपनी याचिका में दलील देते हुए केंद्र सरकार को उन नागरिकों के लिए टीका क्षति भुगतान करने और उसके लिए एक टीका क्षति प्रणाली स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की है, जो कोविड-19 महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान के परिणामस्वरूप गंभीर रूप से विकलांग हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यह एक चिकित्सकीय स्थिति

रिपोर्ट में कहा गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ संबंध को स्वीकार किया है। यह एक चिकित्सीय स्थिति है। कोविशील्ड के निर्माण के लिए कोरोना वायरस महामारी के दौरान एस्ट्राजेनेका के वैक्सीन फॉर्मूले को पुणे स्थित वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया (एसआईआई) को लाइसेंस दिया गया था।

याचिका में ये जानकारी दी गई

याचिका में यह भी कहा गया है, अब कोविशील्ड के डेवलपर द्वारा यूके की एक अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेज के बाद हम भारत में बड़ी संख्या में नागरिकों को दी गई उस वैक्सीन के जोखिम और खतरनाक परिणामों के बारे में सोचने के लिए मजबूर हुए हैं। सरकार को इसके लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के इस मामले से केंद्र सरकार को प्राथमिकता के आधार पर निपटना होगा ताकि, भविष्य में भारत के नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन को लेकर कोई खतरा उत्पन्न न हो।

जैसे डायनासोर गायब हो गए थे, वैसे ही कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी : राजनाथ सिंह

खंडवा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 30 अप्रैल को खंडवा पहुंचे. उन्होंने जिले के पुनासा में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने यहां खंडवा संसदीय क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में ये सभा की. उन्होंने कहा कि बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है. 2014 और 2019 में आपने सरकार बनाई तो काम जन-जन तक पहुंचा. पहले भारत की बातों को दुनिया गंभीरता से नहीं लेती थी. लेकिन, अब दुनिया कान खोलकर भारत की बात सुनती है. भारत का कद तेजी से बढ़ा है. रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध हो रहा था. बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे. उस वक्त हमारे बच्चे मेडिकल, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की वहां पढ़ाई कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि 10 साल बाद बच्चे से पूछोगे तो कहेगा कि कौन कांग्रेस? जैसे धरती से डायनासोर विलुप्त हो गए थे, वैसे कांग्रेस भी गायब हो जाएगी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और

यूक्रेन से बात की. साढ़े 4 घंटे युद्ध रोक दिया गया और हमारे बच्चे सुरक्षित वापस आ गए. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है. यहां विकास की बयार बह रही है. अब हमें विधानसभा और लोकसभा के चुनाव 5 वर्षों में एक बार में करा देने चाहिए. इस बार जो चुनाव होंगे, वो एक साथ कराएंगे, जो संशोधन होंगे वो कर देंगे. उन्होंने कहा कि उज्जैन में भव्य मंदिर, कॉरिडोर, काशी में भी कॉरिडोर, सोमनाथ में भी भव्य मंदिर बन गया है।

रक्षा मंत्री ने फिल्मों का दिया उदाहरण

फ्री राशन पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फखाते ही नहीं होंगे, बचाकर बेचते भी होंगे. कांग्रेस की सरकार में रोटी-कपड़ा और मकान फिल्म बनी थी, उसमें गाना था कि महंगाई मार गई. पीपली लाइव में महंगाई डायन खाए जात है, गाना बना. ये दोनों फिल्में कांग्रेस के शासनकाल में बनी थीं. आज भाजपा के शासनकाल में ऐसी फिल्म नहीं बनती, क्योंकि महंगाई दर कम हुई है.

कांग्रेस को डूबने से कोई नहीं बचा सकता

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है. इसके तल में छेद हो गया है. इसे डूबने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती. भारत में लोकतंत्र की बहाली हो गई है. खुद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को भंग करने की बात कही थी. जनता ने इस बात को पूरा करने की ठान ली है. गरीबी मिटाने की बात कांग्रेस ने बार-बार कहकर जनता की आंखों में झूल झोंकी. आजाद भारत के इतिहास में पहली बार देश में 8 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए. सिंह ने कहा कि आगामी 3 साल में एक घर भी ऐसा नहीं मिलेगा, जो पक्का न हो. कांग्रेस अनर्गल आरोप लगाती है।

कोरबा लोस सीट : कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर, क्या बदलेगा समीकरण!

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कोरबा लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से एकमात्र ऐसी सीट है, जहां से पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। वही वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अब तक हुए तीन चुनाव में दो बार काग्रेस का दबदबा रहा जबकि एक बार बीजेपी का साथ ही अब तक के चुनाव में हर बार जनता यहाँ अपना मुड़ बदल देती हैं जिससे इस बार जनता की मुड़ जान पाना किसी चुनोती से कम नहीं , जबकि पिछली बाद 11 लोकसभा सीटों में कांग्रेस के पास केवल दो ही सीटें थी । हालांकि कांग्रेस के लिए इस बार कोरबा सीट पर जीत हासिल करना बड़ी चुनौती होगी। जिस की वजह हाल ही में हुए कोरबा लोकसभा सीट में शामिल कुल विधानसभा क्षेत्रों में बीते विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के पास मात्र एक सीट रामपुर ही बच पाई है ।जबकि पिछली बार 7 सीटें थी, महज एक सीट भाजपा के पास थी। इस बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने पाली-तानाखार विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी पैठ बढ़ाई है । इसके बाद मामला पहले के मुकाबले पूरी तरह से पलट गया है अब क्या परिणाम आयेगा यह तो चार जून को परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट होगा ।

जबकि कोरबा लोकसभा में चुनाव का रंग अब पूरी तरह चढ़ चुका है। पहले व दूसरे चरण की सीटों पर प्रचार थम गया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में जुटी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 'अबकी बार, 400 पार' का नारा दे दिया है वही काग्रेस क्षेत्रीय दलों के सहारे बीजेपी का विजयरथ रोक लेने की उम्मीद में है । इस चुनावी जंग में एक बात की चर्चा और हो रही है और वह है कांग्रेस का आम जनों के बीच न के बराबर पहुँचना साथ ही कोरिया व एमसीबी जिले के तीन पूर्व विधायकों का सहरी व ग्रामीण इलाकों में कम दिखना ।

क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे

भू-विस्थापन- कोरबा लोकसभा के कुछ हिस्सों में औद्योगिक परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के विस्थापित लोगों को रोजगार, पुनर्वास और मुआवजे का मुद्दा अभी भी बना हुआ है।

प्रदूषण- कोरबा में एनटीपीसी, बाल्को, लैंको जैसे बिजली संयंत्रों और कोयला खदानों से निकलने वाले धुएं और राखड़ धूल के कारण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है।वही कोरिया व चिरमिरी में कोल डस्ट एक प्रमुख समस्या हैं ।

स्वास्थ्य पर प्रभाव - कोरबा लोकसभा के कोरबा ,कोरिया व एमसीबी जिले के कुछ ग्राम पंचायतों में फ्लोराइड युक्त पानी के कारण हड्डियों की विकृति और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं जिस पर आज भी ध्यान देने की जरूरत हैं ।

विकास पर ध्यान - बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी सुविधाओं का अभाव वही आज भी राज्य से अन्य राज्यो में जाने ट्रेन सुविधा का अभाव लंबे समय से प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थल में सीधे ट्रेन सुविधा की मांग पर किसी सांसद ने अब तक नही दिया ध्यान ।

इस तरह बदल गया कोरबा का समीकरण

विदित हैं कि वर्ष 2019 में कांग्रेस ने कोरबा लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में 26 हजार 349 मतों से जीत हासिल की थी । उस समय रामपुर और पाली-तानाखार में ही सबसे अधिक बढ़त मिली थी । संयुक्त कोरिया जिले के तीनों विधानसभा बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़ और भरतपुर-सोनहत में पार्टी पिछड़ी थी, जहां पिछली बार तीनों सीट पर कांग्रेस के विधायक थे ।हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद 6 सीटों के परिणाम के आधार पर भाजपा की लीड 50 हजार से अधिक है । सर्वाधिक लीड मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, भरतपुर-सोनहत और मरवाही में है, जहां 50 हजार से अधिक की लीड है । राज्य के अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर शोर से शुरू हो चुकी है, लेकिन इस बार कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं है । वही कोरबा लोकसभा सीट में आठ विधानसभा पड़ते हैं । यह सामान्य वर्ग की सीट है, लेकिन कोरबा लोकसभा में रामपुर, पाली तानाखार, भरतपुर सोनहत जैसी सीट भी शामिल है, जो कि आरक्षित विधानसभा सीटें हैं । इसके अलावा कोरबा, कटघोरा सहित मनेंद्रगढ़, बैकुंठपुर और मरवाही विधानसभा सीट भी कोरबा लोकसभा में शामिल है जो कि सामान्य सीट हैं । इसलिए कोरबा लोकसभा के सीट में शहरी के साथ ही आदिवासी मतदाताओं की संख्या भी काफी अधिक है। इसलिए सिर्फशहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के वनांचल और गांव में रहने वाले आदिवासी भी यहां से अपना प्रतिनिधि चुनते हैं जिस कारण इनका वोट ही किसी भी प्रत्याशी के जीत हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

सुबह उठेंगी, तो जादू से महिलाओं के अकाउंट में आएगा एक लाख..

भिंड में बोले राहुल गांधी, बीजेपी पर जमकर बरसे

भिंड। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 30 अप्रैल को मध्य प्रदेश भिंड जिले पहुंचे. उन्होंने यहां मंच से कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हम महालक्ष्मी योजना लागू करेंगे. हम गरीब परिवारों की सूची बनाएंगे. हर परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपया बैंक अकाउंट में जाएगा. महिलाएं सुबह उठेंगी, तो जादू से उनके अकाउंट में ये पैसा आ जाएगा. उन्होंने संविधान की किताब को हाथ में लेकर बताया कि यह जनता की आत्मा है. मैं इस सरकार से पूछना चाहता हूं कि आरक्षण के खिलाफअग्निवीर योजना निजीकरण में क्यों की.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा मैं पूछना चाहता हूं कितने किसानों का कर्ज माफ किया, कितने मजदूरों का कर्ज माफ किया. अयोध्या में भगवान राम मंदिर को लेकर राहुल ने कहा कि मंदिर के निर्माण के समय बॉलीवुड के एक्टर थे. देश का एक भी किसान, गरीब मजदूर नहीं दिखा, एक दलित-पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नहीं दिखा. राम मंदिर और पार्लियामेंट के शिलान्यास के अवसर पर आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाया. नोटबंदी और गलत जीएसटी लागू की. इसलिए देश में आज सबसे ज्यादा महंगाई है. महिलाएं भी देश में 8 घंटे मजदूरी करती हैं. सरकार ने महिलाओं को 8 घंटे घर में काम

करने का पैसा दिया. लेकिन, इंडिया गठबंधन की सरकार महिलाओं को पहली बार घर में काम करने का भी पैसा देगी।

युवाओं के हमारी नई योजना : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम युवाओं के लिए भी अलग योजना लेकर आएंगे. उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगपतियों के बच्चे कंपनी में जाकर अप्रेंटिस करते हैं. 6 महीने की नौकरी करते हैं, एक साल की नौकरी करते हैं और उन्हें अच्छा खासा पैसा मिलता है. उनकी ट्रेनिंग होती है. उसके बाद उनको परमानेंट नौकरी मिलती है. इंडिया गठबंधन की सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी होगी जो हर ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे. हम प्राइवेट सेक्टर में भी परमानेंट नौकरी की व्यवस्था करेंगे. उन्हें प्राइवेट नौकरी में भी पेंशन मिलेगी. भेल, इंडियन आयल जैसी कंपनियों में, सरकारी ऑफिस में, सरकारी अस्पतालों में, सरकारी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में युवाओं को 1 साल की पक्की नौकरी मिलेगी. ट्रेनिंग मिलेगी।

आईटी पास ऑउट, यूके रिटर्न... कौन हैं सतपाल रायजादा

अनुराग ठाकुर के खिलाफ लड़ेंगे चुनाव

ऊना। हिमाचल प्रदेश में लंबे मंथन और जद्दोजहद के बाद आखिरकार कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने बचे हुए दो प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया. हमीरपुर सीट से कांग्रेस ने ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को टिकट दिया गया है. वहीं, कांगड़ा से आनंद शर्मा को उतारा है. ऐसे में अब हमीरपुर सीट से अनुराग ठाकुर के सामने सतपाल रायजादा होंगे। जानकारी के अनुसार, सतपाल रायजादा 52 साल के हैं. उन्होंने 10वीं पास करने के बाद आईटीआई में डिप्लोमा किया था. फिर वह इग्लैंड में नौकरी करने चले गए थे. लगभग 8 साल इंग्लैंड में रहकर वहां से लौटे. साल 2012 में उन्होंने पहली बार कांग्रेस की तरफ से विधायक का चुनाव लड़ा. हालांकि, इसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा. 2017 में फिर से कांग्रेस ने उन पर विश्वास दिखाया और उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे सतपाल सत्ती को मात दी और पहली बार विधानसभा की दहलीज लांघी। हालांकि, वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में लगभग 1736 मतों से उन्हें सतपाल सत्ती से हार का सामना करना पड़ा. रायजादा मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सुक्खू का काफी करीबी हैं. इसका उन्हें राजनीतिक लाभ मिलता रहा है. सतपाल रायजादा होटल व्यवसायी हैं और पिछले कई सालों से सक्रिय राजनीति में रहे हैं.ल

दस करोड़ की चल-अचल संपत्ति

सतपाल रायजादा के पास 10 करोड़ 29 लाख रुपये की चल और अचल संपति है. 2022 के विधानसभा चुनाव में यह जानकारी इन्होंने चुनाव आयोग को सौंपी थी. उनके खिलाफएक पुलिस केस भी चल रहा है. रायजादा के दो बेटे हैं. 2012 में इनकी प्रॉपर्टी 2 करोड़ से ज्यादा थी. साथ ही इन पर 5 करोड़ से अधिक की देनदारी भी है. वहीं, इनके पास डेढ़ करोड़ रुपये की कृषि योग्य जमीन है. इसके अलावा, 86 लाख रुपये की नॉन एग्रीकल्चर लैंड भी है. वहीं, होटल की कीमत सात करोड़ रुपये से अधिक है. बातचीत में रायजादा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की वादा खिलाफी को लेकर वह जनता के बीच जाएंगे. प्रदेश की कांग्रेस सरकार के सवा साल के काम भी लोगों को गिनाए जाएंगे. वह कहते है कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर लंबे समय से संसदीय क्षेत्र से पूरी तरह गायब हैं. जनता से किए गए वादों को निभाने में पूरी तरह असफल रहे हैं और हिमाचल प्रदेश के विकास में केंद्रीय मंत्री का योगदान शून्य है।

रायजादा के पास अनुराग की बड़ी चुनौती

सतपाल रायजादा के सामने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की चुनौती है. यहां से बीते चार चुनाव में अनुराग ठाकुर ने जीत हासिल की है. वह पांचवीं बार यहां से मैदान में हैं. अहम बात है कि कांग्रेस यहां से लंबे अरसे से जीत के लिए तरस रही है. 1996 में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को ऊना जिले से कांग्रेस प्रत्याशी जनरल विक्रम सिंह ने हराया था. लेकिन उसके बाद 1998 से यह सीट भाजपा के पास ही रही है।

वोट नहीं दोगे तो... बिजली काट देंगे' कांग्रेस विधायक की वार्निंग, बीजेपी का तंज 'धमकी के भाईजान'

नई दिल्ली। चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच, कर्नाटक के कांग्रेस विधायक राजू केज ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब वह एक वीडियो में जुगुलतो में मतदाताओं को धमकी देते हुए देखे गए. वीडियो में वह कह रहे हैं कि अगर उन्होंने पार्टी को भारी अंतर से वोट नहीं दिया तो बिजली काट दी जाएगी. चिक्कोडी के कागवाड विधायक की टिप्पणी तब आई जब वह आम चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार कर रहे थे।

कांग्रेस विधायक राजू केज को वीडियो में कहते हुए देखा जा सकता है कि 'अगर आप हमें वोट नहीं देंगे तो हम बिजली काट देंगे. और मैं अपने शब्दों पर कायम रहूंगा.' यह पहली बार नहीं है

कि केज ने इस तरह का विवादित बयान दिया है. चिक्कोडी का कागवाड ऐसी टिप्पणियां करने के लिए बदनाम है. विधायक ने मंगलवार को अपने सार्वजनिक भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक चौंकाने वाली टिप्पणी करने के बाद सुर्खियां बटोरीं थी उन्होंने कहा था कि 'क्या 140 करोड़ की आबादी वाले देश में कोई प्रधानमंत्री नहीं बनेगा? आज का युवा कहता है मोदी तो मोदी है. तुम उसके पीछे क्यों लार टपका रहे हो?'

इससे पहले ममदापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केज ने पीएम मोदी पर आलीशान जिंदगी जीने का आरोप लगाया था। कांग्रेस विधायक की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मतदाताओं को धमकी देने के लिए सबसे पुरानी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी 'मोहब्बत की दुकान' नहीं है और वास्तव में 'धमकी के भाईजान' है।

टीवी कलाकार रुपाली गांगुली और ज्योतिषी अमीय भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। घर घर में अनुपमा के नाम से लोकप्रिय एवं सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रुपाली गांगुली और ज्योतिषी अमीय जोशी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्रीमती रुपाली गांगुली और श्री अमीय जोशी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में श्रीमती रुपाली गांगुली और श्री अमीय जोशी को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख ने पार्टी में विधिवत शामिल किया। तावड़े ने दोनों विभूतियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज श्रीमती रुपाली गांगुली और श्री अमीय जोशी ने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है।

लालू की 'नन्ही परी' के 5, पति के 7 बैंक अकाउंट

पटना। सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपनी और पति की कुल संपत्ति का खुलासा किया है. चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्र के साथ उन्होंने इसकी जानकारी दी है।

रोहिणी ने सोमवार को सारण लोकसभा सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया. राहिणी के नामांकन दाखिल करने के वक्त उनके साथ पूरा लालू परिवार था. खुद लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पार्टी नेता तेजस्वी यादव, भाई तेजप्रताप यादव, और उनकी सबसे बड़ी बहन मीसा भारती मौजूदा थे।

नामांकन पत्र के साथ रोहिणी की ओर से दिए गए शपथ पत्र में कहा

गया है कि उनके पास 15.82 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है, जबकि उनके पति के पास 19.86 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है. सारण लालू प्रसाद यादव की कर्णभूमि रही है. वह कई बार यहां से सांसद चुने गए हैं. हालांकि बीते दो चुनावों से यहां से भाजपा के राजीव प्रताप रूढ़ी चुनाव जीत रहे हैं। रोहिणी आचार्य के शपथ पत्र के मुताबिक उनके पास 2.99 करोड़ की चल और 12.82 करोड़ की अचल संपत्ति है. उनके पति के पास 6.92 करोड़ रुपये की चल और 12.94 करोड़ की अचल संपत्ति है. उनके पास 20 लाख रुपये और पति के पास 10 लाख रुपये की नकदी है. जिस धरती ने लालू को बनाया बड़ा नेता, राजद के लिए उसर हो गई वो मिट्टी, जीत के लिए तरसी पार्टी!

5 बैंक खाते, पटना में कमर्शियल प्रॉपर्टी

आचार्य के पास पांच बैंक खाते हैं. उनके पास कुल 29.70 लाख रुपये के सोने के और 3.85 लाख रुपये के चांदी के गहने हैं. उनके पति के पास सात बैंक खाते और 26.40 लाख रुपये के सोने के गहने हैं. उनके पास 2.80 लाख रुपये के चांदी के गहने हैं. शपथ पत्र के मुताबिक उनका पोस्टल एड्रेस 208, कौटिल्य नगर, एमपी/एमएलए कॉलोनी, पटना है. जबकि उनके पास राजधानी में एक कमर्शियल प्रॉपर्टी है, जिसकी कीमत 68.62 लाख रुपये है. पिता लालू प्रसाद यादव को किडनी दान करने वाली रोहिणी आचार्य नामांकन दाखिल करने के काफी पहले से प्रचार कर रही हैं।

सारण का समीकरण

सारण लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं. 2020 के विधानसभा में यहां की चार सीटों पर राजद और दो पर भाजपा को जीत मिली थी. हालांकि 2019 के लोकसभा में इन सभी विधानसभा में भाजपा आगे थी. 2019 में राजीव प्रताप रूढ़ी ने राजद के चंद्रिका प्रसाद राय को 1.38 लाख वोटों से हराया था. इससे पहले 2014 में रूढ़ी ने राबड़ी देवी को यहां से करीब 41 हजार वोटों से हराया था. 2009 में लालू यादव ने रूढ़ी को 52 हजार वोटों से हराया था. 2004 में लालू यादव यहां से जीते थे. इससे पहले 1977 और 1989 में भी वह विजयी हुए थे. हालांकि राजीव प्रताप रूढ़ी भी यहां से 1996, 1999, 2014 और 2019 में विजयी हुए हैं. यह लोकसभा सीट ठाकुर और यादव बहुल है।

न्यूज गैलरी

अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी करने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में दिनांक 30.04.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति 02 नग दोपहिया वाहन बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहनों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नानू यादव निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नानू यादव से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोल मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नानू यादव से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा दोनो वाहन को चोरी का होना बताया गया।

अवैध रूप से धारधार चाकू रखने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन लाल पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चाकुबाजो व अड्डेबाजो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई! दिनांक 30.04.2024 को मुखबिर से सूचना मिला की भाटा गांव चौक के पास एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से धारधार चाकू रखा है की मुखबिर की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटना स्थल पर रवाना हुआ उक्त आरोपी को पकड़कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से धार धार चाकु रखे मिला आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 196/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी अख्तर खान पिता युसूफखान उम्र 33 वर्ष निवासी रजबंधा मैदान बीजेपी कार्यालय परिसर के पीछे थाना मौदहापारा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया!

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और यू-ट्यूबर्स मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में सोशल मीडिया के माध्यम से आम मतदाताओं को 07 मई को मतदान हेतु प्रेरित करने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स से जुड़े युवा अपनी भागीदारी देंगे। इस प्रस्ताव के साथ आज इन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की एवं मतदान केन्द्रों में इस बार मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा व स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स से चर्चा करते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान के प्रति जागरूक करना एवं देश की प्रगति के लिए मतदान करना सभी का दायित्व है। पिछले निर्वाचन के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर में 6 लाख 7 हजार 646 मतदाता मतदान हेतु नहीं जाते, इन आंकड़ों में किसी भी परिचित, रिश्तेदार, पड़ोसी का नाम न रहें, यह सुनिश्चित करने में सोशल मीडिया उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि मतदान तिथि 07 मई को इस बार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित अवधि में सबसे पहले मतदान कर हर मतदाता अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाताओं की सुविधा हेतु कई नवाचार इस बार रायपुर के मतदान केन्द्रों में किए गए है। शुद्ध पेयजल, नींबू पानी, चिकित्सा दल भी मतदान केन्द्रों में उपलब्ध रहेंगे, साथ ही ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आवश्यकतानुसार पंडाल की व्यवस्था भी इन केन्द्रों में होगी। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं से आह्वान किया है कि रायपुर जिले में मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी सीधे तौर पर प्रदान करने के लिए 05 मई को अपने बूथ को जानों कार्यक्रम के तहत उनके मतदान केन्द्र में आमंत्रित किया गया है, अतः सभी मतदाता 05 मई को अपने मतदान केन्द्र जाकर सुविधाओं की जानकारी लें और 07 मई को अपने परिचितों, रिश्तेदारों के साथ मतदान कर चुनाव के पर्व को देश के पर्व के रूप में प्रतिष्ठित करें।

टीआई ने मेरे निर्दोष पुत्र को 302 के मामले में फंसाया : संगीता केशवानी

रायपुर/ नवप्रदेश। 22 अप्रैल को आर्यन हत्याकांड संगम पैलेस में हुआ था। उक्त मामले में मेरे निर्दोष पुत्र रीतिक केशवानी को घटना स्थल पर नहीं होने एवं उक्त मामले में किसी प्रकार की संलिप्तता नहीं होने के बावजूद भी टिकरापारा थाने की टीआई दुर्गेश रावटे न 50 हजार की रिश्वत नहीं दिए जाने पर धारा 302 के मामले में उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जबरिया मामला बनाकर अदालत में प्रस्तुत किया है। उक्त आरोप टिकरापारा थाने के टीआई रावटे पर संतोषीनगर निवासी टिकरापारा की रहने वाली संगीता केशवानी ने लगाया। संगीता ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त मामले में हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्होंने ने भी रीतिक को नहीं जानने की बात अपने बयान में कही है।

संगीता ने पत्रकारवार्ता में बताया सिपाही राय एवं उनके अन्य तीन सहयोगियों ने उनसे 50 हजार रूपए की स्पष्ट मांग रीतिक को छोड़ने के संबंध में की थी। पैसा नहीं दिए जाने पर टीआई द्वारा जानबूझकर उनके निर्दोष पुत्र को हत्या के मामले में 302 का मामला दर्ज कर फंसाया गया है। संगीता ने उक्त मामले में सीएम विष्णु देव साय एवं पीएम मोदी से मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

पुलिस ने शराब कोचिया को किया गिरफ्तार

रायपुर/ नवप्रदेश। आरोपी साहेब दास सोनवानी के कब्जा से घटनास्थल जोताफाटक के पास तिल्दा मे अवैध रूप से 60 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब जुमला मात्र 10.800 बल्क लीटर कीमती 6600/रू का एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर रखे पकड़ा गया। अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

कांग्रेस का घोषणा पत्र, धोखा पत्र, तुष्टिकरण पत्र अपराधियों को संरक्षण देने वाला : कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवम प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस के आरक्षण वाले मुद्दे और घोषणा पत्र पर पलटवार करते भाजपा के जिला कार्यालय एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया हुए

बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कहकर यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस आदिवासी अनुसूचित जाति ओबीसी सहित सामान्य वर्ग के सभी हक छीन लेना चाहती है उन्होंने कहा कि सम्पत्ति का सर्वे कर संपत्ति को बांट देने और उस पर राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत टैक्स का राग अलापने के बाद यह बात स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी, एससी, ओबीसी विरोधी है वह धार्मिक आधार पर तुष्टिकरण की नीति को आगे बड़ा रही है कौशिक ने अपने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण के तहत किए प्रावधानों से देशवासियों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में लिखी कई आपत्तिजनक बातो में एक और आपत्तिजनक बात सामने आ रही है उसमे लिखा है - ÷हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले।÷ उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों (मुस्लिम पढ़ें) को 'सार्वजनिक कार्य अनुबंध' में उचित हिस्सा मिले? क्या तकनीकी और वित्तीय बोली के साथ धार्मिक कोटा भी होगा? क्या मुस्लिमों के पक्ष में योग्य बोलीदाताओं, जो कि अन्य धर्मों से रहेंगे, की अनदेखी की जाएगी? क्या सार्वजनिक अनुबंध हासिल करने के लिए हिंदुओं को अल्पसंख्यकों के अधीन बनना होगा, भले ही वे स्वयं ऐसा करने में सक्षम हों? क्या कांग्रेस यह कहकर 'टेंडर घोटाला' की नींव नहीं रख रही है?

सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट, कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त से की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा सोशल मीडिया में कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी के फोटो सहित हिन्दुओ की संपत्ति छिनकर मुसलमानों को देने का सपना देखने वाला राहुल बाबा और संपत्ति चोर राहुल जैसे अपशब्दो से संबोधित करते हुये सोशल मीडिया में अपडेट करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध उचित कानूनी, समुचित कार्यवाही किये जाने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा सोशल मीडिया में कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी के फोटो सहित हिन्दुओ की संपत्ति छिनकर मुसलमानों को देने का सपना देखने वाला राहुल बाबा और संपत्ति चोर राहुल जैसे अपशब्दो से संबोधित करते हुये सोशल मीडिया में अपडेट किया गया है। जिसका प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग घोर आपत्ति शिकायत करती है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा धर्म के नाम पर उक्त प्रकार से हिंसात्माक और जाति और धर्म के नाम पर झूठा प्रचार सोशल मीडिया में की जा रही है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के अंतर्गत दण्डनिय अपराध की श्रेणी में आता है।

डिप्टी सीएम साव के हाथों 'द बिरनपुर फाइल्स' फिल्म का गाना रिलीज

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ी फिल्म 'द बिरनपुर फाइल्स' फिल्म का पहला गाना जाग उठे भगवाधारी...रिलीज किया। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि, बेमेतरा जिला के बिरनपुर गांव में भुवनेश्वर साहू की निर्मम हत्या की गई। उसकी पृष्ठभूमि को प्रदर्शित करने का प्रयास हेमलाल चतुर्वेदी और उनकी टीम ने किया है। ये फिल्म समाज में जन जागरण का काम करेगा।

डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ शांति और सद्भावना का गढ़ रहा है। कुछ लोगों ने इसे विषैला बनाने का प्रयास किया। हमारी सरकार ने इस विषय को गंभीरता से लिया है। भुवनेश्वर साहू के साथ जो अन्याय हुआ है, उसके खिलाफ हमने लड़ाई लड़ी है। भुवनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू जी को साजा विधानसभा में प्रत्याशी बनाया, और साजा की जनता ने अपना भरपूर आशीर्वाद दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि भुवनेश्वर साहू की न्याय के लिए साजा और प्रदेश की जनता खड़ी हुई। हमारी सरकार ने उस घटना की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। 'द बिरनपुर फाइल्स' फिल्म जिस सोच के साथ बनाई गई है, इसके लिए पूरी टीम को बधाई देता हूं। लोगों से आग्रह है कि एक बार जरूर इस फिल्म को देखें, किस प्रकार भुवनेश्वर साहू के साध जघन्य अपराध हुआ है, इसकी जानकारी मिलेगी।

कांग्रेस अपने महिला प्रवक्ता के साथ न्याय नहीं कर सकती, तो देश की महिलाओं को क्या न्याय देगी : डिप्टी सीएम साव

रायपुर/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम साव ने कांग्रेस पार्टी में महिला के अपमान को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उनकी राष्ट्रीय स्तर की महिला प्रवक्ता ही सुरक्षित नहीं है। उस कांग्रेस के राज में क्या महिलाएं सुरक्षित रह पाएंगी? श्री साव ने कहा कि, जो महिलाओं को अपने घर में सम्मान नहीं दे पा रहे,जिस पार्टी की महिलाओं की सिसकियां उनके कार्यालयों में गूंजती हो, उस पार्टी से महिला सुरक्षा की अपेक्षा बेमानी है। साव बोले कि, कांग्रेस नारी सम्मान और नारी न्याय की बात करती है।

पढ़ाई में सफलता के लिए मन की एकाग्रता जरूरी : दीदी अंशु

रायपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प प्रेरणा में मन का मालिक बनें विषय पर ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने बच्चों को उपयोगी टिप्स दिए।

ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि मन का मालिक बनने और पढ़ाई में सफलता पाने के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है। हम जिस समय और जो कार्य करते हैं उस समय केवल उसी कार्य के विषय में हमारा ध्यान केन्द्रित होना चाहिए। मन को नियंत्रित करने के लिए अच्छा तरीका यह है कि मन को अपना दोस्त बना लें। अपने मन से बातें करें उसे खाली न रखें। राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति दोनों बढ़ती है। अपने मन को एकाग्र करने के लिए राजयोग सीखना जरूरी है। ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने एकाग्रता के लाभ गिनाते हुए कहा कि इससे हमारी कार्यक्षमता का विकास होता है। कार्य में परिपूर्णता आती है। निर्णय क्षमता का विकास होता है। स्मरण शक्ति बढ़ती है और मन के संकल्प शान्त होते हैं। उन्होंने एकाग्रता की शक्ति बढ़ाने के उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि हमें वही बातें याद रहती है जिसमें हमारी रूचि होती है। इसलिए सबसे पहले हमें अपनी पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करना जरूरी है। कभी भी पढ़ाई को बोझ न समझें। उन्होंने बतलाया कि राजयोग माना परमात्मा से जुड़कर उनसे शक्तियाँप्राप्त करना। राजयोग में स्वयं की पहचान जरूरी है। आत्मा और शरीर का सम्बन्ध मोबाईल और सिम की तरह हैं।

नारी न्याय के महालक्ष्मी योजना भाजपा की विदाई का कारण बनेगी : सुशील शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा कांग्रेस के महालक्ष्मी योजना के बारे में भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नारी न्याय के फार्म के बारे में महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इस फार्म के कारण भाजपा डर गयी है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिये किये जाने वाला वादा है। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में प्रमुखता से वादा किया है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को 1 लाख सलाना मिलेगा, अर्थात 8333 रू प्रतिमाह। भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार मात्र 1 हजार रू. महीना देती है। भाजपा को डर है कि महिलाये भाजपा के खिलाफ मतदान करेगी। कांग्रेस पार्टी ने इसको प्रसारित करने के लिये महिलाओं से फार्म भी भरवाया है। कांग्रेस ने न्याय के लिये गारंटी पत्र भी जारी किया और यह कांग्रेस का राजनैतिक कार्यक्रम है, चुनाव में बात पहुंचाने का तरीका है। कांग्रेस अपने पांचों न्याय की गारंटी पत्र भी जनता के बीच लेकर जा रही है। भाजपा जैसे भी भ्रामक प्रचार कर ले, महिलायें फार्म को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित है और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने को आतुर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महिलाओं को 1 लाख रू. सालाना देने के कांग्रेस के निर्णय को कांग्रेस के कार्यकर्ता 11 लोकसभा क्षेत्रों के हर महिला मतदाता तक पहुंचा रहे है, इस हेतु पार्टी बैनर, पाम्पलेट एवं प्रचार फार्म का सहारा लेगी। जिसके माध्यम से महिलाओं को बताया जायेगा कि कांग्रेस की सरकार उनके आर्थिक उन्नति के लिये कितना बड़ा क्रांतिकारी कदम उठायेगी। पूरा भरोसा है लोकसभा में महिलाओं का समर्थन कांग्रेस को मिलेगा।

विधायक ईश्वर बिरनपुर मामले में गवाही देने कोर्ट क्यों नहीं जा रहे : धनंजय सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि विधायक ईश्वर साहू बिरनपुर मामले में गवाही देने कोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं? 277 दिन के करीब यह मामला हो गया है और इस दौरान गवाहियों को सात बार से अधिक जमानती वारंट देकर न्यायालय ने गवाही देने बुलाया है।

जब पिता ईश्वर साहू न्यायालय में उपस्थित होकर पूरी घटना के विषय में गवाही देंगे तो ही आरोपियों को सजा मिलेगी और भुनेश्वर साहू को न्याय मिलेगा. प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बिरनपुर मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने ओछी राजनीति की है और जिस प्रकार से न्यायालय के वारंट के बाद भी ईश्वर साहू गवाही देने उपस्थित नहीं हो रहे हैं ऐसा लग रहा है कि भाजपा ईश्वर साहू को राजनीतिक टूल की तरह इस्तेमाल कर रही है और पीड़ित परिवार के न्याय मिलने में बाधा उत्पन्न कर रही है।

39वें राष्ट्रीय सम्मेलन में जच्च-बच्चा स्वास्थ्य पर कार्यशाला

- इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरीनेटोलॉजी एंड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरीनेटोलॉजी एंड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी (आईएसओपीएआरबी) के संयुक्त तत्वाधान में होटल ट्राइटन में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य पर विभिन्न प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया गया। ÷प्रसवकालीन स्वास्थ्य देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता÷ विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य देश के प्रत्येक कोने में मातृ एवं प्रसवकालीन स्वास्थ्य में सुधार करना था। इस सम्मेलन में प्रसूति एवं स्त्री रोग के साथ-साथ एनेस्थीसिया, बाल्य एवं शिशु रोग एवं रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं नवीन दृष्टिकोण पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेज़बानी पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल द्वारा की गई।

डॉ. सरिता अग्रवाल और डॉ. सुप्रिया गुप्ता के नेतृत्व में कार्यशाला में भाग लेने वाले चिकित्सकों को एडवांस सिम्युलेटर के डेमोस्ट्रेशन (प्रदर्शन) के माध्यम से एक्लेम्पसिया (गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलता) जैसी आपात स्थितियों के प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। हैदराबाद से विशेष रूप से मंगाये गये एडवांस विक्टोरिया सिम्युलेटर का प्रयोग करके मातृ स्वास्थ्य की त्वरित एवं आपातकालीन देखभाल के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी प्रदान की।

कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष डॉ. तृप्ति नगरिया एवं सचिव डॉ. ज्योति जायसवाल ने योनि प्रसव के प्रबंधन, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रसव के परिणामों को बढ़ाने के लिए मूल्यवान तकनीकों को साझा करने पर एक गहन सत्र आयोजित किया।

डॉ. अरूप कुमार माझी और डॉ. हीरालाल कोनार, प्रसूति एवं स्त्री रोग के प्रतिष्ठित लेखक और विशेषज्ञ, कार्यशाला संयोजक डॉ. स्मृति और डॉ. तबस्सुम के साथ, योनि जन्म की बारीकियों पर गहराई से चर्चा की।

नवजात एवं मातृ पुनर्जीवन तकनीक का प्रशिक्षण

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ओंकार खंडवाल एवं डॉ. आकाश लालवानी के नेतृत्व में बाल्य चिकित्सा विभाग द्वारा नवजात पुनर्जीवन तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

स्नातक शिक्षा को आगे बढ़ाना

आइसोपर्ब के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. नारायण जना (कोलकाता), डॉ. रुचि किशोर और डॉ. डहरवाल के नेतृत्व में लेबर रूम प्रोटोकाल में व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से स्नातक शिक्षण को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक प्रगति के रूप में इस पहल पर प्रकाश डाला।

डीआईटी ने यूको बैंक के केस में की सम्पत्ति कुर्क

रायपुर/नवप्रदेश। माननीय न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर म.प्र. एबम छ.ग. वसूली अधिकारी वातस्ल्य कुमार के निर्देश पर कोर्ट कमिश्नर एडव्होकेट महेश पाण्डेय के द्वारा यूको बैंक मुख्य शाखा रायपुर छत्तीसगड के एनपीए खाता सूची अनीता पुरन लाल भारद्वाज के स्वामित्व की अचल सम्पनि फ्लैट नंबर 604, ब्लॉक नंबर ए, खुशी टावर, के छठे फ्लोर पर स्थित पी.सी. संख्या 114, वार्ड नंबर 46, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल वार्ड, अम्लीडीह, रायपुर छत्तीसगढ़ को दिनांक 20 अप्रैल 2024 को कुर्क किया गया। कुर्की प्रक्रिया के दौरान अचल सम्पत्ति पर कुर्की वारंट चस्पा, मुनादी करायी गयी। एडवोकेट कमिश्नर महेश पांडे ने बताया कि ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर में यह केस लगभग 23.35 लाख रुपए की वसूली हेतु रिकवरी सर्टिफिकट निष्पादन के लिये 8 साल से लम्बित है।

ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के आदेश पर पुलिस थाना रायपुर के सहयोग से सम्पत्ति की कुर्की की गई। शीघ्र ही अधिकरण द्वारा सम्पत्ति की नीलामी कर बैंक की बकाया राशि वसूल की जाएगी। उक्त कारवाही में बैंक के शाखा प्रवन्धक अशोक कुमार मुख्य प्रबन्धक, रिकवरी एजेंट एवं पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे।

सुविचार

इंसान कुछ ऐसी मिट्टी का बना है कि उसे एक काम से आराम दूसरा काम करके ही मिलता है। - अज्ञात

भड़काऊ बयानबाजी पर रोक जरूरी

इस बार के लोकसभा चुनाव में कुछ पार्टियों के नेता लगातार भड़काऊ बयानबाजी करके माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम जो समाजवादी पार्टी की नेत्री हैं ने बेहद भड़काऊ बयान दे दिया है। उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के आईएनडीआईए के प्रत्याशी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मारिया आलम ने अल्पसंख्यकों से वोट जिहाद करने का आव्हान कर दिया । इसके साथ ही उन्होंने यह धमकी भी दे डाली कि जो अल्पसंख्यक भाजपा को वोट देंगे उनका हुक्का पानी बंद कर दिया जाएगा। जब वे इस तरह का भड़काऊ बयान दे रही थी तो मंच पर उनके चाचा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद भी मौजूद थे। मारिया आलम के इस विवादित बयान को लेकर नया बवाल खड़ा हो गया है। भाजपा नेताओं ने उनके बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। और मारिया आलम पर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। भाजपा नेताओं की शिकायत पर फर्रुखाबाद पुलिस ने मारिया आलम पर एफआईआर दर्ज कर उक्त वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह बंगाल में भी टीएमसी नेता वोटरों को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। टीएमसी के एक विधायक का वीडियो वह्यायरल हुआ है। जिसमें वे एक कॉलोनी के हिन्दी भाषी लोगों को यह धमकी दे रहे हैं कि यदि उन्होंने भाजपा को वोट दिया तो उनकी पानी की पाइप लाइन काट दी जाएगी। गौरतलब है कि बंगाल में तो अल्पसंख्यकों के वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए टीएमसी के नेता इसके पहले भी तरह तरह के हथकंडे अपनाते रहे हैं और भाजपा समर्पित मतदाताओं को प्रताड़ित करते रहे हैं। यहां तक कि खुद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी चुनाव के दौरान भड़काऊ बयानबाजी करती रही हैं। जिसकी वजह से बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसक घटनाएं होती रही हैं। अब यही प्रयोग उत्तरप्रदेश में दोहराने की कोशिश हो रही है जो कतई उचित नहीं है। इस तरह की भड़काऊ बयानबाजी पर कड़ाई पूर्वक रोक लगनी चाहिए। चुनाव आयोग को चाहिए की वह जाति और धर्म के नाम पर विवादास्पद बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही का प्रावधान करें। ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान इस तरह के भड़काऊ बयानों के कारण कहीं कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। राजनीतिक पार्टियों के हाई कमान को भी चाहिए की वे बदजुबानी करने वाले अपने बयानवीर नेताओं की जुबान पर लगाम लगाएं। ऐसे बयानवीर नेताओं के कारण उनकी पार्टी को ही नुकसान उठाना पड़ता है। पिछले कई चुनावों में यह देखा गया है कि भड़काऊ और विवादास्पद बयान देने वाली पार्टियों को जनता ने नकार दिया है। इसके बावजूद यदि विपक्षी पार्टियां इससे कोई सबक नहीं लेती हैं तो जाहिर है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें करारी हार के रूप में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

अफवाह फैलाने वालों पर हो कड़ी कार्यवार्र

देश की राजधानी नई दिल्ली में स्कूलों में बम होने की अफवाह से दिल्ली और एनसीआर में दहशत फैल गई। वहां के लगभग 60 स्कूलों में ईमेल से यह धमकी दी गई की स्कूल को बम से उड़ाया जाएगा। जाहिर है ईमेल से मिली इस धमकी के बाद नई दिल्ली में हड़कंप मच गई और उन स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों छात्रों के साथ ही उनके अभिभावकों में दहशत फैल गई। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस ई-मेल की शिकायत करने के बाद पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आया और सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कराकर विद्यार्थियों को उनके घर भेज दिया गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस, क्राइम ब्रांच, बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड़ सहित अन्य सभी एजेंसियां जांच पड़ताल में जुट गई। जांच के बाद पता चला कि किसी भी स्कूल में कोई बम नहीं है। प्रशासन द्वारा इसकी पुष्टि किए जाने के बाद दिल्ली के लोगों ने राहत की सांस ली है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया है कि नई दिल्ली के स्कूलों में बम की अफवाह उड़ाई गई थी। इसलिए लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। किन्तु अभी भी विद्यार्थी और उनके अभिभावक भयभीत हैं। बहरहाल पुलिस और अन्य एजेंसियां ईमेल भेजने वाले की पड़ताल कर रही है। ऐसा समझा जा रहा है कि विदेश से यह इमेल आया था। अब पुलिस की जांच के बाद ही यह पता चलेगा कि इस तरह की अफवाह फैलाने वाले का उद्देश्य क्या था। गौरतलब है कि इस समय नई दिल्ली सहित पूरे देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। ऐसे में एन चुनाव के बीच इस तरह की अफवाह फैलाने वालों का उद्देश्य क्या है यह जानना बेहद जरूरी है। सवाल यह भी उठता है कि स्कूलों में ही बम की अफवाह क्यों उड़ाई गई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां जल्द ही अफवाह उड़ाने वाले व्यक्ति को अपनी गिरफ्त में लेने में सफल हो जाएंगी। ऐसेह्य अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही भी सुनिश्चत करनी होगी। ताकि भविष्य में दहशत फैलाने वाली अफवाह उड़ाने की कोई भी व्यक्ति हिम्मत न कर पाए।



राजीव खंडेलवाल

सूरत लोकसभा के हुए निर्विरोध निर्वाचन के मामले को लेकर जब कांग्रेस द्वारा भारतीय संविधान की दुहाई दी जा रही हो, तब उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कर (खजुराहो संसदीय क्षेत्र) एवं तीसरे चरण में हो रहे इंदौर लोकसभा से भी कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन वापिस करवाकर भाजपा में शामिल कर, यथासंभव निर्विरोध चुनाव की नई नीति की अचानक आहट इस लोकसभा चुनाव सुनाई देने लगी है। यह स्थिति तब पैदा हो रही है या की जा रही है, जब दोनों लोकसभा क्षेत्र सूरत व इंदौर से लगातार वर्ष 1989 से व खजुराहो से वर्ष 2004 से भाजपा भारी बहुमत से चुनाव जीतती चली आ रही है। ''नैतिकता'' का राजनीति में प्रश्न उठाना तो मूर्खता ही कहलायेगी। ऐसी स्थिति में इस पहलू पर जरूर विचार करना आवश्यक हो जाता है कि क्या ''नोटा'' के रहते हुए एकमात्र बचे उम्मीदवार को ''निर्विरोध'' निर्वाचित घोषित करने की कानूनी स्थिति पर पुनर्विचार का समय नहीं आ गया है? भारतीय संविधान व जन प्रतिनिधित्व कानून में मूल रूप से ''नोटा'' का प्रावधान नहीं था। परंतु ''पीयूसीएल बनाम भारत सरकार'' के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देश के पालन में दिसंबर 2013 में पहली बार मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग ने ''नोटा'' का विकल्प भी मतदाता को दिया, तब भारत नोटा का विकल्प देने वाला विश्व का 14वां राष्ट्र बना।

नोटा विकल्प के रहते ''निर्विरोध'' निर्वाचन कितना औचित्यपूर्ण?

वर्ष 2014 में राज्यसभा के चुनाव में भी नोटा का प्रयोग किया गया। यह एक नकारात्मक प्रक्रिया है, जहां नोटा का कोई चुनावी मूल्य नहीं होता है। यह सिर्फ प्रत्याशी की अयोग्यता को दिखाने में मतदाता को सक्षम बनाता है। लेकिन यह भी सच है कि नोटा एक ''काल्पनिक उम्मीदवार'' होता है, जिस प्रकार भगवान एक लीगल एनटाइटिटी (वैद्य व्यक्ति) होते हैं। ''नोटा'' का मतलब ऐसा ''दंतहीन विकल्प'' है, जो ''समस्त'' उम्मीदवारों को अस्वीकार करने का अधिकार देता है। ''समस्त मतलब सभी'। जब खुद चुनाव आयोग जोर शोर से यह प्रचारित, प्रसारित करता है कि प्रत्येक नागरिक को अपने 'मताधिकार' का उपयोग हर हालत में करना ही चाहिए और 100 परसेंट वोटिंग होना चाहिए, तब ''निर्विरोध'' परिणाम के कारण सूरत लोकसभा क्षेत्र के लगभग 16 लाख वोटर को तथा उनमें से वे युवा वोटर जिन्हें पहली बार मताधिकार का अधिकार मिला है, वे अपने इस अधिकार से वंचित हो गये और उन्हें वोट देते हुए ''सेल्फी'' खींचने का मौका भी नहीं मिल पाया। मतदान न करने पर सजा देने का प्रावधान लाने की वकालत करने वालों के लिए तो निर्विरोध चुनाव एक झटके, सदमे से कम नहीं होगा? ''नोटा'' व वृद्धाश्रम की ''दशा'' व ''दिशा'' एक सी ही है। दोनों ही व्यवस्था समाज की स्वास्थ्य व परिपक्व मानसिकता में कमी के कारण उसकी पूर्ति हेतु ही बनी स्थिति के कारण है। वृद्धाश्रम की आवश्यकता परिवार द्वारा दायित्वों को न निभाने के कारण उत्पन्न होती है। अतः जब समाज और परिवार अपना दायित्व पूर्ण रूप से निभाने में सक्षम होकर निभाने लग जाएगा, तब ''वृद्धाश्रम की सोच'' ही समाप्त हो जाएगी।

इसी प्रकार परिपक्व लोकतंत्र में जनता के पास दो विकल्प होते है सत्ता पक्ष व विपक्ष। कुछ विदेशों में तो विपक्ष भी छाया मंत्रिमंडल बनाकर जनता के बीच अपनी नीति को प्रभावी रूप से ले जाते हैं। परन्तु जहां लोकतंत्र परिपक्व नहीं होता है, तब पक्ष-विपक्ष दोनों के नाकाम व असफल सिद्ध हो जाने की स्थिति में तभी मजबूरी वश ''नोटा'' का प्रावधान कर विकल्प दिया जाता है। परन्तु नोटा का प्रयोग होने के बावजूद मतदाता अपने उद्देश्यों में वस्तुतः सफल नहीं हो पाता है। क्योंकि अंततः ''शासक'' तो दोनों पक्षों में से कोई एक ही बनता है, जिसे न चुनने के लिए नोटा का उपयोग किया गया था। 'नोटा' का बहुमत होने की स्थिति में भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसे ''शासन का अधिकार'' नहीं मिल जाता है। अतः नोटा में वास्तविक परिणाम को लागू करने वाली शक्ति निहित न होने के कारण, जिस मुद्दे को लेकर नोटा का प्रयोग किया गया है, उसकी प्राप्ति न होने से नोटा का आह्वान करना, व्यावहारिक रूप से उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कहीं से कहीं उचित नहीं ठहरता है।

जन प्रतिनिधित्व कानून में संशोधन आवश्यक।

इस बात पर गहनता से विचार करने की आवश्यकता है कि 'नोटा' ''किन'' उद्देश्यों की पूर्ति करता है? अथवा उच्चतम न्यायालय ने जिन उद्देश्यों के लिए इसका प्रावधान करने के निर्देश चुनाव आयोग को दिये थे, की क्या पूर्ति हो रही है? वास्तव में यदि 'नोटा' को 'प्रभावी' बनाना है, तो जन प्रतिनिधित्व कानून में यह संशोधन किया जाना आवश्यक है कि यदि नोटा को अधिकतम वोट मिलते है, तो न केवल चुनाव फिर से होना चाहिए, बल्कि जिन भी उम्मीदवारों को नोटा से भी कम मत मिले है, उन्हें पुनः खड़े होना का अधिकार नहीं होना चाहिए। यद्यपि समय के साथ 'नोटा' की लोकप्रियता बढ़ने के बावजूद अभी तक नोटा ''बहुमत'' हासिल करने में कामयाब नहीं हुआ है। अधिकतम व बहुमत में अंतर है। साथ ही जीत का अंतर नोटा को मिले मत से कम होने पर पुनः चुनाव होना चाहिए। इस तरह की मांग को लेकर एक जनहित याचिका प्रसिद्ध लेखक व मोटिवेशनल (प्रेरक) शिव खेड़ा ने उच्चतम न्यायालय में दायर की है, जिस पर चुनाव आयोग ने नोटिस भी जारी कर दिया है। नवम्बर 2018 में महाराष्ट्र व हरियाणा राज्य में स्थानीय निकायों के चुनाव में संशोधन कर अधिकतम वोट मिलने पर फिर से चुनाव होने का प्रावधान किया गया है। आखिर उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन की मांग से नुकसान किस बात का है? किसका है? हमारे देश में संसदीय प्रणाली है, जहां चुने गये विधायक/सांसद, ही कार्यपालिका के माध्यम से ''शासन'' चलाते हैं। चूंकि नोटा शासक नहीं हो सकता है, अतः आप एक अराजकतावादी स्थिति की ओर 'नोटा' के माध्यम से अग्रसर हो रहे हैं। इसलिए ''नोटा'' का प्रयोग करने वालो से भी ज्यादा बुद्धिमान वे लोग है, जो नोटा का प्रयोग करने वालों के कारणों को ही अपनाते हुए ही समय व खर्च को बचाते हुए वोट ड़ालने ही नहीं जा रहे है, जिस कारण से मत प्रतिशत गिर रहा है। यदि आप नोटा' के समर्थक है, तो वही काम तो मत न ड़ालने से भी हो रहा है। अतः जितना कम प्रतिशत मतदान हुआ है, उसको 'नोटा' ही माना जाना चाहिए। यदि आप नोटा के मतदान को मतदान के कम प्रतिशत के आकडे में जोड़ दें, तो आप देखेगें कि एक बड़ा वर्ग लगभग 40 प्रतिशत से अधिक लोग वर्तमान चुनावी प्रणाली में भाग न लेकर उससे दूर है। तभी आप चैतन्य होकर चिंता से उस तंत्र को विकसित करेंगे, जिस पर विश्वास होकर, लोग ज्यादा संख्या में मतदान करने आगे आयेगा। मतदाता को यह समझना चाहिए कि यह भगवान राम का देश होते हुए भी ''कलयुग'' होने के कारण देश में 'राम राज्य' नहीं है, जहां घर पर 'ताला' लगाने की आवश्यकता नहीं होती थी। अतः यदि आपको कुँआ या खाई, चोर या डाकू में एक किसी एक का चुनाव करना ही है, तब आपने यदि डाकू चुना है, तो वह भविष्य में डाकू से चोर बनने की ओर अग्रसर होगा, ताकि पुनः वह पांच वर्ष के लिए चुना जा सके। और यदि चोर चुना गया है, तो वह ''साहूकार'' बनने का प्रयास अवश्य करेगा। यदि ऐसा नहीं हो पाता है, तब अटल जी के शब्दों में हर पांच सालों में 'रोटी' पलट देना चाहिए ताकि रोटी (लोकतंत्र) जल न सके को अपना लेना चाहिए। तभी लोकतंत्र सुरक्षित रह पायेगा। 2018 में मध्य प्रदेश विधानसभा के हुए चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच मात्र 0.1 प्रतिशत वोट शेयर का अंतर था, जबकि नोटा का 1.4 प्रतिशत वोट शेयर रहा, जो परिणाम को बदल सकता था।

आज का इतिहास

2 मई 1559 स्कॉटिश पादरी जॉन जॉन नॉक्स स्कॉटिश सुधार का नेतृत्व करने के लिए स्कॉटलैंड के विदेशी मुद्रा में लौट आए। 1611 रॉबर्ट बार्कर, द किंग्स प्रिंटर, ने बाइबल के पहले अधिकृत राजा जेम्स संस्करण की पहली छपाई की। 1670 एक रॉयल चार्टर ने हडसन की बे कंपनी को रूपर्ट्स लैंड में फर के व्यापार में एकाधिकार दिया। 1750 कार्लो गोल्डोनी फ्ला बोटेटगा डि कफ्फ का प्रीमियर मैन्टुआ में किया गया। 1757 कोंबंग-बलों ने कोंबांग-हंथवाडी युद्ध को समाप्त करने के लिए बर्मा शहर बर्मा पर कब्जा कर लिया। 1813 ल्यूटन के युद्ध में नेपोलियन ने जर्मन गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की। 1866 कैलाओ की लड़ाई: पेरू के रक्षको ने स्पेनी बेड़े से लड़ाई की। 1885 बर्लिन सम्मेलन में बेल्जियम के राजा लियोपोल्ड द्वितीय ने स्वतंत्र स्टेट कांगो की स्थापना की। 1885 क्री और एस्सेंबोइन की एक छोटी सी ताकत ने नॉर्थ-वेस्ट रिबेलियन के दौरान मूल निवासी सबसे सफल कट कट चाकू की लड़ाई में एक बड़ी कैनेडियन बल को हराया। 1885 गुड हाउसकीपिंग पत्रिका संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली बार के लिए बिक्री के लिए बाजार में लायी गयी। 1918 जनरल मोटर्स के मालिक ने डेवारे के शेवरले मोटर कंपनी को ख़रीदा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

माननीय को इस पर भी

माननीय को इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि कितनी लडकियां लडकों के चड्डी का रंग और चड्डी देखकर कामुक हुई या मरी क्या उस चड्डी वाले कंपनी के पास रिकार्ड है जिसका प्रचार जैकलीन फर्नांडीस करती है क्या यह भ्रामक और विकृत प्रचार नही है !

- एडवोकेट अरून कुमार गुप्ता

ये मेरा नन्हा सा दिल

ये मेरा नन्हा सा दिल देखो कितना बड़ा हो गया है , जिंदगी के धुप छाँव से गुजर गया है ,बड़े बड़े तूफानों से निकल गया है, गम के शैलाबों से भी उभार गया है, ये मेरा नन्हा सा दिल देखो कितना बड़ा हो गया है ।

- नमन कुमार मिश्रा

खास पाती | घर के बहुत करीब लगा था पेड़ गुलमोहर

घर के बहुत करीब लगा था पेड़ गुलमोहर का। रहता था हरा -भरा लदा था सुर्ख नारंगी रंग के फूलों से देता था छाँव हर उस को जो ठहरता था कुछ सुकून के लिए। पर, वह सूख रहा है धीरे -धीरे बिना खाद -पानी के क्योंकि,, खटक रहा है वह उन सभी की नजरों में, जिन्हें आज उसकी जरूरत नहीं है । क्योंकि,, वो भी बूढ़ा हो गया है। शायद,, गुलमोहर का पेड़ अब कभी नहीं दिखेगा क्योंकि, मिटा दिया हैं उसका अस्तित्व जो, उस गुलमोहर की पहचान थी।

- सपना परिहार

न कोई ख्वाब पलने देंगे अब से न राते

न कोई ख्वाब पलने देंगे अब से न रातें जग के ढ़लने देंगे अब से न कोई दिल्लगी की बात होगी न दिल को दिल से मिलने देंगे अब से किसी को ज़ख्म न दिखलाएंगे हम न मरहम पट्टी करने देंगे अब से किसी की आहटों पे भाग कर के न अपने पैर चलने देंगे अब से कि अब से दर्द में आहें न होगी न कोई जख्म बढ़ने देंगे अब से न हम रोएंगे उनके सामने अब न खुद पे उनको हँसने देंगे अब से

- नीरू श्रीवास्तव

यूं लगा अपना ही साया हो गया इस कदर

यूं लगा अपना ही साया हो गया इस कदर वो अब पराया हो गया इस तरह किरदार बदला आपने आपका सच ही नुमाया हो गया दर्दो ग़म है और सितम है ज़िन्दगी ज़ख़्म फिर से इक सवाया हो गया इतने दिन तक दिल में रक्खा आपने आपका कुछ तो किराया हो गया जिस्म से थी बस मुहब्बत आपको रूह का रिश्ता ही ज़ाया हो गया

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

शायद बिलकुल सत्य,, तभी तो

शायद बिलकुल सत्य,, तभी तो थोड़ी देर का गुस्सा बरसों के रिश्तों को तोड़ देता है कभी कभी। गुस्सा सर पे सवार हो उससे पहले ही सोच ले की हम क्या कर रहे हैं कहीं अनर्थ को निमंत्रण तो नहीं दे रहे गुस्से में भी शब्दों का ख्याल रखे किसी के दिल तक चोट न दे हम इसलिए कम बोलने की आदत अच्छी है। **- मधुलिका शुक्ला**

जिस दिन टकराये अनजाने नयनो के कुछ बोल



जिस दिन टकराये अनजाने नयनो के कुछ बोल हूक उठी भीतर अनजानी पीर मिली बिन मोल लाज सिहर सिमटी अनबुझ सी प्यास जगी मन धड़की निजता निज पर तकि अद्भुत आकर्षण अधर फड़कते पाँव थिरकते हृद जाग्रत सौ प्रश्न मिले न उत्तर यह प्रसंग क्या करते यत्न प्रयत्न दिवस दीर्घ निशि ज्यो लघु लगती मन ढूंढे एकांत गूढ़ रहस ये प्रीत पथिक पल में हो ऊर्जित क्लांत मिलन विरह पंथ एक चलते हृदय विषम संग्राम भाव अभाव संग लेकर उड़े मन पंछी अविराम बोल अबोले कह जाते कितना कानो में रस घोल हाथ थाम चल जिधर धीर हो नयनो यूँ मत तोल ।। **- प्रियंवदा अवस्ती**

झूठ का डंका बजाना छोड़िए

झूठ का डंका बजाना छोड़िए। उँगलियाँ सब पर उठाना छोड़िए। बुद्धिमानी चाहते हैं हंस-सी। उल्लुओं के बीच जाना छोड़िए।। युद्ध का परिणाम चाहे जो मिले। कायरों-सा थरथराना छोड़िए।। प्रेम देता संकटों का हल यहाँ। दाँत अपने किटकिटाना छोड़िए। खिलखिलाती जिंदगी हो फूल-सी। व्यर्थ में आँसू बहाना छोड़िए।। शूर-वीरों से डँटे रहिए सदा। संकटों में भाग जाना छोड़िए।।

- दिनेश रोहित चतुर्वेदी

प्रेरक प्रसंग

आत्म-संयम और अनुशासन की शिक्षा

कलकत्ता हाईकोर्ट के जज स्वर्गीय श्री गुरुदास बनर्जी एक बार वायसराय के साथ कानपुर से कलकत्ता के लिए यात्रा कर रहे थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय कमीशन संबंधी किसी आवश्यक चर्चा के लिए वायसराय ने उन्हें अपने ही डिब्बे में बुला लिया। बातचीत के मध्य भोजन का समय हुआ, तो वायसराय ने उनसे भी भोजन पाने का अनुरोध किया। बनर्जी साहब ने उत्तर दिया- मैं रेल में कुछ नहीं खाता। थोड़ा-सा गंगाजल रखे हुए हूँ, वही पी लेता हूँ। वायसराय को विश्वास नहीं हुआ। इतना प्रगतिशील व्यक्ति भी धार्मिक मान्यताओं का इतनी कट्टरता के साथ पालन कर सकता है। उन्होंने कहा- तो फिर अपने लड़के को ही भोजन ग्रहण करने के लिए कहिए। पर बच्चे ने भी इनकार करते हुए कहा- मेरे पास घर की बनी थोड़ी-सी मिठाई है, उसका नाश्ता कर लिया है। अन्य कोई वस्तु ग्रहण न करूँगा। वायसराय आश्चर्यचकित रह गये। उन्होंने कहा- आप लोग उपवास कर रहे हैं, तो मैं ही भोजन कैसे ग्रहण करूँ ? वायसराय की आज्ञा से इलाहाबाद में गाड़ी रोक दी गई। वहाँ बनर्जी ने अपने पुत्र सहित त्रिवेणी स्नान किया, भोजन किया, तो फिर गाड़ी आगे बढ़ी। लौटने पर वायसराय को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा- कुछ खा-पी लेने से किसी की जाति जाती हो-इस संबंध में मेरा कोई तर्क नहीं, पर इन नियमों के पालन से आत्मसंयम और अनुशासन की शिक्षा मिलती है। हमारे धर्म और संस्कृति में जो ऐसी बातें हैं, उनको मैंने इसीलिए हृदय से स्वीकार किया है।

QUIZ TIME

1) कौन सा थर्मल पॉवर स्टेशन अनूपपुर जिले के चचाई में स्थित है?

2) राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मण्डल में कौनसे सदस्य शामिल होते हैं?

3) शकों पर विजयोपरान्त चन्द्रगुप्त द्वितीय ने किस धातु के सिक्के प्रचलित किए?

4) सीपीयू से कम्प्यूटर के परिधीय उपकरणों में डेटा का स्थानांतरण किसके माध्यम से प्राप्त किया जाता है?

5) प्रोजेक्ट नीलगिरि तहर, जो हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अमरकंटक पॉवर स्टेशन (2) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य (3) चाँदी (4) इंटरफेस द्वारा (5) तमिलनाडु

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:55, सूर्यास्त : 18:53, चन्द्रोदय : 25:44, चन्द्रास्त : 11:57, अयन उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास वैशाख, *पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : शुक्ल, प्रथम करण : बव (05:45 तक), द्वितीय करण : बालव (16:56 तक)।

॥गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मेष,चंद्र : मकर, मंगल कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, *केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त, राहुकाल : 13:30 से 15:01, यमगण्ड : 07:32 से 09:09, *दुर्मुहूर्त : 11:58 से 12:50, अमृत काल : 17:12 से 18:44, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:53 से 19:15, सायाह्न सन्ध्या : 18:54 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:35, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, होमाहुती : गुरु (27:11 से राहु), दिशाशूल : उत्तर, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन सफलता वाला है लेकिन अपनी वाणी एवं व्यवहार को संतुलित रखना जरूरी है कम लाभ से संतोष करने से ही दिन का फायदा उठाया जा सकता है।

वृषः आज का दिन शुभ फलदायक रहने पर भी आप इसका पूर्ण लाभ नही उठा पाएंगे। धर्म कर्म में निष्ठा होने पर भी पाप कर्म के प्रति ज्यादा आकर्षण रहेगा।

मिथुनः आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा आपका ध्यान आज कम समय मे ज्यादा लाभ कमाने पर रहेगा लेकिन इसमें सफलता नही मिल सकेगी।

कर्कः आज का दिन प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा लेकिन इसके लिये समय का सदुपयोग करना पड़ेगा ।

सिंहः आज का दिन दौड़धूप वाला रहेगा दैनिक कार्यो की भागमभाग में शरीर की अवहेलना बाद में भारी पड़ेगी।

कन्याः आज के दिन आपकी वैचारिक शक्ति प्रबल रहेगी लेकिन फिर भी अंतर्द्वन्द में ही फंसे रह जाएंगे जिस कार्य को करना आरम्भ करेंगे।

तुलाः आज आपके अंदर तेज की कमी रहेगी मन मे कुछ ना कुछ भय बना रहेगा आस पास का वातावरण भी विपरीत रहेगा छोटी मोटी बातो अथवा हास्य परिहास में भी कलह होने की संभावना है।

वृश्चिकः आज के दिन आर्थिक उन्नति के योग बन रहे है लेकिन साथ ही सामाजिक क्षेत्र पर बदनामी अथवा किसी मामूली बात का बतंगड़ बनने से सम्मान हानि की भी सम्भवना है।

धनुः आज आपका मन संतोषी रहने पर भी अन्य लोगो से स्वयं की तुलना करने पर बेचैन रहेगा।

मकरः आज का दिन लाभदायक बना है इसका लाभ उठायें स्वभाव में थोड़ी उग्रता एवं जल्दबाजी रहेगी प्रत्येक कार्य को बिना सोचे समझे करेंगे जिससे बाद में पछताना पड़ेगा।

कुंभः आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज किसी ना किसी कारण से मानसिक संताप होगा।

मीनः आज का दिन सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान दिलाएगा दिन के आरंभ में किसीकी बेतुकी बात को लेकर क्रोध में रहेगें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -044

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. सल्तनत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. मार्या, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, श्रम, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 043 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	जां	ना
रा	ह	त		न	ज	र		ब
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

न्यूज गैलरी

करंट लगने से छात्रा की मौत

भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र में 8वीं कक्षा में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक लड़की का नाम वैष्णवी साहू है। उसके माता पिता किसी काम से रायपुर गए थे। उस समय वैष्णवी घर पर अकेली थी। शाम अधिक होने वो तार पर सूखे कपड़े उठाने के लिए गई थी। वैष्णवी एक लोहे की छड़ी की सहायता से घर के छज्जे पर सूख रहे कपड़े को निकाल रही थी। इसी दौरान वो स्टिक तार को टच कर गई है और करंट की चपेट में आ गई। घर में कोई नहीं होने से उसे बचाने नहीं आया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उचित प्रबंधन हेतु आज बैठक

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस के दिन हीट वेव के संदर्भ में उचित प्रबंधन एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के संबंध में लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में 2 मई 2024 को प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों को व्यवस्थाओं की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गये हैं।

संपत्तिकर अदायगी पर छूट

दुर्ग। निगम क्षेत्र में रहने वाले कर दाताओं को अप्रैल से जून तक के चालू वर्ष की संपत्तिकर अदायगी पर 6 फीसदी छूट देने का निगम प्रशासन ने फैसला लिया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शहर में निवासरत वार्ड 1 से 60 के संपत्तिकर करदाताओं द्वारा अपने भवनों -भूमियों का सनहाल वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स राशि जमा करने वाले करदाताओं को वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर पर छूट का लाभ दिया जाएगा। जानकारी में राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि अप्रैल से जून तक 6 प्रतिशत छूट, जुलाई से सितम्बर 4 प्रतिशत छूट एवम अक्टूबर से दिसम्बर तक 2 प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते है।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मनरेगा श्रमिकों ने चलाया जागरूकता अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 अंतर्गत चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ श्री अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में आज 1 मई, अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों को शपथ एवं रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद पंचायत पाटन में मनरेगा अन्तर्गत 104 ग्राम पंचायतों में 311 निर्माण कार्यों में 23,697 श्रमिक कार्यरत् हैं। वहीं जनपद पंचायत धमधा में 119 ग्राम पंचायतों में 376 निर्माण कार्यों में 22,629 श्रमिक कार्यरत हैं एवं जनपद पंचायत दुर्ग में 73 ग्राम पंचायतों में 281 निर्माण कार्यों में 17,472 श्रमिक कार्यरत हैं।

इस प्रकार जिले में कुल 63,798 श्रमिक प्रतिदिन कार्य कर रहे हैं। मतदान जन जागरूकता अभियान के तहत श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित कर अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत छावनी जनपद पंचायत पाटन में लगभग 150 श्रमिकों को अजय सिंह राठौर, विजय राठौर, नयना ,ममता, योगिता, श्रेया, अर्नव, सरपंच चौती बाई यादव सचिव दिनेश साहू के विशेष सहयोग से गरम-गरम भोजन परोसा गया। जिसमें खीर, पुड़ी दो सब्जी चांवल का भोजन आहार देकर श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवं मतदान के लिए जन-जागरूकता अभियान एवं रैली तथा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोजगार सहायक भूपेन्द्र मेट देवेश वर्मा, पूर्णिमा धीवर, अन्य मजदूर कामेश्वरी, पूर्णिमा, देव कुंवर, विप्लव, टेकराम, जानकी, हेमा, शशि, सुमन, इंद्राणी, दुर्गा, बिशेशर, जितेश, मनीराम, गंगाराम, देवकी, दुर्गा, साहिल, सुरेश, दुष्यंत, नंदनी आदि श्रमिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा डालिमलता नाग, सरपंच दुलारी बाई यादव, पूर्व सरपंच रोशनी मिश्रा, सचिव प्रदीप कुमार चंद्राकर, रोजगार सहायक निशांत सोनबोईर, चंपालाल यादव, आशा साहू, सनूत कुर्रे, शिव कुमार साहू, केशव साहू, तिलेश्वरी साहू सहित 300 से अधिक मनरेगा मजदूर उपस्थित थे।

कांग्रेस के संविधान बदलने के आरोपों को भाजपा नेताओं ने बताया झूठा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। देश का संविधान बदलने के कांग्रेस के आरोपों को भाजपा ने सिरे से खारिज कर दिया है। इसे लेकर भाजपा के मुख्य लोकसभा चुनाव कार्यालय में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता व मुकेश शर्मा ने संयुक्त रुप से मीडिया से चर्चा में कांग्रेस को जमकर घेरा। विधायक कोर्सेवाडा ने चर्चा में कहा कि भाजपा ने कभी नहीं कहा है कि हम संविधान बदलेंगे। छग प्रवास पर आए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाकर जनता में भ्रम फैला रहे है, जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस सरकार ने अपने पूर्व कार्यकाल में सर्वाधिक 80 बार संविधान में संशोधन किए है। जिसमें डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने 30 बार

और इंदिरा गांधी सरकार ने 25 बार व पंडित जवाहरलाल नेहरु की कांग्रेस सरकार ने 16 बार संविधान में संशोधन कर चुकी है। इंदिरा सरकार ने अपनी कुर्सी बचाने संविधान में संशोधन कर संविधान का उपहास उड़ाया था। डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में स्पष्ट है कि इसकी मूल स्वरुप से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, लेकिन कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या कर दी थी। श्री कोर्सेवाडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वह निराधार ल व झूठा आरोप लगा रही है। भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ सभी वर्गो के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य किए है। जिसे जनता जानती व समझती है।

चर्चा में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि देश के संविधान में कुल 106 बार संशोधन किए गए है। जिसमें कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 80 बार संशोधन किए है। कांग्रेस ने हमेशा संविधान के मूल भावनाओं के साथ छेड़छाड़ कर लोकतंत्र का मजाक बनाया है। भाजपा अगर संविधान का संशोधन करेगी, तो वह राष्ट्रहित में संशोधन होगा, लेकिन लोगों के मौलिक अधिकार कभी छिने नहीं जाएंगे। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भगवान शिव व राम के कथा का आपत्तिजनक वर्णन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी शिव डहरिया को शिव और भाजपा प्रत्याशी को भाजपा के राम के साथ लड़ाई होने की बात श्री खड़गे ने चुनावी सभा में कही थी, उनके इस बयान पर श्री गुप्ता ने श्री खड़गे से पूछा है कि शिव व राम की लड़ाई का उल्लेख किस पौराणिक ग्रंथ में हुआ है ? श्री गुप्ता ने कहा है कि शिव व राम की लड़ाई की बात कहने का अधिकार किसने दिया है। जो कांग्रेस रामसेतू को काल्पनिक बताती है, ऐसे कांग्रेस से और क्या अपेक्षा की जा सकती है।

कांग्रेस गरीबों किसानों एवं मजदूरों की पार्टी है : राजेन्द्र

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्डो में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने सघन जनसंपर्क किया। वे जिस भी वार्ड में गए उनका ऐतिहासिक स्वागत किया और वार्डवासियों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। उन्हें मतददाताओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उनके साथ महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, बृजमोहन सिंह, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद रामानन्द मौर्य, नेहा साहू, केशव चौबे ने सक्रिय सहभागिता दी। सभी वार्डो में जनसभा का आयोजन किया। जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक आम कार्यकर्ता को लोकसभा का टिकिया दिया है मुझ जैसे आम कार्यकता को टिकिट देकर यह संदेश दिया है कि कांग्रेस गरीबों किसानों एवं मजदूरों की पार्टी है। भाजपा उद्योगपतियों की पार्टी है उसने 16 लाख करोड़ का उद्योगपतियों का कर्जा माफ किया है। छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी उसने किसानों का 10 हजार करोड़ कर्जा माफ है। जिससे कर्ज में डूबे किसानों के माथे से चिंता की लकीरों को हटा दिया। कांग्रेस ने स्वामी आत्मानन्द स्कूलों की सौगात दी थी जिसमे सभी को निशुल्क शिक्षा दी जाती थी लेकिन जैसे ही भाजपा की सरकार बनी तब फीस लेना चालू कर दिया है। भाजपा बदले के भावना की राजनीति करती है जंहा जहां कांग्रेस की सरकार थी वहां ईडी के छापे पढ़वाया है।

मजदूर की मौत पर परिजनों ने किया चक्काजाम, 60 लाख मुआवजे की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पाटन फोरलेन सड़क सड़क निर्माण में काम कर रहे एक मजदूर की हाइवा की चपेट में आने मौत हो गई। इसके बाद देवादा गांव के पास बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। हादसा बीती रात हुआ था। सिक्सलेन बनाने वाली कंपनी के अंडर में मजदूर काम कर रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ। इसके बाद गुस्साए परिजन ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। परिजन निर्माण कंपनी से 60 लाख रुपए के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब सिक्सलेन निर्माण करने वाली कंपनी ने मजदूर के परिजन को उचित मुआवजा देने से मना किया तो ग्रामीण भड़क गए। इसके बाद उन्होंने देवादा स्थित सिक्सलेन कंपनी के कार्यालय का घेराव कर दिया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में विरोध दर्ज कराने पहुंच गए। ग्रामीणों ने मिलकर फोरलेन सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। लोग 60 लाख रुपए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पाटन थाना प्रभारी समेत आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सहित जिला प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने में लगे हुए हैं। वहीं, हादसे की जांच भी शुरू कर दी गई है। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेता भी मौके पर पहुंचे हैं।

सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों ने दी विदाई

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम जलप्रदाय विभाग ने पदस्थ दो कर्मचारियों बगस सारथी एवं श्यामलाल यादव के सेवानिवृत्ति होने पर स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई दी। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सेवानिवृत्ति कर्मचारी की निश्चित व्यवस्था है। सही में यह एक दौर की शुरुआत है। सभी कर्मचारियों को इस दौर से गुजरना होता है। उन्होने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल प्रदाय विभाग दोनो कर्मचारी श्री सारथी एवं श्री यादव को एक सच्चे व जिम्मेदार कर्मचारी रहे सेवानिवृत्ति से उपजी उनकी कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी का कुशलता से निर्वहन किया। दो कर्मचारी सेवानिर्वित हुए है इन लोगो ने जल प्रदाय विभाग मे अपनी कार्य को सच्चाई ईमानदारी से निर्वहन किया है। जल प्रदाय विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी इनकी स्वस्थ दिर्धायु की कामना करते हुए सहसम्मान बिदाई दिया गया। बिदाई समारोह पर राजूलाल चंद्राकर जलकार्य निरीक्षक, वंदना श्रीवास्तव, लक्ष्मी साहु, सीमा नायक, सुजाता, भागवत यादव, कोमल यादव, एरिक मसीह, दिनेश, नरेंद्र ठाकुर, राजेश निषाद, राकेश यादव, प्रश्नन पात्रे, राकेश निषाद, पप्पू यादव उपस्थित रहे।

47 हजार की देशी शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने उसके पास से 413 पौव्वा देशी मसाला शराब जब्त किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब बिक्री करने वालो पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 01 मई 24 को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली कि 18 नंबर रोड वृंदा नगर में एक व्यक्ति जो हल्का पीला रंग का शर्ट एवं काला रंग का लोवर पहना हैं और अवैध रूप से देशी मदिरा शराब रखकर ब्रिकी कर रहा हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर उनि0 घनश्याम सिंह नेताम हमराह स्टाफ के मौके पर पहुँचकर मुखबीर के बताये हुलिया वाले व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम सुरेन्द्र प्रसाद पिता छामुल प्रसाद उम्र 36 वर्ष निवासी केम्प 1, 18 नंबर रोड ज्ञानादेय स्कूल के पास वृंदा नगर थाना वैशाली नगर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से मकान के छत में छुपाकर रखे 09 नग प्लास्टिक के बोरी में रखे 413 पौव्वा शोले देशी मसाला शराब किमती 45430/रूपये एवं बिक्री रकम 1520/- रूप्ये कुल जुमला 46950 रूप्ये को समक्ष गवाहो के जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना वैशाली नगर में अप0-98/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध करते हुये आरोपी को दिनांक 24. 04.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजन को देते हुये ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

लोकतंत्र का महापर्व है सभी चुनें सही चुनें : डॉ. गागंये

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। शहर के चिकित्सा डॉ सुधीर गागंये ये दुर्ग जिले में 7 मई को होने जा रहे तीसरे चरण के चुनाव मे जिलावासियों से मतदान करने की अपील की है। डॉ गागंये ने कहा कि

सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेना चाहिए मतदाता सभी चुने सही चुनें... चुनाव में हर मतदाता अपने मत द्वारा चुनें सही उम्मीदवार। डॉ गागंये के अनुसार मतदान के दिन हमें इस देश दिशा तय करने का अवसर मिलेगा। हम एक मतदाता के रूप में ऐसे प्रत्याशी को चुनें जो हमारी समस्याओं का ध्यान रखें, उनका निराकरण करवा सके। सरकार द्वारा हमें मतदान करने छुट्टी भी दी जाती है। इसका उपयोग हम केवल मतदान के लिए ही करें क्योंकि देश का नेतृत्व सही होगा, तभी हमारा जीवन भी सही रह पाएगा। हमें अपने आसपास के देशों की स्थिति को भी देखनी चाहिए, जहां पर लोगों को मतदान में भाग लेने तक का अवसर नहीं दिया जाता। हमारे देश में पूरी स्वतंत्रता है, कि कौन किसे अपना मत देगा यह स्वयं तय करें। लोगों को भी जागरुक करें और उन्हें मतदान के लिए संभव हो तो अपने साथ ले जाएं क्योंकि देश रहेगा तो हम रहेंगे।

शिविर में बच्चे सिखेंगे जीवन जीने की कला

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। श्रमण संघीय आवासीय जैन संस्कार शिविर आज जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तलाब में प्रारंभ हुआ। गंजपारा से जय आनंद मधुकर रतन भवन तक शिविर में हिस्सा लेने वाले शिवरार्थीयों की प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें साध्वी विजय, साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी अपने साध्वी समुदाय के साथ श्रमण संघीय आवासीय जैन संस्कार शिविर में पहुंची। जहां लगभग 180 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया। जिन्हें छोटे-बड़े अलग-अलग भागों में विभक्त कर ग्रुप बनाया। जिसमें जय आदिनाथ, जय महावीर, जय गौतम स्वामी, जयचंदन बाला, जय ब्राम्ही, जय आनंद ग्रुप में 7 अलग-अलग कक्षाएं संचालित होगी। साध्वी विजय व प्रियदर्शना श्रीजी के सानिध्य में आयोजित शिविर में बच्चे जीवन नवनिर्माण के साथ-साथ धार्मिक अध्यन सूत्र सीखेंगे साथ ही आत्मध्यान, संस्कार, संगीत स्पर्धा, भाषण कला, मर्यादा अनुशासन, धार्मिक खेल, शुद्ध सामायिक सम्यक तप आहर। शुद्धि के अनेक गुण साध्वी समुदाय की निश्रा में सिखेंगे और उसे अपने जीवन में अपनाने हेतु साध्वी समुदाय एवं आनंद मधुकर रतन पाठशाला के शिक्षिका इस दिशा में प्रेरित करेंगे। धार्मिक अध्यन संस्कार शिविर में साध्वी विचक्षणा, साध्वी तरुलता, साध्वी सुकृति, साध्वी सुप्रज्ञप्ति धार्मिक अनुशासन के साथ-साथ जीवन को आनंद के साथ जीने के गुण सिखाएंगी। शिविर में व्यक्तित्व विकास के लिए अतिथि वक्ता के कई हुनर सिखाएंगे। यह शिविर 9 दिवसीय होगा।

नगर पालिका ने रावणभाठा में चलाया हस्ताक्षर अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र अंतर्गत रावण भाठा जामुल में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बाजार में उपस्थित सभी लोगो से शत प्रतिशत मतदान देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही अभियान में ''जन-जन को बताना है 07 मई को वोट देने जाना है'' का नारा लगाते हुए मतदाताओं से हस्ताक्षर करवाया गया। अभियान में सभी लोग उपस्थित होकर संकल्प-पत्र के तहत मतदाताओं को किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु संकल्पित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय द्वारा हस्ताक्षर कर अभियान को प्रारंभ किया गया। जिसमें हरिश साहू राजस्व निरीक्षक, हेमंत वर्मा, मु.लि.स. लेखापाल, हिम्मत मंडावी उ.रा.नि., जयंत साहू, स.रा.नि., सीमा गुप्ता सामुदायिक संगठिका एवं स्वच्छता दीदी, स्व सहायता, मितानीन उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403104300104 /अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम जामुल, प.ह.न. 01 तह. भिलाई-3

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक न्यारेलाल वर्मा आ. बृजलाल वर्मा, जाति- कुर्मी, निवासी भिलाई, द्वारा ग्राम जामुल, प.ह.नं 01, रा.नि.मं. जामुल, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 1045/18, रकबा 0.007 हे., लगान 0.02 रूपये को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 19.04.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 19.04.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

मई दिवस पर श्रमिक सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई। इस्पात संयंत्र के प्लेट विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सुरक्षा पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन प्लेट मिल के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आरके बिसारे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में प्लेट मिल के 10 श्रमिकों को सुरक्षा सर्वोत्तम, सुरक्षा अनमोल तथा सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित होने वाले श्रमिकों में शामिल हैं सुरक्षा सर्वोत्तम से विभीषण निषाद, सुरक्षा अनमोल से जवाहरलाल बरनवाल, उमाशंकर कोसरे एवं सुरक्षा दक्ष से अमिल कुमार, बी हरिचरण, दीपक कुमार, आत्माराम बंजारे, नीलमणी साहू, पुनेश कुमार बारले एवं मेमबाई को

सुरक्षा के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री बिसारे ने अपने उदबोधन में कहा कि सुरक्षा हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता देते हुए हमें अपनी तथा अपने साथियों की सुरक्षा और मशीनों के उचित रख रखाव के साथ- साथ कार्यस्थल में बेहतर हाउस कीपिंग एवं इलुमिनेशन का भी ध्यान रखना है। नियर मिस केस के प्रति सतर्क रहे। सुरक्षा को प्रत्येक कामगार अपनी आदत में शामिल करें। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उत्पादन और उत्पादकता सुनिष्चित करना है। कार्यक्रम में विषेष अतिथियों के रूप में प्लेट मिल विभाग के महाप्रबंधकगण भास्कर रॉय, जेसुधाकर, डी सारंगी, सुनील मित्रा, संजय त्रिपाठी तथा उप महाप्रबंधक संजय कुमार व राजेश गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों ने भी सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यस्थल में ठेका श्रमिकों के योगदान को रेखांकित किया।

उन्होंने पुरस्कृत श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी सतर्क रहकर सुरक्षित कार्य प्रवृत्तियों अपनाते हुए अपने साथियों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्री सारंगी ने किया तथा कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में कार्मिक विभाग की ओर से सहायक प्रबंधक (कार्मिक-मिल्स जोन-3) विजय कुमार ने अपना योगदान दिया।

यूनियन कार्यालय में मनाया मजदूर दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एचएमएस से संबद्ध भिलाई श्रमिक सभा कार्यालय सेक्टर 02 सड़क 15/बी में मई दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएमएस के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने की। अपने उदबोधन में श्री मिश्रा ने श्रमिकों को मई दिवस या मजदूर दिवस मनाए जाने की शुरुआत और उसके उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि वे जागरूक और भयमुक्त होकर अपने हक व अधिकार मांगने सामने आएं। मांगने पर भी अधिकार न मिले तो छीन कर लेने

से भी मजदूरों को पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जो भी अधिकार है वह मांगने से नहीं लड़ कर लेने से मिले हैं। उन्होंने कहा हिंद मजदूर सभा सदैव मजदूरों के हक व अधिकार के लिए आगे आकर लड़ती रहेगी। इस अवसर पर प्रेम सिंह चंदेल, देवेंद्र सिंह, लखविंदर सिंह, दशरथ पटेल, ए चिन्न्या, अशोक पंडा, इकबाल सिंह, त्रिलोक मिश्रा, पीसी मंडल, शरत चंद्र रथ, मुकुंद पांडेय, पंकज शर्मा, रमेश पांडेय, गुरुदेव सिंह बुजानी, भरत, आरएस मौर्य, कपिलदेव, विनय सिंह, छविलाल साहू, सतीश बंजारे, कृष्णानंद राय, शांति बाई, सावित्री मिश्रा, शकील तमजीर खान, सुखविंदर सिंह, शंकर तांडी, सिराज खान, जीएन साहू, पुंजेश राय के साथ ही भारी संख्या में अन्य मजदूर साथी उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202402090100005 /अ-21/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक उदय सिंह पिता ददन सिंह जाति गोंड निवासी वार्ड नं. 14 अंधियारखोर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा स्वयं के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम कोपेडीह प.ह.न. 62 रा.नि.म. टेडेसरा तहसील व जिला राजनांदगांव में स्थित खसरा नं. 475/1, 475/2, 475/03, 475/4 रकबा कमशः 0.441, 0.356, 0.040, 0.040 कुल रकबा 0.877 हे कृषि भूमि को अपने पारिवारिक कार्य, मकान निर्माण हेतु रकम की आवश्यकता होने तथा आवेदक बिलासपुर का निवासी होने से एवं उक्त आवेदित भूमि ग्राम कोपेडीह तहसील व जिला राजनांदगावं में लगभग 250 कि.मी. दूरी पर होने के कारण कृषि कार्य करने में परेशानी को देखते हुये उपरोक्त भूमि को विकय की अनुमति बाबत् अनुविभागीय अधिकारी, रा. राजनांदगांव के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 30/04/2024 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

सरसींवा पत्रकार संघ के राकेश सोनी निर्विरोध अध्यक्ष

सरसीवां/नवप्रदेश। सरसीवां पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर सरसीवां के वरिष्ठ पत्रकार राकेश सोनी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनके अध्यक्ष बनने पर सरसीवां के पत्रकारों हर्ष व्यक्त कर फूल माला पहना स्वागत किया गया। यह चुनाव जैतपुर महानदी तट पर हुआ । राकेश सोनी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया। अध्यक्ष राकेश सोनी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया जायेगा और पत्रकारों के हितों पर कुठाराघात नहीं होने देंगे। उनका उद्देश्य जनता में विश्वास जगाना भ्रष्टाचार को उजागर करना और शासन की योजनाएं, नियमों, कानूनों की लोगों को जानकारी देना एवं जनता की बातों समस्याओं को प्रमुखता से शासन तक पहुंचाना उनका समाधान कराना है। उन्होंने पत्रकार साथियों के साथ सदैव रहने की बात कही। इस मौके पर राहुल पांडे, प्रकाश दिवान स प्रहलाद साहू, रमेश मनहर, अशोक मनहर, युवराज निराला, जगननथिया साहू आदि लोग मौजूद थे।

संस्कृति साहू कक्षा में रही प्रथम

गरियाबंद/नवप्रदेश। ग्राम बोड़की निवासी शिक्षक देवेंद्र साहू व आर एच ओ चुनेश्वरी साहू की सुपुत्री संस्कृति साहू ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल फिंगेश्वर में कक्षा प्रथम में 100 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुमारी संस्कृति की इस उपलब्धि को देखकर पूरे क्षेत्र के लोग उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। कुमारी संस्कृति स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की आदर्श छात्र हैं। संस्कृति साहू को भोजराम साहू रेवती साहू संस्कार साहू सरिता साहू पिंकी साहू वालिता साहू , गजेंद्र साहू लेखन साहू तृप्ति साहू पिंकी साहू सहित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल स्टाफ ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की कर शुभकामनाएं दी।

शिक्षिका बसुधा हुई सेवानिवृत्त

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में संचालित शासकीय पंचम दीवान कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगातार 36 वर्ष तक शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं देने के पश्चात 30 अप्रैल 2024 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रीमती बसुधा शुक्ला को शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित कर ससम्मान पूर्वक विदाई दी गई। पूर्व में श्रीमति बसुधा शुक्ला शिक्षिका को राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया था ।विदाई कार्यकम में श्रीमति बसुधा शुक्ला के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किया गया। कार्यकम में प्रधान पाठक के.आर. वर्मा, संकुल समन्वयक मुकेश देवांगन, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं के साथ-साथ विशेष आमंत्रित शाला की पूर्व प्राचार्या श्रीमति इन्दु मिश्रा, पूर्व प्रधान पाठिका श्रीमति शारदा गौराहा की भी उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

विद्युत कर्मचारियों ने डाक मत से मतदान किया

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा रेलवे स्टेशन पर विद्युत अधिकारी कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। आवश्यक सेवाओ के अन्तर्गत भाटापारा विद्युत विभाग अधिकारी कर्मचारियों ने पोस्टल वोटिंग सेंटर भाटापारा रेलवे स्टेशन में पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान किया। इस दौरान विद्युत मंडल के डी ई एनके सोनी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अंगुली में स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि हमने तो वोट दे दिया है और अब आप लोग 7 तारीख को अपने मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएं और अपना मतदान का लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपनी सहभागिता निभाए।मतदान आपका अधिकार है और 5 वर्ष में 1 बार मिलने वाला अवसर है,इसलिए सभी लोग 7 तारीख को अवश्य मतदान करें।

जनता भाजपा के साथ खड़ी है, वोट की चोट से कांग्रेस को जवाब देगी : नितिन नबीन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कोरबा में आयोजित संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आज जो वातावरण है कहीं ना कहीं आज मोदी मय वातावरण दिख रहा है आज पूरे वातावरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के काम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लोगों की जुबान पर हैं। पहली बार छत्तीसगढ़ पूरी तरह से कीर्तिमान रचेगा और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें कमल के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में जाएगी। आज छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा क्षेत्र में हमने भ्रमण किया है और सभी जगहों में हम मजबूत हैं और जिस प्रकार से माहौल है उसे देखकर लग रहा है कि जिस तरह से हमें 2023 के विधानसभा चुनाव में जो समर्थन मिला उससे और अधिक इस बार भी भारतीय जनता पार्टी को समर्थन मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से यहां भ्रष्टाचार हुए हैं यहां के लोगों के जहन में अभी भी है। जिस प्रकार से कांग्रेस और चरण दास महंत और उनके जो समर्थक है वह भी कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार में संयुक्त पाए गए हैं। वे सब करप्शन में भूपेश बघेल के शागिर्द बने रहे चाहे शिव डहरिया हो या फिर चरणदास महंत हो। इन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग एवं अभद्र टिप्पणियां की है। आज जनता उनको जवाब देने के लिए खड़ी है चाहे जांजगीर लोकसभा क्षेत्र हो या फिर कोरबा जनता उन्हें जवाब देने के लिए तैयार है। भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने सवाल करते हुए कहा कि यह कांग्रेसी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्यों लाठी मारना चाहते हैं? क्यों उनके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं? क्योंकि कांग्रेस को डर है कि मोदी ने जो जनता की सेवा की है और कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर चोट किया है इसलिए कांग्रेस को डर है। मोदी ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया है इसलिए कांग्रेस को डर है। मोदी ने किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस दिया है । मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य को ट्राइबल मुख्यमंत्री दिया है । मोदी जी को लाठी मारने का जो सपना है उसका जवाब जनता अपने वोट की चोट से आपको देगी। कांग्रेस के लोग कहीं न कहीं अनर्गल बयानबाज़ी कर रहे है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि हमारे भाजपा कार्यकर्ता खड़े हैं आप लाठी चलाकर तो देखो जनता हमारे साथ खड़ी हैं अपने वोट की चोट से आपको जवाब देगी। कहीं ऐसा न हो आप जमानत जब्त होने की स्थिति में न आ जाए।

मजदूर दिवस पर 90 हजार मनरेगा मजदूरों ने ली मतदान की शपथ

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत 1 मई विश्व मजदूर दिवस के मौके पर जिले भर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 90 हजार मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसके तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार 18 हजार 320, भाटापारा 14हजार 210, कसडोल 21 हजार 150,पलारी 11 हजार 170 एवं सिमगा जनपद के 25 हजार 150मजदूर शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि,मजदूर,ग्रामीण, रोजगार सहायक,पंचायत सचिव सहित, तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। गौरतलब है की स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाई गई है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है,ताकि अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत जिले में बढ़ सके।

पीएम मोदी की योजनाओं की वजह से बहनें हुई सबला : रंजना साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के चुनाव प्रचार में धमतरी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक रंजना साहू एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा पिछले 4 दिनों से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बैठक कर रही हैं। कल ही ग्राम टेहका अकलतरा सिंगारपुर धुर्राबाधा लेवई आदि ग्रामों में जनसंपर्क कर महिलाओं से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को आधिकाधिक वोट से जिताने की अपील की। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि एक वक्त ऐसा समय भी था जब हम नारियों को अबला समझा जाता था और आज हम महिलाओं के हित में बनाई गई योजनाओं की वजह से हमारी बहने अपने आप को सबला समझने लगी है जब से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है उनके द्वारा हम नारियों के लिए बनाई गई योजनाएं के तहत खाता खुलवाया और अब हम महिलाओं के खाते में ?1000 प्रति माह आने लग गए हैं ।श्रीमती साहू ने बताया कि एक समय था जब हम पक्के मकान का सपना ही देखा करते थे आज मोदी प्रत्येक परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवा कर दे रहे हैं वैसे ही रसोई गैस हम गरीब परिवारों के लिए एक सपना था परंतु अब मोदी जी घर-घर रसोई गैस देकर हम महिलाओं का सपना पूरा कर रहे हैं आज कोई परिवार भूखा नहीं सो रहा है प्रत्येक घर में 35 किलो चावल मुफ्त में दिया जा रहा है और गर्भवती बहनों के पोषण के लिए ?5000 की नगद राशि दी जा रही है और अगर घर में कोई बुजुर्ग बीमार पड़ गया तो आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए की राशि दी जा रही है तथा नल जल योजना के तहत प्रत्येक घरों में पीने का पानी निशुल्क पहुंचाया जा रहा है।

छात्र जीवन से ही सक्रिय रहे हैं बृजमोहन: लक्ष्मी वर्मा

पूर्व जिपं अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि हम महिलाओं के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि बृजमोहन भैया जैसे सक्रिय विधायक हमारे सांसद बनने जा रहे हैं वे विद्यार्थी काल से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते आ रहे हैं मध्य प्रदेश में जब अर्जुन सिंह की सरकार थी उनकी दमनकारी नीतियों के विरोध में उनके वाहन पर झंडा फेंकने वाले बृजमोहन ही थे।

रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर का डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेंबली संकल्प संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। बृहद रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व उड़ीसा से आये रोटरी सदस्यों मे ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।

पूरे देश से आये बहुमुखी प्रतिभाशाली प्रशिक्षण प्रदाताओं ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से कार्यक्रम में उपस्थित 400 से अधिक रोटरी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रशिक्षणकर्ताओं ने आगामी सत्र के रोटरी पदाधिकारियों को रोटरी के उद्देश्यों और सेवा भाव से कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया व जानकारी प्रदान की । पूरे कार्यक्रम की विशिष्टता महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ श्री विश्वभूषण हरिचंदन की गरिमामय उपस्थिति एवं उनका प्रेरक ऊदबोधन रहा। कार्यक्रम में अन्य प्रशिक्षण विभूतियों विशेषतः पंडित विजय शंकर जी मेहता, राज्यसभा सांसद श्री विवेक कृष्ण तनखा जी , प्रख्यात प्रेरक प्रवचनकर्ताओं की उपस्थिति से रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर गौरवान्वित हुआ। इस तरह का कार्यक्रम रायपुर क्षेत्र में पहली बार संपादित हुआ और हम अपने उद्देश्यों में सफल रहे।

विदेशी शराब के साथ पकड़ाया कोचिया

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण पुलिस ने सिध्दबाबा नहर पुलिया के पास कपड़े के थैला में अवैध रूप से शराब रखकर ब्रिकी के लिए ले जाते शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मेकडावेल नं0 अग्रेजी शराब दो लीटर वाली 05 बोतल प्लास्टीक वाला, रायल चैलेज का दो लीटर वाली 04 बोतल प्लास्टीक वाला, रायल चैलेज 01 लीटर वाला, 26 नग देशी सौफी शराब सहित 16790 रुपए की शराब को जप्त किया है।आरोपी पूर्व में भी आबकारी मामले में गिरफ्तार हो चुका है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पाटले ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर प्र आर प्रवीण पाण्डे आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, कृष्णा जांगडे की पुलिस टीम द्वारा सिध्द बाबा नहर पुलिया पास एक मटमैला रंग के कपडे के थैला मे अवैध रूप से शराब रखकर ब्रिकी के लिए ले जाते 01 शराब कोचिया नवीन जैन को गिरफ्तार किया गया । आरोपी से मेकडावेल नं0 अग्रेजी शराब दो लीटर वाली 05 बोतल प्लास्टीक वाला, रायल चैलेज का दो लीटर वाली 04 बोतल प्लास्टीक वाला, रायल चैलेज 01 लीटव वाला, 26 नग देशी सौफी शराब कुल 21.340 बल्क लीटर किमती 16790 को जप्त कर कार्रवाई की।

मजदूर दिवस..

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। 1 मई यानी अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस। इन मजदूरों को मजदूर दिवस से कोई सरोकार नहीं । पेट की आग इनके लिए हर दिन मजदूर दिवस की तरह है। प्रचंड गर्मी व तपती दुपहरी के बीच श्रम करने वाले मजदूरों को सिर्फ और सिर्फ मजदूरी करने से ही मतलब है। कर्म ही इनके लिए पूजा है।

सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप के ट्रायल में शामिल होंगे आदित्य और बैजनाथ

भाटापारा/नवप्रदेश। आगामी जून माह में ईरान (तेहरान) में आयोजित होने वाली सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप,8वीं चिल्ड्रन ऑफ एशिया इंटरनेशनल स्पोर्ट्स गेम्स एवम वल्ड नोमाड गेम्स के लिए भारतीय कुराश टीम का सलेक्शन ट्रायल पुणे (येरवडा) के डिविजनल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 4 से 5 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के स्टार 1 अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सिंह एवम बैजनाथ गुप्ता को ट्रायल में बतौर निर्णायक की भूमिका निभाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनिकी निर्देशक रवि कपूर द्वारा नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि पूर्व में भी अदित्य सिंह एवम बैजनाथ गुप्ता कई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारतीय कुराश टीम का हिस्सा रह चुके हैं। इनकी नियुक्ति पर अंतरराष्ट्रीय कुराश महासंघ रवि कपूर ,छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला , भारतीय कुराश महासंघ अध्यक्ष राजन वर्गीस , भारतीय कुराश महासंघ महासचिव विक्रांत कश्यप , भारतीय कुराश महासंघ तकनीकी कमीशन सदस्य सोमबीर सिंह ,राहुल व्यास , राकेश सोलंकी , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य आशीष यादव , वर्षा मिरी ,ओमप्रकाश मिश्रा , सुकलाल यदु ,गोपी देवांगन , जितन्द्र नामदेव , सरस्वती यादव , गौतम मिरी , रोशनी साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

स्कूली बच्चों में सहनशीलता और धैर्य की कमी चिंताजनक : विजय चोपड़ा

■ **छुट्टियों में बच्चे समय का सदुपयोग करें व विरासत के संस्कारों को सहेजे - प्रोजेक्ट देने हुई कार्यशाला**

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां आरम्भ हो गई है । 45 दिनों के लम्बे अवकाश में बच्चे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में समय व्यतीत करते हैं । छुट्टियों में बच्चे समय का सदुपयोग करें व विरासत के संस्कारों को सहेजें ताकि बच्चों में सहनशीलता , धैर्य , अनुशासन ,संस्कार व करुणा जैसे गुणों का विकास हो सके । स्कूलों से बच्चों को 45 दिनों के लिए होमवर्क दिया जाता हैं ।

होमवर्क में नवीनता लाने के लिए ÷ सहेजें अपने विरासत के संस्कारों को ÷ विषय पर स्कूली टीचर्स के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है ।वर्तमान परिवेश में अनुभव किया जा रहा है कि बच्चों में सहनशीलता , धैर्य की कमी देखी गई है । बच्चे सत्य से दूर भाग रहे हैं , वे अपना अधिकतम समय टी वी , मोबाईल , कम्प्यूटर में व्यतीत कर रहे हैं । एकाकी जीवन के कारण डिप्रेशन की स्थिति निर्मित हो रही है । बच्चों को इन विपरीत परिस्थितियों से उभारने शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने अनूठा प्रोजेक्ट तैयार किया है व स्कूलों के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर टीचर्स को ट्रेनिंग दे रहे है । प्रसिद्ध शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने वर्धमान इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल , सदर बाजार में आयोजित कार्यशाला में टीचर्स को 6 बिंदुओं का मंत्र दिया । जिसके आधार पर बच्चों को 45 दिनों के वेकेशन में प्रेक्टिकल कर प्रोजेक्ट लिखकर तैयार करना है । सर्वप्रथम दादा - दादी , नाना - नानी अथवा ऐसे वरिष्ठ परिजनों के साथ समय व्यतीत करना उनके अनुभव व संस्कारों को समझना उसके अनुसार प्रोजेक्ट बनाना है , इस संबंध में टीचर्स को जानकारी दी गई । प्रत्येक बच्चे को अपने माता पिता , बड़े भाई बहन व परिजनों के साथ अपने धार्मिक स्थल जाना , वहाँ के आत्मिक अनुभव को साझा करना है । मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने कार्यशाला में आगे बताया कि बच्चों को मोहल्ले के वरिष्ठजनों से परिचय बढ़ाना है , उनके अनुभव व्यवहार से सीखना है और अपना प्रोजेक्ट तैयार करना है । चोपड़ा ने आगे कहा कि बच्चों को पर्यावरण से जुड़कर जीवन जीना सीखना है , और अपने अनुभवों को प्रोजेक्ट के माध्यम से साझा करना है । बच्चों को अपने व्यवहार में दया , करुणा के गुणों का विकास कैसे हो इस दिशा में दैनिक जीवन में आचरण करना है , प्राणिमात्र के प्रति छोटी छोटी सहयोग की भावना रखते हुए कार्य करना और उन्हें प्रोजेक्ट के माध्यम से दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना है । अपने परिजनों के साथ प्रेमभाव बना रहे व बढ़े इस हेतु दिन में एक समय का भोजन सभी साथ बैठकर करें , व आपस में सार्थक चर्चा करते रहें । कार्यशाला के माध्यम से टीचर्स को उपरोक्त प्रोजेक्ट के विषय में मोटिवेशनल स्पीकर ने विस्तार से समझाया जिससे टीचर्स आगामी 45 दिनों के लिये बच्चों को होमवर्क में उपरोक्त विषयों का समावेश कर सके ।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मैं गांव का रहने वाला हूं... ...

यह योजना शुरू की गई थी। मैं भी श्रमिकों की परेशानियों को समझता हूं, क्योंकि मैं गांव का ही रहने वाला हूं। आज का दिन आप लोगों के लिए बहुत बड़ा दिन है। प्रदेश का विकास आप लोगों की वजह से हो रहा है। इसलिए श्रमिकों को नमन करता हूं।

सावधान... अगले दो दिन ...

आईएमडी ने बताया कि अगले तीन दिन के दौरान रायलसीमा के अलग-अलग इलाकों में लू को लेकर स्थिति गंभीर बन सकती है और उसके बाद भी दो दिन तक लू की स्थिति यथावत बनी रहने का अनुमान जताया गया है। विभाग ने बताया कि ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण तीन से छह मई तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं और हिमपात हो सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान में भी चार से छह मई के बीच बिजली कड़कने के साथ बहुत हल्की बारिश हो सकती है।

आईएमडी के मुताबिक तीन मई तक उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। इसके अलावा पांच से आठ मई के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, तेलंगाना, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे में गरज के साथ छींटे पड़ेंगे या फिर हल्की से मध्यम बारिश होगी।

इन राज्यों में पारा 44-...

और गांगेय पश्चिम बंगाल में आज और कल, छत्तीसगढ़ में एक से तीन मई, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में तीन-पांच मई के दौरान रात में मौसम गर्म रहने का अनुमान जताया गया है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत में कल तक तूफान और तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश जारी रहेगी।

आईपी एड्रेस से दिल्ली-एनसीआर ...

कुंज शाखा, पूर्वी मयूर विहार में मदर मैरी स्कूल, चाणक्यपुरी में संस्कृति स्कूल, पुष्प विहार में एमिटी स्कूल और दक्षिण पश्चिम दिल्ली में डीएवी स्कूल शुरुआती 11 स्कूलों में से हैं। बम से उड़ाने की धमकी मिली है। डीपीएस नोएडा को भी इसी तरह बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली और द्वारका के पुलिस उपायुक्तों ने मीडिया को बताया कि धमकी भरे मेल सुबह करीब 4.30 बजे भेजे गए थे। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी स्कूलों को खाली करा लिया एवं स्कूल बंद कर दिए गए और छात्रों को घर वापस भेज दिया गया।

9 टीमों के साथ चलाया गया तलाशी अभियान

स्कूलों ने बच्चों के अभिभावकों को सुबह करीब 6.30 बजे सूचित कर दिया था। पुलिस ने कहा, सभी स्कूलों में जांच चल रही है और हमारी तकनीकी शाखा ईमेल की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा, बम खोजी टीमें, बम निरोधक दस्ते और दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों की 9 टीमों के साथ स्कूलों में भेजा गया है और तलाशी अभियान चल रहा है। पुलिस ने कहा, कई स्कूलों को इसी तरह के बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। हम हर स्कूल की जांच कर रहे हैं और स्कूल प्रशासन के संपर्क में हैं।

कौशल्या माता के मायके ...

लेकर सन्नी अग्रवाल किसी बात को लेकर आपा खो दिए थे और मरकाम के सामने ही अश्लील गालियां देते वीडियो में दिखे थे।

विधानसभा चुनाव जब जीतकर आई तब भी और बीजेपी शासनकाल में भी राजीव भवन में अनुशासनहीनता करते पार्टी नेता और पदाधिकारी उजागर होते रहे हैं। इसके विपरीत बीजेपी में भी गुटबाजी और कलह सुनाई पड़ती रही है, लेकिन इस तरह कभी उजागर नहीं हुई। इसलिए भी कांग्रेस को मास पार्टी तो बीजेपी को कैडर बेस पार्टी माना जाता है।

राधिका बोलीं- करूंगी खुलासा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क के अपने अकाउंट पर राधिका ने इस विवाद के फौरन बाद एक पोस्ट शेयर किया। जिसमें उन्होंने लिखा- कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं है। पुरुषवादी मानसिकता से ग्रसित लोग आज भी बेटियों को पैरों तले कुचलना चाह रहे हैं। इसके बाद उन्होंने लिखा- करूंगी खुलासा।

कटघोरा में लेट आने ...

तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओ छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करेंगे, नक्सलवाद को अलविदा कह के रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर वार करते हुए श्री शाह ने कहा कि, भूपेश बघेल जवानों पर भी उठाते सवाल हैं।

दो चरणों के चुनाव में सेंचुरी पूरी हो चुकी है

शाह ने कहा कि, मै बता देता हूँ, 2 चरण में मोदी जी सेंचुरी मार चुके हैं। कोरबा वालों पिछली बार आपने हमको मौका नहीं दिया था, अबकी बार जिताओगे की नहीं। सरोज बहन को जिताकर भेज दो, कोरबा क्षेत्र के गांव-गांव की चिंता मोदी जी करेंगे। मोदी जी ने 2014 में कहा था, हमारी सरकार गरीबों की सरकार होंगी। उन्होंने अपने कहे को सच करते हुए नल से जल दिया, सिलेंडर दिया, बीमा दिया, प्रति माह 5 किलो चावल दिया, कोरोना का टीका लगा कि नहीं। राहुल बाबा कहते थे, मोदी जी का है मत लगाओ। अच्छा हुआ आप लोग उनकी सुनते नहीं हो, राहुल बाबा कुछ तो शर्म करो।

कोरबा का बच्चा- बच्चा देश के साथ

सरोज दीदी को चुन कर देखो... आप परेशान हो जाओगे, ये हमेशा आपके बीच रहेंगी। कोरबा का बच्चा- बच्चा देश के साथ है श्री शाह ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछते हुए कहा कि, बताओ कश्मीर हमारा है कि नहीं, कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं आप देश को नहीं समझ पाए, अरे इनको कौन समझाए कि, कोरबा का बच्चा- बच्चा देश के साथ है। भारत का तिरंगा अब कश्मीर में शान से लहरा रहा है। 370 हटाने पे ये बोलते थे खून की नदियां बह जाएंगी, राहुल बाबा एक कंकड़ तक नहीं हिला।

मोदी सरकार का 10 साल श्रमिकों ...

आंकड़ें देखें तो-साल 2014-2023 के बीच में श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी स्थिर हो गई है। खासकर, मोदी जी के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई है- वहीं, डॉ. मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल 2004-2014 में खेत मजदूरों की वास्तविक मजदूरी दर में हर साल 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, लेकिन पिछले 10 साल में खेत मजदूरी की मजदूरी दर हर साल 1.8 प्रतिशत गिरी है।

'श्रमिक न्याय' की 5 गारंटी: रमेश

उन्होंने कहा आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस है इसलिए मैं फिर से 'श्रमिक न्याय' की 5 गारंटी बताना चाहता हूं, जो हमने अपने 'न्याय पत्र' में दी है। श्रम का सम्मान - दैनिक मजदूरी कम से कम 400 रुपए, मनरेगा में भी लागू। सबको स्वास्थ्य अधिकार - 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवरः मुफ़्त इलाज़, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी। शहरी रोजगार गारंटी - शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना। सामाजिक सुरक्षा - असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा। सुरक्षित रोजगार - मुख्य सरकारी कार्यों में कांट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद।

कोविड-कोविशील्ड के दुष्प्रभावों ...

गए या जिनकी मृत्यु हो गई है।

दलील देते हुए आवेदक ने आगे कहा कि सरकार द्वारा सुरक्षा के आश्वासन पर कोविड-19 वैक्सीन अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को कोविशील्ड की वैक्सीन दी गई। याचिका में कहा गया, कोविड-19 के टीके लेने के बाद दिल का दौरा पड़ने और अचानक बेहोश होने से मौत के मामले बढ़े हैं। यहां तक कि युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

शिवजी की प्रतिमा को खंडित करने से गांव में तनाव

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम से दस किलोमीटर दूर ग्राम दुल्कयेया के तालाब में मंगलवार देर रात कुछ विधर्मियो के द्वारा जमकर शराब पीकर 2017 में स्थापित शिव जी के मंदिर में तांडव मचाया भगवान शिव को शराब से नहलाया गया और प्रतिमा को तोड़ कर शराब की बोतलें फोड़ी गई। सुबह ग्राम वासियों के द्वारा पूजन हेतु मंदिर गए तब सभी शिव भक्त अचंभित हो गए सभी ग्राम वासी आनन फानन में ग्राम की बैठक बुलाकर अज्ञात लोगों के खिलाफ राजिम थाने में रिपोर्ट लिखाई गई व जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही करने की मांग की इसके पूर्व भी 28अप्रैल को ग्राम के बरदेबाबा हनुमान मंदिर में शराब की बोतल फोड़ी गई ग्राम में लगातार दूसरी घटना को लेकर ग्रामवासियों में जमकर आक्रोश भरा हुआ है स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा आनन फानन में आज दोपहर में ही नया शिवलिंग स्थापित कर शांति बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

कंसारी समाज की प्रभात फेरी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर कंसारी समाज के तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह 4-30 बजे से नगर के मध्य में विराजमान श्री सत्यनारायण मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। समाज की भजन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन के साथ ही यह प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो सदर रोड, गंज रोड होते हुए वापस मंदिर में आकर समाप्त होती है। समाज के युवा प्रभात फेरी में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। समाज के युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंदा कंसारी ने बताया कि पूरा त्यौहार वैशाख महीने में पड रहा है वैशाख मास को पून्य महीना मानते हुए पूरे वैशाख महीने भर यह प्रभात फेरी निकाली जाएगी। श्री सत्यनारायण मंदिर (कंसारी समाज) से निकाली जा रही प्रभात फेरी में नंद कुमार कंसारी, लालजी कंसारी ,रमेश कंसारी, गोविंद कंसारी, संतोष कंसारी, तुकाराम कंसारी,रोहित कंसारी, राम कंसारी, मिथिलेश कंसारी, विक्की कंसारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विधायक निवास में बोरे बासी खा कर मनाया बासी तिहार

नगरी/नवप्रदेश। 1 मई को पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बासी दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। बुधवार को विधायक निवास नगरी में बासी दिवस मनाया गया। इसमें सभी के लिए बोरे बासी, नुन, आमा चटनी, अउ कच्चा मिर्च खाया। विधायक अंबिका मरकाम ब्लाक अध्यक्ष नगरी भूषण साहू भानेंद्र ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष बेलरगांव कैलाश नाथ प्रजापति प्रदेश, जिला, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, जिला/जनपद सदस्य, पार्षद, एल्डरमेन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, मछुआ कांग्रेस, मजदूर कांग्रेस, विधि प्रकोष्ठ, झुग्गी झोपड़ी कांग्रेस, आईटी सेल, किसान कांग्रेस, कर्मचारी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, खेल प्रकोष्ठ, जोन, सेक्टर, बूथ अध्यक्ष, सरपंच, पंच और कार्यकर्तागण ने खाया बासी।

प्रकाश बैस कर रहे कोरबा में चुनाव प्रचार

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस को कोरबा का प्रभार सौंपा गया है। वे कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। नगर पंचायत खोंगापानी में महतारी वंदन योजना अभिनंदन समारोह में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने का लोगों से आव्हान किया।

कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को मिलेगा 1 लाख सालाना

रायपुर लोकसभा से विकास उपाध्याय की होगी जीत : भूपेश बघेल

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा में इस बार भाजपा का तिलिस्म टूटने जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की जीत सुनिश्चित है और अब इस क्षेत्र का विकास,विकास उपाध्याय के हाथों ही होना है।

यह बातें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेंडरी और बिटकुली में जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। श्री बघेल ने देश में संविधान की रक्षा, लोकतंत्र के बचाव के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव भी मौजूद थे।

यह चुनाव देश की दिशा और दशा को तय करने वाला

यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा को तय करेगा इसलिए सात मई को पंजा छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाए। केंद में कांग्रेस की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा की हमने प्रदेश की संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखा,जिसके तहत गांव गांव में राजीव मितान क्लब बनाए गए ताकि गांव के महिला,पुरुष,बच्चे अपने संस्कृति के अनुरुप अपने खेलों को खेल सके।

हमने सभी समाज के अराध्य दिवस को मिल जुल कर मनाने छुट्टी घोषित की,लेकिन वो भी इस सरकार में साय साय नजर आ रही है। श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणापत्र की योजनाओं को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। घोषणापत्र में शामिल महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना दिए जाने की योजना से महिलाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस ने इस योजना को प्रथम स्थान पर रखा है क्योंकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है महिला आत्मनिर्भर बनेगी तो समाज मजबूत होगा समाज मजबूत होगा तो निःसंदेह देश मजबूत होगा। कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी घोषणापत्र में शामिल योजनाओं को ग्रामीण अंचल के महिलाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

जनहित की योजनाओं को साय सरकार कर रही बंद

पूर्व सीएम भूपेश बघेल भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। उन्होंने ग्राम पेंड्री और बिटकुली में जनसंपर्क कर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के लिए वोट और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के समय बनाई गई सभी जनहित की योजनाओं को साय सरकार बंद कर रही है। इससे प्रदेश के गरीब, मजदूर हताश और निराश हैं। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी घोषणापत्र में शामिल योजनाओं को अमलीजामा पहनाया सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया बिजली बिल आधा किया बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया दो रुपये में गोबर खरीदी की सभी को शिक्षा मिले इस योजना के तहत आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की सौगात दी लेकिन जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो सारी योजनाओं को बंद कर दिया इसे कहते हैं बदले की भावना से काम करने वाली अहंकारी पार्टी।

अंबुजा अडानी संयंत्र को 15 तक का अल्टीमेटम

मांगों को नहीं मानने पर टूल डाउन प्रदर्शन

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। अंबुजा अडानी सीमेंट प्लांट रवान इंटक यूनियन के द्वारा विश्व श्रमिक दिवस पर कार्यालय में एकत्रित होकर मजदूर दिवस मनाया गया। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र मैनेजमेंट को कई बार लिखित माँग पत्र इंटक यूनियन के द्वारा दिया गया था। जिसे लेकर मैनेजमेंट को 15 दिनों तक समय दिया गया है। माँग पूरी नहीं होने पर 15 मई से मजदूर हड़ताल पर जाएंगे। मजदूरों की मांगों में प्लांट मजदूरों का शिफ्ट ड्यूटी, पैकिंग प्लांट मजदूरों को रैक नहीं लगने पर या सीमेंट नहीं आने पर सप्लाई रेट देना ,ठेका श्रमिकों का वार्षिक वेतन वृद्धि करना , ठेका श्रमिक को विशेष भत्ता , ठेका श्रमिकों को भी 20त्नबोनस दिया जाय ,पुराने ठेका श्रमिक हैं उससे पुलिस वेरिफिकेश ना मांगा जाय ,पैकिंग प्लांट ज्ञ.ष्ट.जैन एसोसिएट ठेका श्रमिक 4 मजदूर के ऊपर झूठा उठा आरोप लगा कर मजदूर को सेवा मुक्त कर दिया गया है। तत्काल कार्य में वापस लिया जाय ,नया पंचिग बनाने के बाद ,नया ज्वाइनिंग डेट दिखाना जो की पुराने मजदूर को गुमराह किया जा रहा है।

यूनियन की मांगों पर प्रबंधन नहीं दे रहा तवज्जो, मजदूरों में आक्रोश

इंटक यूनियन पैनल द्वारा पूर्व में भी मैनेजमेंट को कई बार आवेदन प्रतिवेदन दिया गया था जिस पर आज तक मैनेजमेंट ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऊपर से ठेका श्रमिक मजदूरों पर दबाव बनाया जाता है। जिसे लेकर मजदूरों में खूब आक्रोश देखने को मिला अंबुजा अडानी सीमेंट प्लांट को 15 मई तक का समय दिया गया। यदि मांगों पर मुहर नहीं लगती तो अपने हक को लेकर 15 मई से इंटक यूनियन के द्वारा टूल डाउन धारण प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर यूनियन संरक्षक थनवार वर्मा , उपाध्यक्ष चेतेंद्र वर्मा ,महा सचिव राधेश्याम भतपहरे,सचिव गोकरणसाहू ,मोहन साहू कोषाध्यक्ष, टाकेश्वर साहू प्रचार मंत्री दौलत राम ध्रुव, संगठन सचिव गोविन्द राम साहू ,कार्यकरणिय सदस्य अशोक साहू, डागेश साहू ,तिहारु ,ललित वर्मा ,आबित खान ,आदि लोग उपस्थित थे।

बुजुर्ग दिव्यांगों ने घर पर डाला वोट

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग व्दारा मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत मंगलवार को नगर में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस मौके पर नगर की पहली 85 वर्ष से अधिक उम्र की मतदाता गंजरोड़ निवासी मनोहरी देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने स्वयं मतदान केन्द्र तक जाया करती थी। मनोहरीदेवी ने बताया कि कभी सोचा नहीं था कि घर पर भी मतदान किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए रतन बाई ने कहा कि अब बदलाव की बयार बहने लगी है, जिसका लाभ वृद्धजनों को मिल रहा है। वहीं, जिले के पहले दिव्यांग मतादाता रतन बाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दिव्यांग होने के कारण मतदान करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। तहसीलदार अशोक जंघेल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा आज चिन्हांकित 25 वृद्धजन व दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। रूट प्रभारी अशोक कुमार जंघेल, पीठासीन अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, मतदान अधिकारी अरुण धीवर, माइरो ऑब्जर्वर शारदा रमण, सुरक्षा अधिकारी कुलेश्वर बंजारे सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। इसी कड़ी में अभनपुर विस क्षेत्र के तहत गोबरा नवापारा में कुल 25 मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनका मतदान मंगलवार को संपन्न हुआ।

भामाशाह ने दूसरों की भलाई के लिए जीवन भर दान किया : रंजना

धमतरी/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू लोकसभा चुनाव के संदर्भ में भाटापारा विधानसभा में धुआंधार प्रचार प्रसार कर रही है, इसी दरमियान वे दानवीर भामाशाह की जयंती में शामिल हुई । उन्होंने भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । तदुपरांत जयंती पर साहू समाज के द्वारा सभा का आयोजन किया गया, उपस्थित सामाजिक जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दानवीर भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डाला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम और दानवीरता के लिए भामाशाह का नाम इतिहास में अमर है, वीर योद्धाओं में से एक थे भामाशाह जिन्होंने दूसरों की भलाई के लिए जीवनभर दान किया और इसी कारण उन्हें %दानवीर% कहा जाने लगा। वास्तव में दानवीर भामाशाह बचपन से ही मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के परममित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार रहे थे। विपदा के समय भामाशाह ने महाराणा प्रताप को अपनी सारी जमा-पूंजी अर्पित कर दी थी। एक तरफ जहाँ मेवाड़ को बचाने के लिए महाराणा प्रताप विदेशी आक्रमणों से लड़े तो दूसरी तरफ भामाशाह ने भी उनकी पूरी तरह से मदद की थी, यह इतिहास के पन्नों में साहू समाज के गौरव सम्मान का प्रतीक बन गया, और हम भी दानवीर भामाशाह की तरह साहू समाज को आगे ले जाने के लिए कार्य करें तो निश्चित ही समाज मजबूती के साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ेगा। दानवीर भामाशाह के जयंती में साहू समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजजन उपस्थित थे।

बृजमोहन के जन्मदिन पर चंपारण में की पूजा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भाजपा की महिला नेत्रियों के द्वारा छग शासन के केबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के जन्म दिवस के अवसर पर चंपेश्वर महादेव मंदिर चंपारण में अभिषेक आदि कर पूजा अर्चना की गई। और भारी मतों से विजय की कामना की गई। भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, संगीता शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा व जनपद सदस्य, रानी पटेल जिला पंचायत सदस्य,लता साहू जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, जानकी साहू, केजू राम पटेल,नेमराज साहू पेठा वाले सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं । चम्पेश्वर महादेव की विधि विधान पूर्वक दूग्धाभिषेक, दही,घी, शक्कर,शहद सहित विभिन्न प्रकार के अभिषेक नियमित पुजारी घनश्याम महाराज के मन्त्रोंचार के साथ किया गया ।

बोरे बासी छत्तीसगढ़वासियों का महत्वपूर्ण आहार : आनंद पवार

धमतरी/नवप्रदेश। पिछली कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ की परंपरा और त्योहारों को विशेष महत्व दिया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति और रीति रिवाजों को बड़े स्तर पर प्रोत्साहित और प्रचारित करने का काम किया गया । पिछली सरकार ने 1 मई श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था और धूमधाम से मनाया था, जिसमें छत्तीसगढ़ में गर्मियों के दिनों में खाया जाने वाला बोरे और बासी के महत्व और इससे मिलने वाले पोषण के बारे में काफी चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा शुरू की गई परम्परा को आगे बढ़ाते हुए पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार ने बोरे बासी खाकर 1 मई को बोरे बासी दिवस मनाया । उन्होंने कहा कि बोरेबासी हम छत्तीसगढ़वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण आहार है। उन्होंने बताया कि गांव में अपना सुबह का काम करने के बाद दोपहर में जब किसान घर लौटते हैं तो यही उनका मुख्य भोजन होता है। इसके साथ पताल चटनी, छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली भाजियां और अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजन खाएं जाते है। यहां तक दिन भर धूप में खेलकर आने वाले बच्चों को भी माताएं यही खाने को देती है।

टेंगना स्कूल में दस दिनी समर कैंप

नगरी/नवप्रदेश। सिखना के तहत 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक गतिविधियों का आनंद लिया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य सायंती व शाला के शिक्षकों ने इवेंट के तहत विभिन्न प्रकार के एक्टीविटी कराएं। जिसमें क्राफ्ट डिजाइन, चित्रकला, जल व पर्यावरण संरक्षण पेंटिंग, बाल अखबार,विज्ञान ,गणित, हिंदी,अंग्रेजी शिक्षण का खेल ,पठन लेखन ,बचपन का सहज आनंद लेना और सीखना व सीखना खेल गतिविधि, आर्ट इत्यादि शैक्षणिक गतिविधियां कराई गई । सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी माहेश्वरी ध्रुव ने बच्चों की प्रस्तुतीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त कर सृजनशीलता, अभिव्यक्ति कौशल निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रधान पाठक ममता प्रजापति ने कहा कि बच्चों को गर्मियों के मौसम में सक्रिय आत्मविश्वास बनाए रखने हेतु सीखना सिखाना के तहत विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें बच्चों व पालकों का विशेष सहयोग रहा । बच्चों ने समर कैंप व अपने घरों में दिए गए कार्यों को किया। समर कैंप के समापन के अवसर पर शाला में बच्चों के द्वारा बनाए गए सामग्रियों का प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि नीरज कुमार सोन प्राचार्य ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व पालकों ने अपने बच्चों के बनाये शैक्षणिक सामग्रियों का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त किये।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत पिरदा रायपुर में स्थित एम.आई.जी. ब्लाक नं.-13 फ्लैक क्रमांक 02, प्रथम तल (एस+3) को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 96 दिनांक 28.11.2023 श्रीमती रिंकी सिंह पति स्व. श्री करूणाकर प्रसाद सिंह के नाम नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी श्रीमती रिंकी सिंह पति स्व. श्री करूणाकर प्रसाद सिंह निवासी म.नं. एच-102 ब्लाक नं. 01, राम निकेतन भावंस स्कूल के सामने बरौदा मांढर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती संगीता राय पति श्री राम जुगेश्वर राय निवासी एस.बी.-12, वार्ड नं. 08, जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड मंदिर हसौद, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट को विक्रय करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर रायपुर

[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

DEMAND NOTICE

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

RC/6/2022 — UCO BANK VERSUS SMT. SUKHMATI SAHU — 18-04-2024

To,
(CD1) Smt. Sukhmati Sahu Sahu, Ward No. 03, Purani Basti Korba, Ward No. 03, Purani Basti Korba.
(CD2) Shri Shivcharan Thawait, Purani Basti Korba (C.G.)- 495450
(CD3) Shri Bhagat Prasad Thawait, Purani Basti Korba (C.G.)- 495450
(CD4) Shri Khageshwar Lal Thawait, Purani Basti Korba (C.G.)- 495450

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 23/05/2022 in OA/902/2019 to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 2906163 (Rupees Twenty Nine Lakhs Six Thousand One Hundred Sixty Three Only) along with pendentelite and future interest @10 % w.e.f. 31/05/2019 till realization and costs of Rs 32000 (Rupees Thirty Two Thousands Only), and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the 31/05/2024 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property

Diverted Land, Khasra No. 321/1, area- 39676 sq.ft. situated at Village- Korba PC No. 4, RIC, The & District- Korba, belonging to Defendant No. 2 to 4, i.e. Shivchaaran Thawait S/o. Late Sadhram and Khageshwar Lal Thawait S/o. Late Sadhram.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 18/04/2024.

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी 56/666 प्रथम तल में श्री समित पति पिता श्री समर पति को स्ववित्तीय/एक मुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 04.11.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06.03.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट.भवन श्रीमती सरोज सिंह पति श्री सुधीर सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा फेस-II कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित HDD-II भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखंड/ भवन क्रमांक HDD-II/60 श्री अग्रसेन आयरन एण्ड स्टील्स प्रा.लि. पिता/पति श्री.... को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 25.09.2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 03/04/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती रश्मि रामेडवार पति श्री राजेश रामेडवार के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तु करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी बोरियाकला जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी फ्लैट क्र. 278 ब्लाक 18 प्रथम तल, श्री धनऊ राम धीवर पिता स्व. श्री गुलाल धीवर आममुख्यार श्री तारेश्वर फेकर पिता श्री बल्लूराम फेकर के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंदी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 30.12.2009 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री धनऊ राम धीवर पिता स्व. श्री गुलाल धीवर पता-दुर्गा मंदिर के पास दलदल सिवनी रायपुर छ.ग. आममुख्यार श्री तारेश्वर फेकर पिता श्री बल्लू राम फेकर पता एम.आई.जी. 1/76 कबीर नगर फेस-02 जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को अनुग्रहिता श्रीमती पार्वती फेकर पति श्री बल्लू राव फेकर पता-कबीर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर दान करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन अनुग्रहिता श्रीमती पार्वती फेकर पति श्री बल्लू राम फेकर पता- कबीर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर दान करने हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/ फ्लैट के दान करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- 03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank — A Government of India Undertaking — Syndicate
शाखाः मोवा, रायपुर (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	ऋणी- 1. श्रीमती वंदना आचार्य पुत्री- संजय कुमार आचार्य, क्वा.नं. सी/364 कोल नगर, जिला-सुंदरगढ़, राउरकेला, उड़ीसा-769014, 2. श्री सुभाशीष त्रिपाठी पिता- संतोष कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक नं. 20, फ्लैट नं. 404, अशोका रतन सोसायटी, विधानसभा रोड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.).	अपार्टमेंट नं. 04, छठी मंजिल, ब्लॉक-बी, खसरा नं. 91/1-2 का भाग, प.ह.नं. 44, प्रोजेक्ट नाम- ओवरसीस पाम रिसोर्ट, मौजा- सड्डू, आरआईसी- रायपुर-1, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 644.524 वर्गफीट । चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 05, छठी मंजिल, ब्लॉक-बी, दक्षिण- खुला, पूर्व- कॉरीडोर, पश्चिम- ,खुला ।	₹ 29,71,575.75 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ ।	07.02.2024 / 30.04.2024

दिनांक : 01.05.2024, स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

38 नग सागौन सिलपट एवं 4 नग सागौन गोला जप्त

कवर्धा/नवप्रदेश। वनमंडल कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 29.04.2024 को सायं सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम केशदा के स्थानीय निवासी के घर के पीछे नाला के किनारे में एवं खेतो के मेढ़ में सागौन गोला एवं सागौन सिलपट किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छुपाकर रखा गया है। दिनांक 30.04.2024 को परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा के नेतृत्व में दल गठन कर उपरोक्त स्थल में तलाशी लेने हेतु वन अधिकारी एवं वन कर्मचारियो को भेजा गया। दल द्वारा बताये गये स्थल का भ्रमण कर वनोपज तलाशी की कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान 38 नग सागौन सिलपट एवं 04 नग सागौन गोला पाया गया। उक्त वनोपज के संबंध में स्थानीय ग्रामीणो से पूछताछ किया गया कि उक्त वनोपज किस व्यक्ति का है, इस पर सभी ने अनभिज्ञता जाहिर किया। तत्पश्चात वन अधिकारी एवं कर्मचारियो द्वारा ग्राम झण्डी से ट्रेक्टर बुलाकर स्थल पर प्राप्त कुल वनोपज 38 नग सागौन सिलपट एवं 04 नग सागौन गोला कुल 42 नग = 2.350 घ.मी. वनोपज को ट्रेक्टर में लोड कराकर अस्थाई डिपो लालपुर भेजा गया, प्रकरण विचाराधीन है।

कलेक्टोरेट परिसर में धारा 144 पुन: लागू

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज ताजा आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 01 मई 2024 से 01 जुलाई 2024 (दो माह) तक धारा 144 पुनः लागू किया है। उल्लेखनीय हैं कि पहले 01 मार्च 2024 से 01 मई 2024 (दो माह) तक धारा 144 लागू किया था। कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज ताजा आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 01 मई 2024 से 01 जुलाई 2024 (दो माह) तक धारा 144 पुनःलागू किया हैं। कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित हैं, जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं का आवागमन रहता हैं। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के भीतर जुलूस-धरना पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर ने आदेश में स्पष्ट तौर पर कहा है कि परिसर में प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इसलिए परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था व सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके।

प्राचार्य ने किया आचार संहिता का खुला उल्लंघन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। बालोद जिला में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण संपन्न हो चुका है इसी बीच लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होते ही चुनाव आयोग का मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट यानी आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. जिसके चलते पुरे देश में अभियान चलाकर राज नीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर भी उतारे दिए गए है यही नहीं, सरकारी योजनाओं के होर्डिंग भी उतार दिए गए है और तो और छत्तीसगढ़ में गरीबों को दी जाने वाली निशुल्क खाद्यान्न सामग्री में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का फोटो लगे होने के चलते भी उनके ऊपर कवर लगाकर खाद्यान्न वितरण किया गया द्य किंतु बालोद जिले के देवरी ब्लॉक के हाई स्कूल का प्राचार्य को इन आचार संहिता से कोई लेना देना नहीं है इनके द्वारा खुला उल्लंघन किया गया इनके द्वारा बकायता स्कूल में फंक्शन करवा कर पलकों में कुछ जनप्रतिनिधियों को बुलाकर कार्यक्रम करवाया गया मिली जानकारी के अनुसार है आचार संहिता के दौरान शास. उच्च. मा. विद्यालय पिनकापार के प्रभारी प्राचार्य हीरुराम वर्मा व्याख्याता (एल.बी.) द्वारा ग्राम के राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को 6 अप्रेल 9वी एवं 11वी के परीक्षा परिणाम दिवस और 14 अप्रेल को इंटर्नशिप राशि एवं प्रमाणपत्र वितरण के लिए आमंत्रित किया गया।जिसमें आचार संहिता के नियमो का खुला उलंघन किया गया और राजनीतिक से जुड़े लोगों से बच्चों को प्रमाण पत्र एवं इंटर्नशिप की राशि बटवाई गई और मंच के माध्यम से संबोधन भी करवाया गया ।

आयुक्त पहुंचे जल सयंत्र गृह , व्यवस्था दुरूस्त रखने निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता जल सयंत्रगृह मोहारा एवं एनीकट का निरीक्षण कर जल भरान की स्थिति की जानकारी लिए, इसके अलावा 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 10 एचपी मोटर पंप मरम्मत कार्य का जायजा लेकर प्लांट में अतिरिक्त रखे पंप, मशीनों को दुरूस्त रख अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को दिये।आयुक्त श्री गुप्ता आज जल सयंत्र गृह मोहारा का निरीक्षण किये जहॉ 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 10 एचपी मोटर पंप मरम्मत कार्य किया जा रहा था, जिसे देख उन्होंने कहा कि मोटर जल्द मरम्मत कर चालू करें, इसके अलावा प्लांट में अतिरिक्त रखे पंप को चालू रखे, ताकि मोटर खराब होने पर तुरंत बदला जा सके। उन्होंने प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम से कहा कि प्लांट के सभी मशीनों को दुरूस्त रखे इसके अलावा एलम, ब्लीचिंग के अलावा अन्य उपयोगी सामाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे। मशीनें लगे स्थल पर ठंडा वातावरण के लिये कुलर लगावे, प्लांट के सभी कर्मचारी तीनों पाली में समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करें, गर्मी में पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा को ध्यान में रखते हुये किसी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

पति, सास-ससुर ननद समेत 6 लोगों को आजीवन कारावास की सजा

दहेज प्रताड़ना से नई नवेली दुल्हन ने लगाई फांसी लगाकर दी थी जान

धमतरी/नवप्रदेश। कम दहेज लाने की बात को लेकर पारधी महिला को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पति समेत सास-ससुर, ननंद समेत 6 लोगों को अपर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार यह मामला कुरूद थाना के ग्राम चर्रा का है। सरकारी वकील गजानंद मीनपाल ने बताया कि ग्राम चर्रा पारधी पारा निवासी रत्नी बाई का ब्याह गांव के ही मनोज पारधी के साथ हुआ था। ससुराल आने के बाद रत्नी बाई दहेज प्रताड़ना की शिकार हो गई। बात-बात में पति समेत ससुरा वाले उन्हें दहेज डोर नहीं लाने की बात कहकर ताना मारकर प्रताड़ित करते थे। शादी का कर्ज छुटने के लिए मायके से 10 हजार रुपए लाने की बात कहकर विवाद करते थे। ससुराल में बार-बार कम दहेज लाने की बात को लेकर प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता रत्नी बाई ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना की तो, इसमें दहेज प्रताड़ना की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने पति मनोज पारधी (20) पिता शत्रुघन पारधी, ससुर शत्रुघन पारधी (60) पिता स्व. जीवलाल पारधी, सास उमा बाई पारधी (50) पति शत्रुघन पारधी, ननंद ललिता उर्फ घसनीन पारधी (30) पिता शत्रुघन पारधी, सविता पारधी (26) पति विक्रम पारधी, सावित्री पारधी (22) पति सुरेश पारधी निवासी पारधी पारा चर्रा के खिलाफ दहेज मृत्यु की धारा 304-बी/34,302/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने केस डायरी न्यायालय में पेश किया, जहां मामले की अंतिम सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) ने की।

न्यायाधीश उषा गेंदले ने मामले में सारे सबूतों को देखने और गवाहों को सुनने के बाद अभियुक्तगणों को दोषसिद्ध करार दिया। इसके बाद न्यायालय ने पति मनोज पारधी, ससुर शत्रुघन पारधी, सास उमा बाई पारधी, ननंद ललिता उर्फ घसनीन पारधी, सविता पारधी, सावित्री पारधी को धारा 304-बी, 34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

इलेक्ट्रिशियन ही निकला हत्या का आरोपी

जुगाड़ बम से हत्या

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारवार्ता आयोजित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर ने मोटर स्टार्टर में विस्फोटक लगाकर हत्या करने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी बिजली मिस्त्री है, लंबे समय से रंजिश रखने की वजह से वह वैष्णव परिवार को नुकसान पहुंचाने के ताक में था। जिसे मारने की नीयत से बोर के मोटर पंप में विस्फोटक का इस्तेमाल कर वह वैष्णव परिवार के व्यक्ति को मारने की मंशा रखता था, पर उस दिन जब उसके परिवार के लोगों के बजाय खेत में काम करने वाले मजदूर ने ही बोर पंप को स्टार्ट किया और भयानक विस्फोट के साथ उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर डोंगरगांव पुलिस काफी पशोपेश में थी कि आखिर इस तरह की घटना के पीछे कौन है। पुलिस ने जांच कर आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। डोंगरगांव आरोपी कुमान कंवर, वैष्णव परिवार से पूर्व से रंजिश रखता था, जिसने वर्ष 2015 से ही अपने बांये हाथ मे गोदना से मेरा जानी दुश्मन संतोष, सतीश, पप्पु का छोटा भाई पूरा वैष्णव परिवार लिखा है और पूर्व में भी मामले दर्ज हैं जिसका आपराधिक रिकार्ड अपराध क्रमांक 276/2012 धारा-147, 148, 159, 186, 244, 341, 353, 332, 427, 506-बी, 307 भादंवि 3, 5 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम है।

घटना दिनांक 28 अप्रैल 2024 को सुबह लगभग 6.30 बजे से 7 बजे के बीच ग्राम जामसरार कला में सिंचाई मोटर पंप को स्टार्ट करने के दौरान वहां काम करने वाले मजदूर नरेश कुमार ओटी की ब्लॉस्ट से मौके पर मृत्यु हो गई, जिससे उसका चहेरा, सिर, हाथ क्षत-विक्षत हो गया। ब्लॉस्ट इतना जबरदस्त था कि मौके पर ढाई से तीन फीट गड्ढा बन गया व मृतक का शव करीब 26 फीट दूर जा गिरा। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन पर दुर्ग एफएसएल की टीम, सायबर सेल राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा की टीम एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना स्थल का निरीक्षण करने व आरोपी की पतासाजी करने जुट गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे अज्ञात हत्यारा आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 104/24 धारा 302 भादंवि विस्फोटक पदार्थ अधि. की धारा 3, 5 अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इस दौरान प्रार्थी से उसके फार्म में काम करने वाले मजदूरों व पूर्व रंजिश रखने वाले के संबंध में जानकारी ली गई, जो जामसरार गांव का कुमान कंवर का पूर्व से वैष्णव परिवार से रंजिश होना व बिजली मिस्त्री का काम करना व पूर्व अपराधिक रिकार्ड होना पाया गया। कुमान कंवर का वैष्णव परिवार के साथ छोटी-छोटी बातों पर पूर्व से विवाद होते रहा है। सन 2015 में संतोष वैष्णव के मां मनोरमा वैष्णव नगर पंचायत में खड़ी हुई थी तथा आरोपी की पत्नि जमुना बाई ग्राम जामसरार कला की पंचायत चुनाव लड़ी थी, इसी चुनावी माहौल में पूर्व में वैष्णव परिवार व आरोपी के मध्य वाद-विवाद हुआ था। पूर्व में आरोपी के पूर्वज के द्वारा पैतृक जमीन को वैष्णव परिवार को बेचा गया था, जिसका प्रकरण न्यायलय में विचाराधीन है। नवंबर-दिसबंर 2023 में सुनील वैष्णव उर्फ पप्पू के साथ फसल कटाई के संबंध में पुनः वाद-विवाद हुआ था, जिससे आरोपी के मन में वैष्णव परिवार के प्रति बदला लेने और आक्रोश की भावना आ गई थी। आरोपी पूर्व से बिजली इलेक्ट्रीश्यन का काम भली-भांति जानता है व बिजली विभाग में भी अस्थाई तौर पर ठेकेदारी में बिजली मिस्त्री का काम करता है। आरोपी के द्वारा पूर्व से ही दिवाली में फोड़ने वाला फटाका (बम) को लाकर अपने घर की बाड़ी में छोटा बम तैयार कर सेल बैट्री के माध्यम से फोड़ा था, जिसमें सफल रहा। धीरे-धीरे दीवाली के समय से अत्याधिक मात्रा में बम पटाखा का बारूद ईकठ्ठा कर कचरे के डिब्बे से एक प्लास्टिक का डिब्बा में बारूद भर कर वायर कनेक्शन कर बम तैयार कर अपने घर में छुपा कर पूर्व से रखा था।

मतदान दलों के सामग्री वितरण से नदारद 47 लोगों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में मांगा जवाब

खैरागढ़/नवप्रदेश। चुनाव कार्य के दौरान अनिवार्य ड्यूटी मे भी स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर चुनाव कार्य मे उपस्थित नही होने वाले जिले के 47 अधिकारियों कर्मचारियों को जिला प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे मे जवाब देने के निर्देश दिए है । समय पर जवाब नही देने वालो के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत निलंबन और सेवा पुस्तिका मे इसे इंद्राज कराए जाने की तैयारी भी की गई है । मतदान तिथि से एक दिन पहले जिले मे बनाए गए स्ट्रांग रूम मे मतदान दलो की रवानगी और सामाग्री वितरण मे तैनात किए गए 47 अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन कार्य मे पहुँचे ही नही । इन अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा चुनाव के तीन चरणो के प्रशिक्षण लिए जाने के बाद भी सामाग्री वितरण मे लगाई गई ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य खराब होने सहित अन्य कारणो का हवाला दे दिया गया था । जिला निर्वाचन कार्यालय ने इसे गंभीरता से लिया और अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने इन अधिकारियों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है ।

लोकसभा के दूसरे चरण मे जिले मे 26 अप्रेल को मतदान कराने मतदान दलो की रवानगी 25 अप्रेल को पिपरिया स्थित वेयर हाऊस से की गई थी । सामाग्री वितरण के लिए बनाए गए 20 काऊंटरों मे सौ से अधिक अधिकारियों कर्मचारियों को तैनात किया गया था । इसमे से 47 कर्मी पहुँचे ही नही । निर्वाचन अधिकारी ने आनन फानन मे रिजर्व मे तैनात कर्मियों को बुलावा भेजकर सामाग्री वितरण कार्य शुरू कराया । इसके चलते मतदान दलों को सामाग्री वितरण और मतदान दलो को व्यवस्था बनाए जाने के बाद रवाना करने मे अतिरिक्त देरी हो गई । बताया गया कि तैनात किए गए कर्मियों के नही आने से स्ट्रांग रूम परिसर मे थोड़ी देर के लिए विषम परिस्थिति निर्मित हो गई । मतदान कर्मी सामाग्री वितरण के लिए बैठे रहे । जिले के संवेदनशील और नक्सल प्रभावित इलाको में मतदान दलों के साथ और मतदान केन्द्रों मे सुरक्षा व्यवस्था बनाने मे दिक्कतों का सामना करना पड़ा । मतदान दलो को सामाग्री वितरण व्यवस्था बनाने के बाद रवाना किया जा सका इसमे अतिरिक्त समय लग गया । मतदान निपटने के बाद अब इस मामले मे कलेक्टर सहित जिला प्रशासन सख्ती के मुड मे है । मतदान दलों को सामाग्री वितरण मे तैनात किए गए कर्मी नदारद रहने के दौरान सबसे %यादा स्वास्थ्य खराब होने का हवाला दिया था । इसके अलावा बाइक पंचर होने, समय पर नही पहुँच पाने, परिजनों मे शादी, गमी जैसे कारण भी गिनाए थे । प्रशासन ने इसे कदाचार की श्रेणी मे लाते शासकीय एवं अनिवार्य चुनाव कार्य मे लापरवाही बताते सिविल सेवा अधिनियम का उल्लंघन बताते 24 घंटे मे नोटिस का जवाब मांगा है । जवाब पर्याप्त नही रहने पर निलंबन सहित अन्य कार्यवाही के निर्देश दिए गए है ।



नदारद रहने वाले कर्मियों मे

इंदिरा कला संगीत विवि	- 10
विकासखंड शिक्षा विभाग खैरागढ़	- 24
विकासखंड शिक्षा विभाग छूईखदान	- 12
वनविभाग खैरागढ़	- 1

शामिल है ।

महिलाओं को आर्थिक एवं आधुनिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। 7 मई को छत्तीसगढ़ में होने वाले तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंडरिया विधायक भावना बोहरा का जनसंपर्क लगातार जारी है। बुधवार को उन्होंने दुर्ग लोकसभा के पाटन विधानसभा में ग्राम महुदा, अरसनारा एवं जामगांव में आयोजित महतारी वंदन योजना लाभार्थी सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर योजना से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित किया और विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर भाजपा को वोट देने की अपील कर केंद्र की मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर उनके स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के प्रति संचालित योजनाओं से आज देश की करोड़ों नारी शक्तियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उज्ज्वला योजना से उन्हें धुएं से मुक्ति मिली तो वहीं बेहतर स्वास्थ्य का उपहार मिला है। नमो ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से आज देश एवं प्रदेश की महिलाओं को आधुनिकता से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है तो वहिन्न लखपति दीदी योजना के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया जा रहा है। हमारे छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रति माह प्रदेश की 70 लाख विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने से प्रदेश की महिलाओं में भी एक नया उत्साह एवं विश्वास देखने को मिल रहा है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज जब मैं महतारी वंदन योजना सम्मान समारोह में योजना से लाभान्वित माताओं-बहनों से संवाद किया तो उनके अन्दर एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। उनका यह उत्साह ही भाजपा और मोदी जी की गांरटी के प्रति विश्वास है। हमें पूर्ण विश्वास है की प्रदेश की माताओं-बहनों के आशीर्वाद से हम लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में प्रचंड जीत हासिल करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस,विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम पेंड्रीकला में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना विशेष स्थान है । कश्यप ने इस दौरान पॉक्सो एक्ट, मोटर यान अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने मजदूरों के हितों के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों के बारे में बताते कहा कि भारतीय संविधान में मजदूरों के लिए भी कई निश्चित प्रावधान निहित है। मजदूरों के द्वारा किए गए काम के लिए निश्चित घंटे निर्धारित किए गए हैं। इन प्रावधानों के उगंघन पर सख्त सजा तय है। बंधुआ मजदूरी को गैर कानूनी घोषित किया गया है। श्रम न्यायालय का निर्माण किया गया है ताकि मजदूरों के साथ हो रहे अत्याचारों पर लगाम लग सके। 14 वर्ष से कम उम्र के ब%चों को मजदूरी में लगाना गैरकानूनी है पर ऐसा करने पर कठोर सजा तय की गई है।

भाजपाइयों ने विधायक दीपेश के नेतृत्व में किया वार्ड में जनसम्पर्क

21बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी विजय बघेल के पक्ष मे मतदान करने के लिए मंगलवार को बेमेतरा नगर पालिका अंतर्गत आने वाले वार्ड न.2 डोर टू डोर जनसम्पर्क कर वार्ड के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों, किसानों सभी वर्गों के लोगो से मुलाक़ात कर लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग लोकसभा प्रत्यासी विजय बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू कहा कि भाजपा ने अपना जनसंपर्क अभियान हर क्षेत्रों में तेज कर दिया है लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला रहा है और बड़े उमंग से कार्यकर्ता जुटकर कार्य कर रहे हैं। भाजपा के नेता व कार्यकर्ता हर घर दरवाजे पर दस्तक देकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इस समय प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार जिस तरह मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है, उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा। कांग्रेस के किसी भी नेता का कोई जनाधर नहीं रह गया है। प्रदेश की सभी 11 सीट जीतकर हम छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए लक्ष्य में अपनी सहभागिता देंगे। लोगों को मोदी सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों से साझा करते हुए साहू ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और उन्नति के लिए सबसे ज्यादा कार्य पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल लाया, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानूनी पाबंदी, सेना में महिलाओं को परमानेंट कमीशन जैसी अनेक योजनाएं मातृ शक्ति को समर्पित किए हैं। इस कारण लोगों को पीएम मोदी की गांरटी पर भरोसा हैं। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी मोती लाल साहू, राज कुमार खंडे, राजू देवांगन, रोशन दत्त सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता सहित वार्डवासी मौजूद रहें।

भीषण गर्मी एवं लू से बचाव, नियंत्रण कक्ष स्थापित

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक ने लू-तापघात से बचाव, प्रबंधन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने सभी विकासखंड के पशु चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी कर विभागीय स्तर, जिला, तहसील व ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार करने कहा है। उन्होंने भीषण गर्मी एवं लू से बचाव, प्रबंधन के संबंध में वीडियो, पोस्टर पाम्फलेट्स के माध्यम से प्रचार प्रसार करने कहा है।

पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक ने बताया कि वैश्विक तापमान में हुई औसत वृद्धि के कारण प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के चलते विगत कुछ वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ हिस्सों में अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी एवं लू चलने इत्यादि की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष भी माह मई से तापमान बढ़ने एवं भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण पशुओं को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जिसके लिए स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत के सरपंच से सम्पर्क कर पानी की समस्या से अवगत कराने तथा पानी की समस्या से निजात पाने के लिए सरपंच अथवा स्थानीय स्तर पर पेयजल के प्रबंध के लिए सुझाव दे। संस्था स्तर पर ÷लू÷ लगने से बचाव के लिए ÷क्या करें, क्या न करें÷ ग्राम सभा में पशुपालकों को इस बाबत् अवगत कराएं तथा अधीनस्थों को भी बचाव हेतु पशुपालकों को सुझाव देने व आवश्यकता पड़ने पर अमल कराने के लिए निर्देशित करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर चल चिकित्सा अधिकारी के नगरानी में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर मोबाईल नम्बर-8103187138 पर सूचित कर सकते है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लू से बचाव के लिए कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। अपने स्तर पर टीम गठित कर तैयार रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर समुचित प्रबंधन किया जा सके। अत्यधिक गर्मी से पीड़ित छोटे व कम उम्र के वत्सों, गाभिन गाय, भैंस तथा गंभीर बीमार पशुओं की प्राथमिकता के आधार पर उपचार करें। भीषण लू के समय आगजनी की भी प्रायः घटना में वृद्धि होती है। आगजनी से बचाने के लिए भी पशुपालकों को सुझाव दे। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं व पक्षियों को पानी पीने की व्यवस्था स्थानीय निकायों से सम्पर्क कर कराएं। भीषण गर्मी व लू से बचाने के लिए रेड क्रास सोसायटी, विभिन्न अशासकीय संगठनों, धार्मिक संगठनों से भी सहायता ले।

जिला और विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

जिला स्तर पर तथा विकासखण्ड स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्षों में विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों को नोडल एवं सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के लिए डॉ. उपेन्द्र वशिष्ट डहरे-8103187138 को नोडल अधिकारी और श्री रामदत्त जायसवाल-7828196314 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड कवर्धा के लिए डॉ. प्रशांत सागर शर्मा-8319468957, बोड़ला के लिए डॉ. रोशनी हिरवानी-9340321596, सहसपुर लोहारा के लिए डॉ. दीक्षा पाल-9131585975 और विकासखंड पंडरिया के लिए डॉ. मुकेश लाँझीकर-9691365080 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मप्र पुलिस बल के जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 को व्यवस्थित/शांतिपूर्ण सम्पन्न एवं संचार, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में आज 1 मई को एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा कृषि उपज मंडी बेमेतरा, ग्राम ढोलिया कृषि कॉलेज, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र ट्रेनिंग सेंटर कोबिया बेमेतरा, आत्मानंद स्कुल नवागढ, प्री मैट्रीक छात्रावास नांदघाट, नगर पंचायत भवन साजा, अंबेडकर भवन साजा में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आगामी लोकसभा 2024 चुनाव में पुलिस की कार्य योजना और पुलिस की ड्यूटी के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान आचार संहिता के पालन एवं पुलिस की निष्पक्ष कार्यशैली के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देकर निर्देश दिये। जिसमें आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संबंधी प्रशिक्षण दी गई। जिसमें मतपेटी एवं स्ट्रांग रूम सुरक्षा, संचार उपकरण की जांच कराकर सुनिश्चित कर ले कि सभी उपकरण ठीक स्थिति में हैं यदि कनेक्टिवीटी में कोई समस्या हो तो अभी से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर दुरूस्त कराने, चुनाव नियंत्रण कक्ष मीडीया के साथ सतत संपर्क में रहकर समस्याओं के संबंध में सूचना प्राप्त कर आवश्यक मदद भेजना सुनिश्चित करने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा एवं संचार व्यवस्था करने, प्रत्येक मतदान केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी ली जावे।

नौसिखिए चला रहे बेधड़क ट्रैक्टर, हादसे को न्यौता

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर व नगर से सटे इलाकों में बेधड़क होकर फर्राटे के साथ नौसिखियें ट्रैक्टर चलाते दिखाई पड़ते है जिससे हर समय एक बड़ी दुर्घटना की सम्भावना बनी होती है। नवसिखिएं ट्रेक्टर ड्रायवरों के चलते क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या में ईजाफा हो रहा हैं। ट्रेक्टर ट्राली में कई बार सवारियों को बैठाकर दुरस्थ क्षेत्र में आने-जाने का कार्य किया जाता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं। प्रशासन भी इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही हैं।

नगर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्य जैसे-जैसे बढ़ रही है वैसे-वैसे मुख्य मालवाहक के रूप में ट्रैक्टरों की संख्या में दिनोदिन नगर व आस-पास के क्षेत्रों में बढ़ोत्तरी हो रही हैं। इन ट्रैक्टरों के संचालक रुपए बनाने के फेर में अपनी ट्रैक्टरों की बागडोर ऐसे नवसिखिएं चालक को थमा देते हैं, जिन्हें चालक का गुण सीखे जुम्मा-जुम्मा चार दिन ही होते हैं। ऐसी परिस्थिति में जहां दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और कई बेगुनाहों को उनकी गलती का खामियाजा अपनी जान देकर चुकाना पड़ता हैं। ऐसी कई दुर्घटनाएं घट चुकी है, लेकिन आज तक किसी भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी ने ट्रैक्टर चालकों की लायसेंस की जांच करना उचित नहीं समझा।

जिनके कारण आज नगर व नगर से सटे इलाकों में बेधड़क होकर फरार्टे के साथ नौसिखियें ट्रैक्टर चलाते दिखाई पड़ते है। ऐसा दृश्य नगर सहित बिलासपुर, पण्डरिया, रायपुर, नवागढ़ रोड सहित अनेक सड़कों पर हर रोज देखा जा सकता हैं। जिससे हर समय एक बड़ी दुर्घटना की सम्भावना बनी होती है। गत दिवस चार-पांच प्रमुख ट्रेक्टर दुर्घटना में आधा दर्जन से ऊपर लोगों की जाने गई। क्षेत्र के होनहार सरपंच भी ट्रेक्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इन मार्गो पर छोटी-मोटी घटनाएं ट्रैक्टर की ठोकर से होती ही रहती है शहर के अंदर आने पर भी इन वाहन चालकों की रफतार में कमी नहीं आती और तेज गति बाहर कब किसे मार्ग पर अपनी चपेट में ले ले, किसी को पता नहीं होता। इन मार्गो पर शहर से ईट भट्टे, क्रेशर व नदी होने के कारण दिन भर ट्रेक्टर निर्माण की इन सामग्रियों को ढ़ोते रहते हैं। जिनमें नाबालिग नौसिखिए ट्रैक्टर चालकों की संख्या अधिक होती है और ये नौसिखिये ट्रैक्टर चालक फरार्टे के साथ ट्रैक्टर चलाते देखा जा सकता है।

इस कार्य में लगभग कम उम्र के लड़कों को ही रखा जाता है। दिनभर में सैकड़ों ट्रैक्टर इन मार्गो पर आवागमन करती है, इस दौरान शहर में हो या फिर शहर से लगे गांव में हो इनकी रफतार में कमी नहीं होती। कुछ समय पहले पड़ाव चैक में रात में ऐसी ही तेज रफतार ट्रैक्टर पलट गई थी। इस घटना में कोई हताहत तो नहीं हुआ पर एक बड़ी दुर्घटना होते होते टल गई। इन मार्गो में जितने भी ट्रैक्टर चलते हैं, उन्हें चलाने वाले अधिकांश लोगो के पास लाइसेंस नहीं होता ये लोग ट्रैक्टर में काम करते-करते ड्रायविंग सीखने व चालक के नहीं आने पर मौका पाकर ड्रायवर बन जाते है और दो तीन बार सामग्री को यथा पहुंचाने के बाद अपने आप को चालक के रूप में घोषित कर देते हैं। पुलिस व यातायात पुलिस के द्वारा समय-समय पर चैक-चैराहों पर मोटर सायकल, ट्रक, जीप सहित अन्य वाहनों की चेकिंग किया जाता है, कभी-कभी केवल बाइक पर तो कभी चार चक्के वाहनों पर ड्रायविंग लायसेंस का सघन चेकिंग किया जाता है लेकिन एक बार भी ट्रेक्टर चालक की लायसेंस की चेकिंग एक बार भी नहीं किया जाता है।

किया जाता है तो सिर्फ गिट्टी, बालू की पीट पास की। ऐसी स्थिति में ट्रैक्टर चालकों के हौसले बुलंद हो जाते है और धड़ल्ले से बेखौफ होकर फरार्टे के साथ ट्रैक्टर चलाते देखे जा सकते हैं ऐसी परिस्थिति में विभाग के मौन रवैया पर अंकुश नहीं लगाने से एक बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। उल्लेखनीय है कि कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर का कागजात तैयार कराकर व्यावसायिक उपयोग खुलेआम किया जा रहा हैं।

नीट, बीएससी नर्सिंग एवं सीयूईटी परीक्षा की नि:शुल्क कोचिंग

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. ब्रास मास्टर की एकेडमी द्वारा नीट, बीएससी नर्सिंग एवं सीयूईटी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 एवं 75 दिवसीय नि:शुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग 22 मार्च से दी जा रही है। जिसमें अम्बिकापुर, जशपुर, कोरबा, बिलासपुर, बेमेतरा, कबीरधाम एवं मुंगेली जिले से 120 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। जिनमें से 25 छात्र-छात्रा आवासीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

प्रतिभागियों को एक दिवसीय आऊटडोर क्लास के रूप में मतदाता जागरूकता के साथ शैक्षणिक भ्रमण में रैली विद्यालय परिसर से नया बस स्टेंड नेहरू चैंक, पड़ाव चैक, बालानी चैक, गोलबाजार, पुराना बस स्टेंड, गुरूघासीदास चैंक से रामगढ़ होते हुए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय के निर्देशन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी कौशिक द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के विभिन्न विभागों जैसे पंजीयन, पूछताछ, आयुष्मान कार्ड, पुलिस सहायता कक्ष, औषधि वितरण, मातृत्व, शिशुरोग विभाग, फिजियोथेरेपी, नेत्र रोग, स्त्रीरोग, इंजेक्शन कक्ष, नाक-कान-गला रोग विभाग, दंत चिकित्सा, क्रिटिकल मेडिसिन विभाग, मनोरोग, आयुष विभाग एवं स्पर्श क्लीनिक, ऑपरेशन थियेटर, बी.पी.शुगर जाँच, ईसीजी, पैथोलेब, एक्सरे, सोनोग्राफी, भण्डार कक्ष, गहन चिकित्सा कक्ष, ड्रेसिंग रूम, आपातकालीन सेवा, महिला वार्ड, जनरल वार्ड, शिशु वार्ड, नर्सिंग स्टॉफ, टीकाकरण केन्द्र, ब्लड बैंक, सिकलसेल, कोविड सेंटर आदि एवं उनके गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इससे पूर्व डॉ. एम.के.राय ने संस्था में उपस्थित होकर कहा कि सफलता का शार्टकट नहीं होता अतएव रटना नहीं केवल समझकर पढ़ें। छात्रों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जीवन में कई काम हैं यदि किसी एक काम में सफलता नहीं मिलती है तो कार्यक्षेत्र बदल दें पर जीवन में कभी हार न मानें, चिकित्सा क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें जीवनभर परीक्षाएं होती है अतः रूचिकर विषय के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

कांग्रेस के बूथ जोन सेक्टर कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स

सीपत/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक सीपत में सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया व प्रशिक्षणकर्ता अनिल चौहान उपस्थित रहे। इस दौरान ईवीएम , बूथ एजेंट , वीवीपैट की बारीक तकनीतियो को एक एक कर विस्तार समझाया गया। वोटिंग पूर्व बूथ एजेंट को वोटर लिस्ट में मृतक व्यक्ति का नाम चिन्हांकित करने कहा गया व मतदान के दौरान एजेंट को आधा घण्टा पूर्व मतदान केंद्र पहुंचने व मशिनियो की तकनीकी बारीकियों को इस दौरान समझाकर प्रशिक्षित किया गया। मस्तूरी विधानसभा के सीपत ब्लॉक के 105 बूथ सेक्टर जोन के जमीनी कार्यकर्ताओं को लोकसभा में अधिक से अधिक मेहनत कर कांग्रेस के घोषणाओं को लेकर जनता तक जाने आह्वान किया गया। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि आप सभी बिलासपुर लोकसभा चुनाव में देवेंद्र यादव के पक्ष में अधिक से अधिक वोटों से जीताने की अपील की व विधानसभा की जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए इसमें और अधिक से अधिक लगन व मेहनत के साथ कांग्रेस को जिताने कार्यकर्ताओ में जोश भरा। बैठक के बाद श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने बोरे बासी खाकर छत्तीसगढ़ की परम्पराओ को जागृत रखने संकल्पित हुए। इस दौरान प्रमोद जायसवाल भागीरथी पोरते अहमद मोमिन प्रमिलदास मानिकपुरी राजू सूर्यवंशी करुणा डुंगडुंग रामजी बिंझवार देव सिंह पोरते देवी कुर्रे रामेश्वर साहू ईश्वर बुटन पाटनवार धनिदास महंत अशोक सूर्यवंशी रामसनेही कमल नारायण वीरेंद्र लैहर्षण वृंदा सूर्यवंशी रामेश्वर धीवर विनोद यादव दीपक यादव गोपीचंद वर्मा उमेश कश्यप सहित सभी 105 बूथ जोन सेक्टर के पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आत्मानंद का एलकेजी से 8वीं तक का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का एल.के.जी, यू.के.जी. कक्षा 1ली से 8वीं एवं 9वीं तथा 11वीं के दोनों माध्यम के एस.ए-2/वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा उपस्थित पालकों एवं विद्यार्थियों के समक्ष शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव द्वारा पीटीएम आयोजित कर किया गया। एलकेजी से आठवीं तक दोनों माध्यम का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम 9वीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा।

इस कक्षा में 95.50 प्रतिशत के साथ अनुष्का सोनी प्रथम, 95.33 प्रतिशत के साथ पलक साहू द्वितीय एवं अनुभवी देवांगन 94.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा 11वी जीव विज्ञान का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। जिसमें तनु गोस्वामी 84.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, प्रणिता कश्यप 84.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आकांक्षा सोनवानी 83.20 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय स्थान पर रहें। कक्षा 11वी गणित का परीक्षा परिणाम 78 प्रतिशत रहा। इसमें खुशी साहू 84.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, खुशी चैबे 82.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं पूर्वी देवांगन 74.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर प्राप्त किये। इसी प्रकार कक्षा 11वी वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 74 प्रतिशत रहा। इसमें कक्षा में संस्कृति मिश्रा 93.60 प्रतिशत हासिल कर प्रथम, अंशिका सिंह 90.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं प्रतीक गुप्ता 87.60 प्रतिशत हासिल कर तृतीय रहे। हिन्दी माध्यम कक्षा 9वीं का परिणाम 73 प्रतिशत रहा। इसमें वैदेही साहू 93.83 प्रथम, पायल साहू 91.67 द्वितीय एवं मानसी पात्रे 86.00 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। कक्षा 11वीं जीव विज्ञान में 76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसमें सावित्री निर्मलकर 80.80 प्रतिशत प्रथम, काजल 76.40 प्रतिशत द्वितीय एवं राधा साहू 75.00 प्रतिशत के अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं गणित में 100 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

इसमें अभय सिंह 82.80 प्रतिशत के साथ प्रथम, संध्या यादव 71.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं विश्वनाथ 71.40 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वी वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 76 प्रतिशत रहा। इसमें निलय यादव 82.80 प्रतिशत अर्जित कर प्रथम, दामिनी साहू 74.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं मानसी यादव 71.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किये। प्राचार्य सहित शाला परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिये एवं आगे सतत अध्ययन कर आगे शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी पंकज मिश्रा, व्याख्याता महादेव यादव, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, राहुल वर्मा, सांत्वना दत्ता, संध्या कुजूर, वंदिता गुप्ता, पारूल ओझा, रूही फातिमा, पुष्पांजली कोशले, रीना मरावी, दीपांजलि सोनी, रंजिता कैवर्त्त, शबनम बानों, सविता देवांगन, ज्योति जायसवाल, पीटीआई राजेंद्र प्रसाद साहू, प्र.पा. मिडिल दीप्ति चतुर्वेदी, शिक्षक ललिता प्रसाद पाटले, वीर सिंह सिकंदर, साकेत शुक्ला, साकेत श्रीवास, प्र.पा.प्राथमिक अमृता पात्रे, राहुल यादव सहित सभी कक्षा शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहें। कक्षा मे प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मुंगेली में पहले दिन 76 कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अनिवार्य सेवा एवं निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में आज पहले दिन 76 कर्मियों ने मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में पोस्टल बैलेट के लिए विधानसभा मुंगेली, लोरमी और बिल्हा के लिए बनाए गए काउंटर का अवलोकन किया और मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन कार्य में लगे ऐसे शासकीय कर्मियों, जो अपने ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र में जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, उन्हें डाक मतपत्र से 06 मई तक मतदान की सुविधा दी गई है। कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए फार्म भरे कर्मियों को दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि अनिवार्य सेवा एवं निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में 02 मई तक प्रातः 09 से शाम 05 बजे के बीच डाक मतपत्र से मतदान कर सकते हैं। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय लोरमी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय मुंगेली में संबंधित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी 03 मई से 05 मई तक प्रातः 09 से शाम 05 बजे के बीच डाक मतपत्र से मतदान कर सकते है। शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार स्थित मतदान सामग्री प्राप्ति एवं वितरण केंद्र में 06 मई को भी डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा मिलेगी।

सही जनप्रतिनिधि का करना है चुनाव तो मतदान जरूर करना

स्वीप टीम के साथ युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों से की अपील

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शहरी क्षेत्र के साथ ही गांव-गांव में जाकर स्वीप की टीम मतदान के महत्व को बताते हुए मतदान जरूरी करने की अपील लोगों से कर रही है।

इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर स्वयं भी स्वीप टीम के साथ मैनपाट के ग्राम असकरा पहुंचे। गांव के लोगों के बीच पहुंचकर कलेक्टर श्री भोस्कर ने लोगों से 7 मई को वोट देने जाने की अपील की। लोगों में भी काफी उत्साह रहा। ग्रामीणों ने वोट के महत्व को समझा और वोट देने जाने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों से मतदान की अपील करते हुए कलेक्टर की चिट्ठी का वितरण किया गया और रोली चंदन लगाकर मतदान करने जाने का निमंत्रण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर ने सभी लोगों को स्वतंत्र रूप से और निर्भीक होकर, बिना किसी प्रलोभन में आए मतदान करने की शपथ दिलाई।इस दौरान सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर के छात्र छात्राओं द्वारा वोट के जरिए बेहतर नेता चुनने का संदेश नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। इसी तरह वोट देहे जाबो जैसे गीतों पर प्रस्तुति देते हुए वोट देने जाने की अपील की। युवाओं द्वारा जल संरक्षण और बालिका संरक्षण पर भी मार्मिक प्रस्तुतियां दी गई।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य के साथ स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिसमें ग्रामीण अंचलों और पहाड़ी कोरवा बसाहटों में विशेष स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर स्वीप नोडल एवं सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, एसडीएम श्री रवि राही, सीईओ जनपद पंचायत श्री अमन यादव, सहायक स्वीप नोडल श्री गिरीश गुप्ता सहित सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षक गण, स्वीप टीम और ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयोजन स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता मित्रों एवं श्रमिकों का गमछा, माला पहनाकर अभिनंदन किया गया

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मतदान की दिलाई शपथ

सक्ती/नवप्रदेश। जनहित, सेवा के काम एवं रचनात्मक कामों में विगत 25 सालों से शहर में काम करने वाली मारवाड़ी युवा मंच शाखा ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर नगर पालिका कार्यालय परिसर में पहुंचकर वहां स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता मित्रों एवं श्रमिकों का भीषण गर्मी को देखते हुए गमछा एवम माला पहनाकर एवम उन्हें जलपान कराकर उनका स्वागत-अभिनंदन किया , उन्हें मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जहां श्रमिकों को एवं मंच सदस्यो की उपस्थिति में पदाधिकारी सदस्यों ने भी स्वयं 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ एवं संकल्प ली तो वहीं सभी ने अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का भी संकल्प लिया ।

इस दौरान काफी संख्या में मारवाड़ी युवा मंच की सक्ती शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे तथा सभी ने श्रमिकों को मजदूर दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही कहा कि आप सभी की मेहनत एवं अथक परिश्रम से यह शहर, प्रदेश तथा राष्ट्र निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर है, तथा आप हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हैं, कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रमिकों को सक्ती शाखा की ओर से जलपान कराया गया एवं जलपान के पश्चात नगर पालिका शक्ति के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह ने भी मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनसे अपने कार्यालय में ले जाकर चर्चा की तथा 7 मई को होने वाले मतदान में नगर पालिका क्षेत्र सक्ती के एक मतदान केंद्र में मुख्य नगर पालिका सक्ती संजय सिंह के आग्रह पर मंच की शाखा ने जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के पोलिंग बूथ में आने वाले मतदाताओं को शरबत एवं ठंडे पानी की व्यवस्था करने की भी बात कही साथ ही मारवाड़ी युवा मंच शाखा के इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की वहीं मंच के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर का भी पूर्व अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने स्वागत करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में साल भर सक्रियता के साथ कार्य होने की बात कही वही पूर्व अध्यक्ष मनीष कथूरिया के भी बेहतर कार्यकाल के लिए उनका साधुवाद व्यापित किया गया मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा 1 मई को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के कार्यक्रम के दौरान श्यामसुंदर अग्रवाल, संजय रामचंद्र, मंच के वरिष्ठ संरक्षक हरिओम अग्रवाल, कन्हैया गोयल, राजकुमार अग्रवाल राजू, सुधीर सराफ,मानस अग्रवाल,मनीष कथूरिया, शाखा के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साइ कंप्यूटर), रवि अग्रवाल अशोका,सुमित शर्मा, अनिल सराफ,रितेश अग्रवाल मुन्चु गजेंद्र गज्जू डालमिया सहित काफी संख्या में मंच के सदस्य उपस्थित रहे ।

जांजगीर-चांपा में 1 लाख का गांजा जप्त, ओडिशा से लेकर जा रहे थे नागपुर

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा पुलिस ने 2 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि नया बस स्टैंड के पास से 10 किलो 605 ग्राम गांजे के साथ तस्कर पकड़े गए हैं। दोनों आरोपी ओडिशा के बलांगीर से लाकर नागपुर में ऊंचे दामों में बिक्री करते थे। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला है।सिटी कोतवाली प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिली कि नया बस स्टैंड के पास दो व्यक्ति अपने पास गांजा रखे हुए हैं। बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुन्ना कुमार (26) बिहार निवासी और गोविंद यादव निवासी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। 29 अप्रैल को ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन ने नागपुर जा रहे थे, लेकिन जांजगीर के नैला रेलवे स्टेशन पर उतर गए। आरोपियों को बिलासपुर में पकड़े जाने का डर था। नैला रेलवे से उतर कर नया बस स्टैंड में गांजे को खपाने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे थे। मौके पर रखे बैग की तलाशी की गई, जिसमें गांजा भरा हुआ था। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 7 हजार 566 रुपए है। आरोपियों के खिलाफ [illegible] एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

न्यूज गैलरी

भाजपा मंडल ने सदरबाजार में किया जनसंपर्क

नयापारा/राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी नवापारा मंडल के तत्वाधान में सदरबाजार मे जनसंपर्क किया गया. प्रचार करने का तरीका ही अलग नजर आया. जिसमें बैण्ड बाजा की धुन में मुहल्ले-गलियों में घूमकर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को वोट देने हेतु पाम्पलेट, मोदीजी की गारंटी, क्षेत्र में भाजपा की उपलब्धि बताकर लोगों से पर्ची देकर अपील कर रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने एवं कमल के फूल छाप में वोट देकर बृजमोहन अग्रवाल को सांसद बनाने और देश को मजबूत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान करने को कहा गया. जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद योगेन्द्र कंसारी, मंडल अध्यक्ष, रूपेन्द्र चन्द्राकर, कलीदान कंसारी, राजकुमार कंसारी, हर्षा कंसारी, रमेश कंसारी, सहदेव कंसारी, सौरभ जैन, जनक कंसारी सहित अनेकों लोग घर घर जाकर भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं.

जोह्युद्दीन खान, समेत पांच सटोरियों पर कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। चौकी पोड़ी के संयुक्त टीम द्वारा चौकी पोड़ी क्षेत्रांतर्गत 05 सटोरियों जोह्युद्दीन खान, अफरोज खान, दीपक गुप्ता, यशवंत यादव, हेमंत कुमार पर कार्यवाही कर हजारों की सट्टा-पट्टी, कुल 05 नग मोबाइल कीमती करीबन 70000/- रुपए , नगदी रकम 16490/- रुपए बरामद कर जप्त किया गया, सभी आरोपियों के विरुद्ध छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही की जा रही है । सम्पूर्ण कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक आशीष कंसारी, चौकी प्रभारी त्रिलोक, एएसआई राजकुमार,प्रधान, प्र आर वैभव कल्चुरी, आर. अमित ठाकुर, अमित गौतम, गज्जू राजपूत का विशेष योगदान रहा ।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार की श्रद्धांजलि सभा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय निर्मल कुमार सेठी की तृतीय पूण्य स्मृति पर नयापारा दिगंबर जैन समाज राजिम द्वारा श्रध्दांजली सभा का आयोजन किया गया. अध्यक्ष किशोर सिंघई ने विनयांजलि अर्पित करते हुए बताया कि सेठीजी ने लंबे समय तक राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में देश-विदेश के दिगंबर जैन समाज के लिए अपने महत्वपूर्ण कार्य किया साधु संतो के आहार विहार की समुचित व्यवस्था कराकर समाज के अनुकरनीय कार्य किया. उपाध्यक्ष सुरित जैन ने बताया कि सेठीजी जैन समाज के आधार स्तंभ थे अपने कार्यकाल में दिगंबर जैन समाज में बहुत से रचनात्मक कार्य किया एवं संगठन को मजबूत किया. सचिव अखिलेश जैन ने बताया कि उन्होंने भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षण समिति का गठन कर पुराने तीर्थ क्षेत्रों का जीर्णोधार कर नवीनीकरण करा जैन धर्म का विकास करवाया.

समर कैम्प के समापन पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले की प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 30 अप्रेल को शैक्षणिक सत्र 2023 -24 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया ।इस अवसर पर बच्चों द्वारा समर केम्प में बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई।जिसका अवलोकन कर पालको द्वारा भरपूर सराहना की गई जहाँ बच्चों ने प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने मिट्टी से सुंदर कलाकृतियां, खिलौने, कागज , लकड़ी बांस से बने फ्लॉवर पाट ,घर, चन्द्रयान रॉकेट,चित्रकारी के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित की।

हाईकोर्ट के निर्देश फिर भी उठाव नहीं, समितियों में धान हो रहा खराब

आखिर शॉर्टेज का कौन भुगतेगा खामियाजा

मुंगेली/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी मुंगेली जिले में धान का उठाव अब तक नहीं हो पाया है. विपणन विभाग की लापरवाही का खामियाजा समितियों को भुगतना पड़ेगा, जहां धूप, बारिश और चूहों के बारदाना को कुतरने से धान पड़े-पड़े सड़ रहा है. समिति के सदस्य इस बात से चिंतित हैं कि अगर जल्द धान का उठाव नहीं हुआ तो शॉर्टेज की भरपाई कैसे करेंगे. इसे भी पढ़ें ¬ कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा और संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद के बीच विवाद, वीडियो आया सामने

बता दे कि मुंगेली जिले के तकरीबन 83 उपार्जन केंद्रों में करीब 3 लाख 25 हजार क्विंटल धान खुले आसमान में पड़े हुए हैं, जिससे आने वाले दिनों में एक बार फिर शार्टेज की स्थिति बन रही है. इससे शासन को बड़े पैमाने पर आर्थिक रूप से नुकसान भी होगा, जिसके लिए जिम्मेदार कौन होगा बड़ा सवाल है? समिति कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा धान समर्थन मूल्य में किसानों की धान खरीदी 4 फरवरी तक की गई थी, जिसके बाद 28 फरवरी तक धान का उठाव हो जाना था. लेकिन महीनों बीतने के बाद भी जब समिति केंद्रों से धान का उठाव नहीं हुआ तो समिति केंद्र के सदस्यों ने हाईकोर्ट की शरण ली.

हाईकोर्ट ने 1 अप्रेल से 30 दिन के भीतर धान उठाव और निराकरण के लिए मार्कफेड को निर्दश दिया, लेकिन लापरवाही का आलम ऐसा कि हाईकोर्ट के निर्देशों के अंतिम दिन याने 30 अप्रैल गुजर जाने के बाद भी जिले में धान उठाव का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है. जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा है कि राज्य में धान उठाव के मामले में मुंगेली जिला प्रदेश में 31वें नंबर पर है.कमीशन राशि में होगी कटौती सहकारिता विभाग,ऋष्टस् हितेश कुमार श्रीवास ने बताया कि जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में करीब 55 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई. 22 उपार्जन केंद्रों में शत-प्रतिशत धान उठाव के साथ करीब 52 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है. अब जिन केंद्रों में धान रखा हुआ है, वहां धूप और चूहे की वजह से खराब होते जा रहे बारदाने से धान खराब हो रहा है. वहीं दूसरी ओर धान सूखत का भी खतरा है. इससे समितियों को शासन की ओर से मिलने वाली कमीशन राशि में कटौती हो सकती है.क्या कह रहे हैं जिम्मेदार धान उठाव का जिम्मा संभालने वाले ष्ठस्ल्ह शीतल भोई का कहना है कि जिले के धान उपार्जन केंद्रों में रखे धान का डीओ कट चुका है. पड़ोसी जिलों से भी धान का उठाव किया जा रहा है. हालांकि, ष्ठस्ल्ह साहब का यह जवाब पल्ला झाड़ लेने वाला हो सकता है, क्योंकि कायदे से 28 फरवरी तक धान का उठाव हो जाना था. यदि नहीं हुआ तो हाईकोर्ट के आदेश पर तो 1 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच में हो ही जाना था, लेकिन यह भी नहीं हो पाया है.

मुठभेड़ के दौरान भालुओं के हमले से जवान घायल

टेकमेटा में दोनों ओर से चल रही थी गोलियां, तभी जवान पर टूट पड़े 3 भालू

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर स्थित अबूझमाड़ के टेकमेटा में नक्सलियों से मुठभेड़ के बीच एसटीएफ जवान पर भालू ने हमला कर दिया है। हालांकि उनका इलाज जिला अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि, जवान को ज्यादा चोट नहीं आई है। घायल जवान ने बताया भालू ने कैसे हमला कियाः जिला अस्पताल में घायल जवान को भर्ती कराया गया है। इस दौरान उनसे पूछताछ पर पता चला कि, भालू ने सभी जवानों पर पीछे से हमला किया था। मैं खुद को बचा नहीं पाया, हमले के वक्त वहां पर 3 भालू मौजूद थे। इसके बाद मुझे तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया और डॉक्टर्स ने मेरा ट्रीटमेंट किया है। अब मैं सुरक्षित हूं, लेकिन उस वक्त लगा कि, मैं नहीं बचने वाला।

पेंड्रा में पेड़ पर चढ़ा दिखा भालू

एक दिन पहले पेंड्रा-मरवाही में सफेद भालू शावक पेड़ पर चढ़ा दिखा। इसके बाद लोगों ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग ने भालू का रेस्क्यू कर लिया है। रेस्क्यू के बाद भालू के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। अब वन विभाग इस भालू को उसकी मां से मिलवाने का प्रयास करेगा। वन विभाग ने बिछड़े भालू शावक को मां से मिलायाःपिछले दिनों एक सफेद भालू मरवाही महोरा में सड़क किनारे बीमार हालत में नजर आया था, जिसे वन विभाग की टीम ने जंगल में उसकी मां के पास सुरक्षित छोड़ दिया था।

शहरों की ओर रूख कर रहे जंगली जानवर जंगलों की कटाई और अवैध उत्खनन से भालू सड़क किनारे और आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि, वन विभाग जंगलों में पानी की भी व्यवस्था नहीं कर रहा है। इस वजह से जंगली जानवर खाने-दाने की तलाश में जंगल छोड़कर शहरों की ओर रूख कर रहे हैं।

शराबी बाइक सवार ने बुलेट को टक्कर मारा, पंचायत सचिव की हुई मौत

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ विकासखंड के नगर पंचायत पवनी के पास छिर्रा में एक मोटरसाइकिल चालक ने पंचायत सचिव महेश्वर वैष्णव को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टुंडरी निवासी महेश्वर वैष्णव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लेकिन अब इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। आसपास के ग्रामीणों की मदद से बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल महेश्वर वैष्णव को भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति को देखते हुए अपोलो बिलासपुर रेफर कर दिया गया था।

शराब बनी हादसे की वजह

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, प्लैटिना वाहन में सवार एक व्यक्ति अधिक शराब का सेवन कर पवनी की ओर जा रहा था। तभी नगर पंचायत पवनी से महेश्वर वैष्णव अपना काम खत्म करके गृह निवास टुंडरी जा रहे थे। इसी दौरान प्लैटिना वाहन चालक ने महेश्वर वैष्णव के बुलेट वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सवार महेश्वर वैष्णव मौके पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना में महेश्वर वैष्णव के सर पर गंभीर चोटें आई थी। जिसको आनन-फानन में अपोलो रेफर कर दिया गया था ।

बगलोटा और टुंडरी सबरिया अवैध शराब का हब है

क्षेत्र में लगातार एक्सीडेंट शराब सेवन की वजह से हो रहे हैं। बिलाईगढ क्षेत्र के बगलोटा और टुंडरी सबरिया डेरा अवैध कच्ची महुआ शराब का हब है। यहां से आसपास के गांव में रोज बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन किया जा रहा है और गांव में शराब को पहुंचाकर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है जिस पर कार्य कार्यवाही करना अति आवश्यक है।

भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की आम जनता को समृद्ध बनाया : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। दुर्ग लोकसभा चुनाव अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बेरला ब्लाक के बारगांव जोन, बेरला जोन एवं दारगांव जोन स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन, दिलीप साहू उपस्थित रहें। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कांग्रेस पार्टी के जबाज सिपाही, हमारे कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं। आप सभी के सहयोग से कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी, हमारे दुर्ग लोकसभा सांसद प्रत्यासी भाई राजेन्द्र साहू को प्रचण्ड मतों से जितना हैं और इस जीत में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का अहम योगदान होना चाहिए। आज बारगांव जोन अंतर्गत 06 सेक्टर के 37 बूथ, बेरला जोन के अंतर्गत 04 सेक्टर के 27 बूथ एवं दारगांव जोन के 03 सेक्टर के 22 बूथों की बैठक से आयोजित किया जाएगा। आप सभी अध्यक्षगण, सदस्यगण, जोन अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, सदस्यगण हम सभी को कड़ी मेहनत कर प्रत्येक बूथ में जीत दर्ज करना हैं। हमारी कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की आम जनता को समृद्ध बनाया, जब हम बटन दबाते थे तो किसानों के, युवाओं के, महिलाओं के, मजदूरों के खातों में पैसे जाता था।

गौठान.. फिर भी सैकड़ों मवेशी सड़कों पर, बढ़ी दुर्घटनाएं

नयापारा/राजिम/नवप्रदेश। गोवंश सड़को पर न भटके इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर सरकार ने गौठान, गौशाला बनाई। इसके बावजूद शहर हो या गांव, अंचल में गोवंश की दुर्दशा हो रही है। प्रतिदिन सैकड़ों गाय सड़कों पर बैठी नजर आती हैं।

अभनपुर रायपुर रोड हो या सब्जी बाजार या फिर गली मोहल्ले हो यहां नगर में हर ओरं शाम होते ही पूरी रात हाईवे हो या शहर की सड़कें सभी जगह गौ वंश डेरा जमाएं बैठी रहती हैं। जिसके कारण सड़कों पर दुर्घटनाएं हो रही है, ऐसा कोई दिन नहीं होता जिस दिन गौवंश या वाहन चालक सड़क दुर्घटना का शिकार न हो, उसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। वर्तमान में कुर्रा से नवापारा फोर लेन का कार्य प्रगति में है नई रोड बनने के बाद गाड़ियों की स्पीड बढ़ गई है अचानक गोवंश देखते ही ब्रेक लगाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है. ज्ञात हो कि पूर्व में नगर के गौसेवकों व्दारा गायों के गले में रेडियम पट्टी लगाई गई थी, जिससे दूर से ही गौवंश नजर आ जाता था, मगर अब इन गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी भी नहीं बची.

आखिरकार इतनी बड़ी संख्या में गोवंश रोड में कहां से आते हैं. इसका सीधा का कारण घरों में पालने वाले गोवंश मालिक गोवंश को दूध निकालने के बाद बाहर रोड में छोड़ देते हैं वहीं अनेको गोवंश सब्जी बाजार में लोगों के डिक्की में रखे सामान को खा जाते हैं. चूंकि सब्जी बाजार में सब्जी खाने के कारण सब्जी वालों व्दारा गोवंशों को डण्डे से मारते अनेकों बार देखा गया है, मार से बचने के लिए भागते समय सब्जी लेने आये लोगों की गाड़ियों को गिराकर गाड़ी मालिक को नुकसान पहुंचा रहे हैं. समय रहते अगर उनकी व्यवस्था नहीं की जाती है तो कभी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता. आखिर इन सबके लिए कौन जिम्मेदार है, नगरपालिका, गोवंश मालिक? लोगों का कहना है कि इन दिनों अनेकों सांड नगर के मुख्य मार्ग सहित गली मुहल्लों में भी नजर आते है, जिनकी लड़ाई के चक्कर में अनेकों राहगीर चोटिल हो जाते हैं. वहीं लोगों का यह भी कहना है इतनी बड़ी संख्या में आखिर सांड कहां से आ गए, लोगों ने तो यहां तक कहा कि बाहरी लोग यहां नगर की सरहद में रात्रि में सांड छोड़कर चले जाते हैं.

बाल विवाह रोकथाम के लिए रैली निकाल ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव अभियान के तहत मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम चिलपुटी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चिलपुटी में बाल विवाह रोकथाम हेतु ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए ग्राम पंचायत से बाल विवाह रोकथाम रैली का आयोजन किया गया। रैली उपरांत दीवार लेखन का कार्य ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर किया गया, जिसमें बाल विवाह रोकने संबंधी नारा लेखन किया गया।

आंगनबाड़ी केन्द्र में बाल विवाह रोकने हेतु ग्रामीणों को विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दण्ड के प्रावधान, बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए बाल विवाह न करने की समझाईश दी गयी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल ने ग्रामीणों को कहा कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर ग्राम सरपंच, पटवारी, सचिव, आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानीन एवं समूह के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा संयुक्त दल बनाकर विवाह स्थल में पहुंचकर बालिका और बालिका के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों का निरीक्षण किया जाना चाहिए।

कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों का किया उत्साहवर्धन

बेमेतरा/नवप्रदेश। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र. 07 दुर्ग अंतर्गत बेमेतरा जिले की तीनों की विधानसभा क्षेत्र के लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाले मतदान युनिट (बीयू), नियंत्रण युनिट (सीयू) एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग व सीलिंग कार्य आज 30 अप्रैल 2024 (मंगलवार) को प्रातः 9 बजे से ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर स्थित कक्ष शुरू हो गया। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण कमीशनिंग प्रक्रिया सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने स्वयं ईवीएम कमीशनिंग कार्य कर अधिकारी-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के कमीशनिंग कार्य का जायजा भी लिया। कमीशनिंग कार्य कृषि उपज मंडी परिसर में किया जा रहा है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में 80 टेबल लगाकर मतदान के लिए कमीशनिंग कार्य किया जा रहा। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाए गए और पिंक पेपर से सील किया गया। वीवीपैट में ईसीआईएल के इंजीनियरों के माध्यम से सिंगल लोडिंग (चुनाव चिन्ह) किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थित में पांच प्रतिशत मशीन में एक हजार मॉकपॉल किया गया। सभी बीयू, सीयू और वीवीपैट का सिलिंग कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सजगता से दायित्वों का निर्वहन करें। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली ईवीएम मशीनों में अभ्यर्थियों की प्रतीक चिन्ह के साथ नाम वाली पर्ची को संलग्न करने, मशीन में टैग लगाने, मॉक पोल, वीवीपैट को सावधानी पूर्वक सील बंद करने, इसके साथ ही ईवीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर आदि जांच कर कमीशनिंग कार्य पूर्ण किया जाये।

बाल विवाह रोकने जिला, जनपद और ग्राम स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित

गरियाबंद/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित की गई है। यह टीम जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई है। टीम में शामिल सदस्यगण संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी बनाए रखेंगे। साथ ही किसी भी जगह बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर रोकने की कार्यवाही करेंगे। बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मोबाइल नंबर- 88392-39688 पर दे सकते हैं।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बाल संरक्षण समितियों, बाल विकास सेवा परियोजना एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को अलर्ट रहकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के जनप्रतिनिधियों, स्वयं-सेवी संगठनों और आम लोगों से बाल विवाह नहीं होने देने की अपील की है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मिशल वात्सल्य योजना महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। इस दिन गांव एवं शहरों में काफी संख्या में विवाह होते हैं। साथ ही बाल विवाह होने की भी संभावनाएं बनी रहती है। जो कि कानून अपराध है। इस दिन बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय एवं पांचों विकासखण्डों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए समर्पण भावना से कार्य करना चाहिए : उत्तरा वर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मि क्षत्रिय समाज रायपुर राज के दतरेंगी परिक्षेत्र का राज अधिवेशन परसवानी(अ) में सम्पन्न !कार्यक्रम की शुरुवात भगवान श्री रामचन्द्र के छाया चित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुई।इस दौरान समाज के ही कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सुरेश वर्मा ने बताया किअधिवेशन में समाज उस्थान के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई जिसमें प्रमुखता से जूता छुपाई, डीजे पर प्रतिबन्ध, समाजिक जनों द्वारा शराब व मादक पदार्थो के बिक्री व सेवन न करने सुख या दुःख के कार्यक्रमों में समाजि़कजनो कोआर्थिक सहयोग की भावना पर जोर दिया साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में राज के सचिव नोखेलाल वर्मा द्वारा सलाना समाजिक आय-व्यय की जानकारी दी।ततपश्चात समाज के आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों ग्रामप्रमुखो , क्षेत्रप्रधानो व ग्राम परसवानी के देवी वर्मा को इस आयोजित कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने के लिए सम्मनित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उतरा कुमार वर्मा ने अपने उध्बोधन में विशाल संख्या में पहुँचे समाजिकजनो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रेष्ठ समाज के लिए प्रत्येक व्यक्ति को समर्पण व अपने सामाजिक कर्तव्यों को जानने व समाज के द्वारा बनाये नियमो पर चलने का आव्हान किया ताकि समाज को मजबूती मिल सके।वही पूर्वजों के बताए रास्ता से ही सामाजिक समस्याओं का समाधान हो सकता है।

कार्यक्रम को समाज के वरिष्ठ सलाहकार पूर्व केंद्रीय सचिव जीवन लाल कौशिक केंद्रीय संगठन मंत्री देवचरण वर्मा महिला केंद्रीय अध्यक्ष श्री मति रानी वर्मा ने भी सम्बोधित कर समाज को मार्गदर्शित किया।

बेरला में जवानों ने किया फ्लैग मार्च

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना/चाकी क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा हैं। जिसके तहत 28 अप्रेल को थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले एवं थाना स्टाफ के द्वारा थाना बेरला क्षेत्रांर्तगत पुलिस जवानों ने लगातार पेट्रोलिंग कर फ्लैग मार्च किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण संम्पन्न कराने हेतु पुलिस जवानों ने विभिन्न गली मोहल्ले एवं प्रमुख मार्गो में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं।

चुनावी दौर में राहत की खबर एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे



नई दिल्ली। नया महीना अपने साथ कई बदलाव लेकर आता है। कई वित्तीय नियमों के साथ कई चीजों की कीमतों में भी बदलाव होता है। हर महीने की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट करती है। तेल कंपनियों ने कामर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। इस बार सिलेंडर की कीमतों में 19 रुपये की कटौती की है। यह कटौती लगातार दूसरे महीने हुई है। हालांकि, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। चुनावी माहौल के बीच सिलेंडर में हुई कटौती से आम जनता को राहत मिली है। माना जा रहा है कि इस कटौती के बाद बाहर के खान-पान की कीमतों में भी नरमी आ सकती है। देश के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने सिनियर सिटिजन केयर एफडी में निवेश की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब इसमें 10 मई 2024 तक निवेश किया जा सकता है। इस एफडी में सीनियर सिटिजन को अतिरिक्त ब्याज का लाभ मिलता है।

अगर आपका सेविंग अकाउंट आईसीआईसीआई बैंक और यस बैंक में है तो आज से इन बैंक के नियमों में बदलाव हुआ है। आईसीआईसीआई बैंक ने चेक बुक, आईएमपीएस ट्रांजेक्शन, स्टॉप पेमेंट चार्ज में संशोधन किया है। वहीं बैंक ने डेबिट कार्ड पर लगने वाले एनुअल फीस को शहरी क्षेत्र के लिए 200 रुपये और ग्रामीण इलाकों के लिए 99 रुपये कर दिया है।

वहीं, यस बैंक ने सेविंग अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस चार्ज में बदलाव किया है। अब प्रो मैक्स सेविंग अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस 50,000 रुपये है और अधिकतम चार्ज 1,000 रुपये है। इसी तरह प्रो प्लस अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस 25,000 रुपये है। इस अकाउंट में मैक्सिमम चार्ज 750 रुपये है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतपे शेयरों में थर्ड पार्टी राइट बनाने से रोका

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर के खिलाफ एक निरोधक आदेश जारी किया, जिससे फिनटेक कंपनी के सह-संस्थापक, भाविक कोलाडिया द्वारा उन्हें हस्तांतरित 16,110 शेयरों में किसी भी तीसरे पक्ष के हित या अधिकार बनाने से रोक दिया गया।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने ग्रोवर के खिलाफ चल रहे मुकदमे के तहत कोलाडिया द्वारा दायर एक अंतरिम आवेदन के जवाब में जारी किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रोवर को कानूनी कार्यवाही के समापन तक शेयरों से संबंधित कोई भी तीसरे पक्ष की व्यवस्था करने से बचना चाहिए। ग्रोवर 2017 में सह-संस्थापक कोलाडिया और शाश्वत नाकरानी के भारतपे में शामिल हुए, 2018 में तीसरे सह-संस्थापक के रूप में उन्होंने पिछले साल सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह इन शेयरों में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे।

यह घटनाक्रम इस साल की शुरुआत में नकरानी द्वारा दायर एक मुकदमे की त्वरित सुनवाई के लिए एक डिवीजन बेंच के आदेश का पालन करता है, जिसमें ग्रोवर को उनसे खरीदे गए अवैतनिक शेयरों में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार को अलग करने, स्थानांतरित करने या बनाने से रोकने की मांग की गई थी। इससे पहले, एकल न्यायाधीश पीठ ने मुकदमे में अंतरिम आवेदन को खारिज करते हुए ग्रोवर को अवैतनिक शेयरों में तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोकने के नाकरानी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

इस साल मार्च में उच्च न्यायालय ने एक आदेश जारी कर ग्रोवर को फिनटेक कंपनी, उसके पदाधिकारियों या अधिकारियों के खिलाफ अपमान जनक और अपमानजनक बयान देने से रोक दिया था। पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने ग्रोवर पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने ग्रोवर को 48 घंटे के भीतर अपने ट्वीट हटाने का निर्देश दिया था, जिसमें एसबीआई चेयरपर्सन को तुच्छ कहने वाला ट्वीट शामिल था।

अदालत ने इकोनॉमिक टाइम्स को ग्रोवर द्वारा आरबीआई अध्यक्ष को लिखे गए पत्रों के आधार पर एक लेख हटाने का भी आदेश दिया था। फंड के दुरुपयोग के आरोप में ग्रोवर और उनकी पत्नी को 2022 में कंपनी से बर्खास्त किए जाने के कुछ महीनों बाद भारतपे ने हाईकोर्ट का रुख किया था। अपने मुकदमे में भारतपे ने कथित धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग के लिए ग्रोवर, उनकी पत्नी और उनके भाई से 88.67 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है।

एएए रेटिंग हासिल करने वाला भारत का पहला निजी बुनियादी ढांचा डेवलपर बना अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड

अहमदाबाद। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन ने केयर रेटिंग्स द्वारा अपनी क्रेडिट रेटिंग को बढ़ाकर एएए करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा, यह क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत में किसी भी जारीकर्ता को दी गई उच्चतम संभावित रेटिंग है, जो एपीएसईजेड की साख के सबसे मजबूत स्तर और उसके सभी वित्तीय मार्गदर्शन को पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक, करण अदाणी ने कहा, हम अपने वित्तीय अनुशासन और डिलीवरेजिंग, विविध परिसंपत्ति आधार के साथ-साथ ग्राहक आधार और इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर उच्चतम लाभप्रदता के प्रति प्रतिबद्धता की मान्यता को महत्व देते हैं। इस विकास के साथ एपीएसईजेड यह मान्यता पाने वाला पहला बड़े आकार का निजी बुनियादी ढांचा डेवलपर बन गया है।रेटिंग एपीएसईजेड के मजबूत एकीकृत व्यवसाय मॉडल, प्रमुख उद्योग की स्थिति, स्वस्थ लाभप्रदता के साथ संचालन में मजबूत वृद्धि, उच्च तरलता और कम उत्तोलन के साथ मिलकर संचालित होती है। कंपनी ने कहा कि अधिग्रहण के बाद बंदरगाह परिसंपत्तियों में बदलाव के इसके सफल ट्रैक रिकॉर्ड और बंदरगाह गेट से ग्राहक गेट तक सेवाएं प्रदान करने वाली परिवहन उपयोगिता के रूप में इसके एकीकृत दृष्टिकोण के कारण वित्तवर्ष 2019-24 के लिए वॉल्यूम में सभी भारतीय बंदरगाहों के लिए 4 फीसदी सीएजीआर की तुलना में 15 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई है।वित्तवर्ष में एपीएसईजेड ने 419.95 एमएमटी का कार्गो वॉल्यूम किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 फीसदी ज्यादा है। एपीएसईजेड, विश्व स्तर पर विविधीकृत अदाणी समूह का एक हिस्सा, पश्चिमी तट पर रणनीतिक रूप से स्थित सात बंदरगाहों और टर्मिनलों और पूर्वी तट पर सात बंदरगाहों और टर्मिनलों के साथ देश का सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और ऑपरेटर है।

एचडीएफसी बैंक के पेजैप ऐप को 'सेलेंट मॉडल बैंक' का पुरस्कार

मुंबई। एचडीएफसी बैंक के मोबाइल ऐप पेज़ैप को 'सेलेंट मॉडल बैंक' अवार्ड मिला है। एचडीएफसी बैंक के पेज़ैप को यह अवार्ड्स पेमेंट इनोवेशन की श्रेणियों में सेलेंट मॉडल बैंक पुरस्कार समारोह में प्रदान किए गए।

सेलेंट का वार्षिक मॉडल बैंक पुरस्कार बैंकिंग में प्रौद्योगिकी के उपयोग में सर्वोत्तम प्रथाओं का जश्न मनाता है और उन्हें स्वीकार करता है। पेज़ैप दुनिया भर के 36 देशों के 140+ नामांकनों में से चुने गए 19 विजेताओं में से एक है। इस अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए निर्णायक मानदंडों में स्पष्ट व्यावसायिक लाभ, उद्योग के सापेक्ष नवाचार का स्तर और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता शामिल हैं।

पेज़ैप को ज़ेटा और एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जो ज़ेटा के अगली पीढ़ी के प्रोसेसिंग प्लेटफ़ॉर्म, ज़ेटा टैचियन और इसकी विशेष इंजीनियरिंग पेशकश, ज़ेटा स्टूडियोज़ का लाभ उठा रहा है। मार्च 2023 में लॉन्च होने के बाद से पेज़ैप ने तेजी से 6+ मिलियन ग्राहक हासिल कर लिए हैं और लगभग आधे मिलियन ग्राहकों ने इसे आईओएस पर 4.8 और एंड्रॉइड पर 4.3 की रेटिंग दी है, जिससे यह फ़िनसेंस सेक्शन में भारतीय ऐप स्टोर्स पर टॉप रेटेड ऐप बन गया है।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड,चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और हेड-डायरेक्ट टू कंज्यूमर बिजनेस श्री रवि संथानम ने अवार्ड प्राप्त करने को लेकर कहा, "सेलेंट की मान्यता हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले विश्व स्तरीय डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मस्क ने पूरी टेस्ला चार्जिंग नेटवर्क टीम को हटाया

नई दिल्ली। एलन मस्क ने एक नए छंटनी दौर में टेस्ला की पूरी चार्जिंग टीम को ही भंग कर दिया, जो सभी के लिए अप्रत्याशित और हैरान करने वाला फैसला है। टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क में छंटनी इसके कनेक्टर का उपयोग करने के लिए फोर्ड और जनरल मोटर्स जैसे टॉप वाहन निर्माताओं को शामिल करने के बावजूद हुई है।

टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क में कनेक्टर तकनीक है जिसे उत्तरी अमेरिकी चार्जिंग स्टैंडर्ड (एनएसीएस) के रूप में जाना जाता है, इसे प्रमुख वाहन निर्माताओं द्वारा अपनाया जा रहा है। वरिष्ठ कर्मचारियों को एक ईमेल में, टेस्ला सीईओ ने उनसे कहा कि वे ऐसे कर्मचारियों को हटा दें जो स्पष्ट रूप से उत्कृष्ट, आवश्यक और भरोसेमंद परीक्षा पास नहीं करते हैं या इस्तीफा दे दें। चार्जिंग के प्रभावित कर्मचारियों में से एक विल जेमिसन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, उन्होंने हमारे पूरे चार्जिंग संगठन को जाने दिया।

उन्होंने पोस्ट किया, चार्जिंग नेटवर्क, एनएसीएस और पूरे उद्योग में हम जो रोमांचक काम कर रहे थे, उसके लिए इसका क्या मतलब है मुझे अभी तक नहीं पता। यह कितना अजीब सफर रहा है। एलन मस्क के ईमेल के हवाले से टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला कुछ नए सुपरचार्जर स्थानों का निर्माण जारी रखेगा और वर्तमान में निर्माणाधीन स्थानों को पूरा करेगा। नौकरी में ये नई कटौती तब हुई जब टेस्ला ने पुनर्गठन योजना के तहत अपने विश्व कार्यबल के 10 प्रतिशत से अधिक को निकाल दिया था। एलन मस्क ने टेस्ला की पब्लिक पॉलिसी टीम को भी भंग कर दिया है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का पेश किया नया ग्रेड

बेंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा।

टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं।

टोयोटा रुमियन जी-एटी वेरिएंट 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 1.5-लीटर के सीरीज पेट्रोल इंजन से संचालित है, जिसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तकनीक है जो प्रतिक्रियाशील प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। जहां पेट्रोल ग्रेड का पावर आउटपुट 6000 आरपीएम पर 75.8 किलोवाट और 4400 आरपीएम पर 136.8 एनएम का टॉर्क है, वहीं सीएनजी ग्रेड 5500 आरपीएम पर 64.6 किलोवाट का आउटपुट और 4200 आरपीएम पर 121.5 एनएम का टॉर्क बढ़ाता है। टोयोटा रुमियन अब नियो ड्राइव एमटी: एस, जी और वी ग्रेड के साथ वेरिएंट में उपलब्ध है।

टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान, मार्श करेंगे कप्तानी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप टीम का ऐलान हो चुका है। मिचेल मार्श को ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व करेंगे।

मार्श इससे पहले तीन टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। हालांकि, बड़े मंच पर यह मार्श का पहला मौका होगा जब वो कप्तान की भूमिका में होंगे। बेली ने कहा, हमारा मानना है कि एश्टन इस टूर्नामेंट में मार्कस स्टॉयनिस, ग्लेन मैक्सवेल, कैम ग्रीन और मिचेल मार्श के साथ हमारे गेंदबाजी आक्रमण के विकल्पों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही हमारे पास अभी जो बल्लेबाज़ी विकल्प हैं। वह अलग-अलग परिस्थितियों में और अलग-अलग पोजीशन में बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं।उन्होंने आगे कहा, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, जेसन बेहरनडॉर्फ़, ऐरोन हार्डी, स्पेंसर जॉनसन और ज़ेवियर बार्टलेट जैसे खिलाड़ियों के बारे में हमने लंबी बातचीत की। इसके अलावा हमने फ़्रेज़र-मक्गर्क के बारे में भी बात की, जिन्होंने अभी तक टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन वह काफ़ी प्रभावित कर रहे हैं।विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनना एक चुनौती है। हम कई खिलाड़ियों की निगरानी करना जारी रखेंगे, जो इस प्रारंभिक टीम में शामिल नहीं हुए हैं और ध्यान देंगे कि क्या हम इस टीम में कुछ बदलाव कर सकते हैं। इस टीम में हमारे पास आईसीसी नियमों के अनुसार आने वाले हफ्तों में ऐसा करने का विकल्प है।

ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप 2024 टीम- मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।

नडाल ने चौथे दौर में हार के बाद मैड्रिड ओपन से ली विदाई

मैड्रिड। राफेल नडाल ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से चौथे दौर में 5-7, 4-6 से हार के बाद मैड्रिड ओपन, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रशंसकों से विदाई ली, जिसे उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान पांच बार जीता था। टूर्नामेंट के पांच बार के चैंपियन (2005, 2010, 2013, 2014 और 2017) ने लेहेका के खिलाफ अपनी मैड्रिड ओपन यात्रा का चौथे दौर का मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला। एक जीत का मतलब मैड्रिड में सैनियार्ड के लिए जीत संख्या 60 होती, लेकिन 2003 में मैड्रिड एरेना में एलेक्स कोरेट्जा के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद से उनकी गिनती अब हमेशा 59 जीत और सिर्फ 15 हार पर ही रहेगी। मैच के बाद, भावुक नडाल ने कोर्ट पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें मैड्रिड ने अपने सबसे महान चैंपियन को अलविदा कहा और 2008, 10, 13-14 और 17 में उनके पांच खिताबों को चिह्नित करने वाले बैनर फहराए गए। एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा, यह मेरे लिए बहुत खास सप्ताह रहा है, कई मायनों में बहुत सकारात्मक, व्यक्तिगत रूप से और मेरे टेनिस के लिए। मुझे फिर से कोर्ट पर खेलने का मौका मिला। कुछ हफ्ते पहले, बार्सिलोना से दो दिन पहले, मुझे नहीं पता था कि मैं फिर से एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करूंगा और मैंने अब तक दो सप्ताह तक खेला है, यह अविस्मरणीय है।

फिल्म श्रीकांत का गाना 'तुम्हें ही अपना माना है' रिलीज

राजकुमार राव फिल्म श्रीकांत की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे लोगों का जबरदस्त सपोर्ट मिला। वहीं, अब श्रीकांत का नया गाना तुम्हें ही अपना माना है रिलीज कर दिया गया है, जो एक रोमांटिक ट्रैक है। इससे पहले श्रीकांत का पहला गाना पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा रिलीज हुआ था। जिसे उदित नारायण ने अपनी आवाज दी है। गाना सुनने में बेहद खूबसूरत है।श्रीकांत का दूसरा गाना तुम्हें ही अपना माना है में राजकुमार और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। गाने को साचेत टंडन और परंपरा टंडन ने गाया है। म्यूजिक भी इन्होंने ही दिया है। वहीं, लिरिक्स योगेश दुबे ने लिखे हैं। रिलीज के महज दो घंटे में तुम्हें ही अपना माना है को यूट्यूब पर 27 हजार से ज्यादा व्यूज और 26 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। राजकुमार राव की श्रीकांत का डायरेक्शन तुषार हीरानंदानी ने किया है। फिल्म में ज्योतिका, शरद केलकर और अलाया एफ सपोर्टिंग रोल में हैं। श्रीकांत, इस साल 10 मई को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। ये फिल्म रियल लाइफ हीरो श्रीकांत बोला से इंस्पायर है यानी एक बायोपिक है। श्रीकांत बोला हैदराबाद स्थित बोलैंट इंडस्ट्रीज के सीईओ और संस्थापक हैं। साल 2017 में उन्हें फोर्ब्स मैगजीन ने पूरे एशिया में 30 अंडर 30 की लिस्ट में नामित किया था। श्रीकांत के डायरेक्टर तुषार हीरानंदानी ने फिल्म को लेकर दैनिक जागरण से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने श्रीकांत को बनाने को लेकर कहा, मैं बायोपिक्स इसलिए ज्यादा बनाता हूं, क्योंकि मुझे वह लोग हीरो लगते हैं।

लखनऊ के कोच लैंगर ने मयंक यादव की चोट पर दिया अपडेट

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है।लैंगर ने आगे कहा कि युवा तेज गेंदबाज का भी स्कैन कराया जाएगा। पेट के निचले हिस्से में दर्द के कारण पांच मैच न खेलने के बाद मयंक प्लेइंग-11 में लौटे। मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 3.1 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट के आंकड़े पर चोट के कारण उन्होंने मैदान छोड़ दिया।मैच के बाद लखनऊ के मुख्य कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक ही जगह पर दर्द है, उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने यह भी खुलासा किया कि मयंक ने उनके चौथे ओवर की पहली गेंद के बाद गेंदबाजी करते समय हुई असुविधा के बारे में शिकायत करने के लिए उनसे संपर्क किया था। राहुल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा, जितना अधिक वह खेलेगा, उतना ही अधिक सीखेगा कि कब क्या गेंदबाजी करनी है।

हार्दिक पर बीसीसीआई ने लिया एक्शन अगले मैच के बाद हो सकते हैं बैन

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 48वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस का आमना-सामना हुआ था। यह मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया था. इस मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. हार के अलावा मुंबई इंडियंस की टीम और कप्तान हार्दिक पांड्या को एक और बड़ा नुकसान हुआ है. दरअसल लखनऊ के खिलाफ खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट चलते बीसीसीआई ने मंगलवार को पूरी मुंबई इंडियंस टीम पर फाइन लगाया है. मुंबई इंडियंस ने स्लो ओवर रेट से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है.

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि एकाना क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच 48वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की टीम द्वारा स्लो ओवर रेट बनाए रखने के बाद कप्तान पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है. मुंबई इंडियंस ने इस सीजन ऐसा दूसरी बार किया है, ऐसे में कप्तान पांड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया. वहीं मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन एक और बार अगर स्लो ओवर रेट का दोषी पाई जाती है तो टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या पर एक मैच का बैन लगा दिया जाएगा. हार्दिक पांड्या के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी दो बार स्लो ओवर रेट को लेकर जुर्माना लग चुका है. अब अगले मैच में ये दोनों कप्तान फिर से यही गलती करते हैं तो इन्हें एक मैच के लिए बैन कर दिया जाएगा. मुंबई को पहली बार 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर-रेट के लिए जुर्माना लगाया गया था. इस मैच में मुंबई ने 18 रन से जीता था।

बड़े मियां छोटे मियां और मैदान की कमाई में गिरावट

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को ईद के खास मौके पर यानी 11 अप्रैल को अजय देवगन की फिल्म मैदान के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।इन दोनों फिल्मों से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ा कमाल नहीं दिखा सकी।फिल्म का कारोबार पिछले कुछ दिनों से लाखों में सिमटा हुआ है।आइए जानते हैं 19वें दिन बीएमसीएम और मैदान ने कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 19वें दिन यानी तीसरे सोमवार बड़े मियां छोटे मियां ने 40 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 60.95 करोड़ रुपये हो गया है।मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और अलाया एफ जैसी अभिनेत्रियां भी बड़े मियां छोटे मियां का अहम हिस्सा हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।एक्शन के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मैदान ने 19वें दिन यानी तीसरे सोमवार 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 43.25 करोड़ रुपये हो गया है।

न्यूज गैलरी

मार्केट के पास से एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। सदरबाजार के नाहटा मार्केट के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीहर उपाध्याय 35 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 09 जे 0585 को सदर बाजार स्थित नाहटा मार्केट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जहा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से की गई मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बरौदा में शादी कार्यक्रम में नाचने के दौरान तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिलोचन यादव 24 वर्ष ग्राम बरौदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि पीड़ित अमन ध्रुव शादी कार्यक्रम में डीजे में डांस कर रहा था, तभी आरोपी शिव बघेल व अन्य दो ने अमन ध्रुव से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्गा आटा चक्की के पास लोधीपारा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर मोवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी कल्प नारायण पांडे 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रोशन सेन, गोलू ठाकुर व कोनाल सेन ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी रोशन सेन 42 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कल्प नारायण पांडे ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर मोवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। सत्यम विहार कालोनी रायपुरा में सट्टा खिलाते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 मोबाइल और नकदी 500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सत्यम विहार कालोनी रायपुरा में एक युवक आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अभिनव जैन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 नग मोबाइल नकदी 500 रुपए और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 18 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने गणेश राम नगर में सरेआम शराब पीते आरोपी तरूण मानिकपुरी 25 वर्ष, करण पाल 23 वर्ष, कुंजबिहारी बघेल 42 वर्ष, विकाश शर्मा 42 वर्ष, जतिन वर्मा 36 वर्ष, विकाश पाण्डे 38 वर्ष, अभिजात रंजन 32 वर्ष व आर के शर्मा 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी नागेंद्र पाण्डे 30 वर्ष, मौदहापारा पुलिस ने आरोपी कुशआग्रा पाण्डे 27 वर्ष एवं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विनोद सागरंशी 30 वर्ष व सागर चौहान 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी सुभाष पटेल 40 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अजय कुरकुरा 29 वर्ष, पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राजा सोनवानी 23 वर्ष व दीपकुमार पटेल 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी मलिक यदू 29 वर्ष व नेवरा पुलिस ने आरोपी सुनील भट्ट 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला एवं माना पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 52 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास अवैध शराब बेचते आरोपी चित्रसेन ध्रुव 70 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस के टीम ने कमल विहार चौक के पास आरोपी आकाश तिवारी 28 वर्ष व सुमित गोस्वामती 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 30 पाव देशी शराब जब्त किया है।

वर्दी की आड़ में गांजा तस्करी का प्रयास, युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

बिलासपुर/नवप्रदेश। जीआरपी की एंटी क्राइम टीम ने एक युवक को 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर तस्कर फोर्स के यूनिफार्म पहनकर बैठा था, जिसे देखकर जीआरपी ने पूछताछ की, तब वह खुद को मुंबई के स्पेशल टॉस्क फोर्स का जवान बताने लगा। उसके बैग की तलाशी लेने पर 10 किलो गांजा बरामद हुआ। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी के जवान स्टेशन व ट्रेनों में लगातार जांच कर रही है। जांच के दौरान सुरक्षा बल के जवान अवैध हथियार से लेकर शराब व गांजा की तस्करी करने वालों की धरपकड़ कर रहे हैं।

राधिका खेड़ा प्रकरण पर बोले सीएम साय

आपस में ही लड़ रहे कांग्रेसी, थाने तक की आ गई नौबत

जनहित का सब काम सांय-सांय, धांय-धांय हो रहा

रायपुर/जशपुर/सीतापुर/सुहेला। बुधवार को जशपुर के पंडरापाठ में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस में मचे घमासान और बिखराव पर जमकर चुटकी ली। उन्होंने कांग्रेस की महिला प्रवक्ता राधिका खेड़ा और कांग्रेस के संचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के बीच हुए झगड़े पर कहा कि कांग्रेसियों में ही आपस में घमासान मचा है। राधिका खेड़ा तो थाने में रिपोर्ट करने की भी बात कर रही हैं। इनसे अपना घर ही नहीं संभल रहा है। कोई तालमेल नहीं है।

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस में इस तरह बिखराव का माहौल है कि उनके नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। दुर्ग के नेताओं को अलग-अलग लोकसभाओं से चुनाव लड़ाया जा रहा है। आज कांग्रेस की दुर्गति हो गई है। इनके 25 हजार नेता और कार्यकर्ता अब तक भाजपा प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव की भांति लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को पूरी तरह से बाहर करने की बात जनता से कही।

गौरतलब है कि विष्णु देव साय का चुनावी अभियान पूरे चरम पर है। वे रोजाना 3-3 जनसभाएं कर रहे हैं, भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने आज जशपुर के पंडरापाठ, सरगुजा के

सीतापुर और बलौदाबाजार-भाटापारा के सुहेला में विशाल जनसभा को संबोधित किया।

खाता चेक करो, महतारी वंदन योजना की राशि आई

सरगुजा के सीतापुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त ट्रांसफर किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आज महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त दे दी है। साथ ही सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही।

जनता का जताया आभार

सीएम साय ने सीतापुर विधानसभा की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों ने 75 वर्षों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाई रामकुमार टोप्पो को जिताया, उनको विधायक बनाया है। कांग्रेस के विधायकों ने सीतापुर का कभी विकास नहीं किया, बल्कि विकास के मामले में काफी पीछे छोड़ दिया। अब भाजपा के विधायक और भाजपा की सरकार है। सीतापुर में जनहित और विकास के अनेकों कार्य होंगे। एक मुख्यमंत्री होने के नाते मैं ये वादा करता हूँ।

मोदी के पिटारे में जनहित के लिए अभी बहुत कुछ

भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए श्री साय ने कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती।

नवाज खान ने कहा चुनाव प्रचार प्रभवित करने के लिए मुझे भेजा गया नोटिस

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। धान घोटाले और एक आत्महत्या के मामले में राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान को पुलिस ने नोटिस जारी कर बुलाया है। लेकिन वे पुलिस से बचते फिर रहे हैं। बुधवार को नवाज खान ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि भाजपा ने मेरे खिलाफ साजिश रची है।

गौरतलब है कि ग्राम छिपा स्थित धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक गोवर्धन वर्मा की आत्महत्या मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने नवाज खान को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद से ही नवाज खान डोंगरगढ़ पुलिस से बचते फिर रहे हैं। लेकिन बुधवार को नवाज खान ने इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि, यह षड्यंत्र रचा गया था कि, 26 तारीख को हुए चुनाव में उन्हें अपनी पार्टी का काम करने से रोका जाए।

भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

भाजपा ने इसके लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग किया। भाजप चाहती थी कि, मैं अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार ना कर सकूं। नवाज खान ने कहा कि, मेरा मानना है कि इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन दोषी नहीं है। सत्ताधारी दल के नेताओं के इशारे पर पूछताछ के लिए मुझे नोटिस भेजा गया था। भारतीय जनता पार्टी ने पूछताछ नोटिस की आड़ में चुनाव प्रचार को प्रभावित करने का काम किया है।

नवाज खान ने कहा कि, जिस मामले से उनका दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, उसमें उनको नोटिस जारी किया गया। नवाज ने कहा कि, जिनसे मेरी मित्रता है उनके घर भी जा कर उनको परेशान किया गया। यह अनुचित है। मैं कौन सा अपराधी था जो मेरे शुभचिंतकों के घर पुलिस को भेज कर परेशान किया गया। यह भाजपा की चाल थी, ठीक मतदान से पहले मुझे पूछताछ के लिए नोटिस जारी करते हैं। जिससे चुनाव प्रभावित कर सकें और मैं अपनी पार्टी का काम ना कर सकूं। ऐसा कृत्य भाजपा करते आ रही है।

जवानों के लगाए एंबुश में फंस गए लाल आतंकी

- **हेडक्वार्टर में थे 80 से ज्यादा नक्सली, रातभर इंतजार के बाद फोर्स ने सुबह बोला धावा, जंगल में मिला कम्प्यूटर, सोलर पैनल, घातक हथियार**

मुठभेड़ में 1 करोड़ का इनामी वेणु भाग निकला

इस मुठभेड़ में 1 करोड़ रुपए का इनामी और नक्सलियों के पोलित ब्यूरो का मेंबर वेणु गोपाल भी था। जब जवानों की पहले लेयर के नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। तो नक्सली अपने लीडर को पुलिस की गोली से बचते-बचाते ले गए।

रायपुर/कांकेर/नवप्रदेश। नई सरकार आते ही नक्सलियों पर कार्रवाई तेज हो गई हैं। इसी में कड़ी में मंगलवार को छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर हुई मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए हैं। यहां तक़रीबन 80 से 100 नक्सली आराम फरमा रहे थे। मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों के उपर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की ही रणनीति पर काम किया। जिसमें मुखबिर से मिली सटीक जानकारी के बाद स्झस्न और छ्त्रन्न के करीब 500 से 600 जवानों ने सोमवार की रात नक्सलियों के टेकामेटा कैंप को तीन तरफसे घेर लिया। रात भर में सटीक एंबुश लगाया गया। जहां जवान पेड़ और झाड़ियों की आड़ में पोजिशन लेकर बैठ गए। मंगलवार की सुबह उजाला होते ही कैंप पर धावा बोल दिया और फायरिंग शुरू कर दी।

मुगालते में थे नक्सली, फोर्स ने बोला धावा

रात भर में सटीक एंबुश लगाया गया। जहां जवान पेड़ और झाड़ियों की आड़ में पोजिशन लेकर बैठ गए। मंगलवार की सुबह उजाला होते ही कैंप पर धावा बोल दिया और फायरिंग शुरू कर दी। जहां जवान पेड़ और झाड़ियों की आड़ में पोजिशन लेकर बैठ गए। मंगलवार की सुबह उजाला होते ही कैंप पर धावा बोल दिया और फायरिंग शुरू कर दी। टेकामेटा कैंप को फोर्स ने तीन तरफसे घेर तो लिया था। लेकिन, नदी होने की वजह से जवान चौथी तरफ से घेर नहीं पाए। नक्सलयों ने भागने के लिए इन्हीं रास्तों का उपयोग किया।

खतरनाक हथियारों के साथ कंप्यूटर भी बरामद

करीब 6 से 7 घंटे तक चली इस मुठभेड़ में जवानों ने तीन महिलाओं समेत कुल 10 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मौके से एक AK 47, इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में विस्फोटक, कंप्यूटर, दैनिक उपयोग का सामान भी बरामद किया गया है। नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया गया या फिर यह कहा जाए कि नक्सलियों के हेडक्वॉर्टर पर फोर्स ने कब्जा जमा लिया है। मुठभेड़ रुकने के बाद मारे गए सभी नक्सलियों के शवों को जिला मुख्यालय लाया गया है।

दोहरे हत्याकांड के पांच आरोपी गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। 21 अप्रैल को ग्राम छतौद निवासी चंद्रकुमार ध्रुव अपने परिजन एवं गांव के अन्य लोगो के साथ बारात लेकर ग्राम भैसबोड़ निवासी टिकेश्वर ध्रुव के घर आये थे जो बारात को परघौनी कर डीजे एवं बाजा में बाराती एवं घाराती के लड़के लोग नाचते गाते दुल्हन के घर के तरफ जा रहे थे की दुल्हन के घर के कुछ दूर पहले चौक के पास बाराती एवं घराती के लड़को बीच नाचने गाने की बात को लेकर आपसी विवाद मारपीट होने लगे तभी मृतक रविकुमार तारक अपने पास रखे चाकू से बाराती में आये लड़के मृतक राकेश ध्रुव के सीने में मार दिया एवं हरिप्रेम निर्मलकर को पेट के पास चाकू मारकर घायल कर दिया राकेश ध्रुव एवं हरिप्रेम निर्मलकर को मारते देखकर विधि से संघर्षरत बालक एवं आरोपी नरोत्तम ध्रुव गुस्सा में आकर मृतक रविकुमार तारक को पकड़कर चैनसिंह साहू पीछे से हाथ मुक्का से मारपीट कर रहा था उसी समय आरोपी नरोत्तम ध्रुव अपने पास रखे चाकू को निकालकर मृतक रविकुमार तारक के पेट में मार कर दोनो आरोपी वहा से भाग कर बाराती गाड़ी में जाकर बैठ गये मृतक रविकुमार तारक को घायल अवस्था में ईलाज हेतु बठेना अस्पताल धमतरी ले गये जो ईलाज के दौरान मृत्यु हो गया कि शव पंचनामा कार्यवाही बाद मर्ग डायरी प्राप्त होने पर मर्ग जांच पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 302 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशन में विवेचना के दौरान चौकी बिरेझर पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों के पतासाजी के लिए लगभग 200 सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया,जिस पर आरोपियों को चिन्हांकित भी किया गया। संदेहियों से पूछताछ किया गया एवं वहां उपस्थित साक्षियों से कथन के आधार पर चाकू मारने वाले आरोपियों की पता तलाश कर पहचान कार्यवाही कराया गया है।

शादी समारोह में नाचने को लेकर हुआ था विवाद, कर दी हत्या

विधि से संघर्षरत दो बालक भी हैं हत्या में शामिल

कांग्रेस मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा बोले-

दो चरणों के बाद बीजेपी परेशान है, चेहरों में हवाइयां उड़ने लगी है

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दो चरणों को खत्म होने के बाद पवन खेड़ा ने कहा कि, बीजेपी परेशान हैं, हवाइयां उड़ गई है। कांग्रेस जनता के मुद्दे चुनाव के दोनों चरणों में उठाती रही है। भाजपा ने मटन और मंगलसूत्र का मामला चुनाव में उठाया है। आखिर पीएम नरेंद्र मोदी अपना रिपोर्ट कार्ड क्यों नहीं दिखाते हैं। एक दिन में भारत में 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है।

बीजेपी के ही नेता आरक्षण के खिलाफ

आरक्षण के मुद्दे को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि, बीजेपी के अधिकतर नेता आरक्षण के खिलाफ हैं। आखिर 400 पार सीटें बीजेपी को क्यों चाहिए। 400 पार इसलिए चाहिए कि, संविधान बदल सकें, हम तो अपने न्याय पत्र के जरिए लोगों के बीच जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री जनता के मुद्दों पर बात नहीं करते

पवन खेड़ा ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि, इस देश के प्रधानमंत्री जनता के मुद्दों पर बात करते हुए नहीं दिखाई देते हैं। खाते सीज करने, इलेक्टोरल बांड से प्रचार पर असर पड़ा है। साथ ही कहा कि, कांग्रेस को चंदा देने वालों को डराया धमकाया जा रहा है। हमारे प्रचार अभियान को बाधित करने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद भी कांग्रेस जन सहयोग से चुनाव लड़ रही है। बीजेपी डरी हुई है, इसलिए 400 पार अब नहीं कह पा रही है। पूरे देश में कांग्रेस के पक्ष में वातावरण बना है।

मतदाता जागरूकता साइकिल रैली आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिये जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता (स्वीप) अंतर्गत गुरुवार 2 मई को साइकिल व दोपहिया वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सायकल को छोड़ दो पहिया वाहन में में हेलमेट के साथ रैली में शामिल होने का आग्रह किया गया है। बिना हेलमेट शामिल ना हो। रैली सुबह 7 बजे जय स्तम्भ चौक से शुरू होगी। जो शहर के मुख्य चौक-चौराहों से गुजरेगी। प्रशासन ने सभी शहर के सभी नागरिकों से रैली में शामिल होने की अपील की है। साथ ही साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हेतु अपने स्तर से प्रयास करने का आग्रह किया हैं।